CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 10°C
सेंसेक्स 75,311.06 निफ्टी 22,795.90
सोना 88,715 चांदी 100,500

नई दिल्ली, रविवार 23 फरवरी 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2081 24 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## चीन ने कोरोना जैसा नया वायरस खोजा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बनने के हकदार हैं गिल: पोंटिंग

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## एयर इंडिया के विमान में शिवराज को मिली टूटी सीट

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एयर इंडिया के विमान में स्वयं को खराब और टूटी सीट मिलने का खुलासा करते हुए सवाल किया कि क्या ये यात्रियों के साथ धोखा नहीं है और एयर इंडिया प्रबंधन इसे सुधारने की दिशा में कदम बढ़ाएगा या जल्दी पहुंचने की यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाता रहेगा। श्री चौहान ने इस संबंध में एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि शनिवार को उन्हें भोपाल से दिल्ली आना था। इसके लिए उन्होंने एयर इंडिया की फ्लाइट क्रमांक एआई 436 में टिकट करवाया था, जिसमें उन्हें सीट क्रमांक 8सी आवंटित हुई। बैठने पर पता चला कि ये सीट टूटी और अंदर धंसी हुई थी, जिस पर बैठना तकलीफदायक था। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने विमानकर्मियों से पूछा कि खराब सीट थी, तो आवंटित क्यों की? इस पर विमानकर्मियों ने बताया कि प्रबंधन को पहले सूचित कर दिया था कि ये सीट ठीक नहीं है, इसका टिकट नहीं बेचना चाहिए। ऐसी एक नहीं और भी सीटें हैं। श्री चौहान ने कहा कि सहयात्रियों ने उन्हें सीट बदल कर अच्छी सीट पर बैठने का आग्रह किया, लेकिन किसी और को तकलीफ नहीं देने का फैसला करते हुए उन्होंने उसी सीट पर बैठकर अपनी यात्रा पूरी की।

## सम्भल बवाल: पुलिस ने 'मेटा' से मांगा डाटा

**सम्भल।** 24 नवम्बर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल में दर्ज मुकदमा संख्या 335 की चार्जशीट अभी दाखिल नहीं हुई है। इसमें पुलिस ने मेटा कंपनी से व्हाट्सएप का डाटा मांगा है। उसके बाद पुलिस चार्जशीट दाखिल करेगी। इस मुकदमे में सांसद जियाउर्रहमान बर्क और विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल नामजद आरोपी हैं। बाकी अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। यह इस पूरे बवाल में मुख्य मुकदमा माना जा रहा है। क्योंकि सांसद पर भड़काऊ भाषण देने और विधायक के बेटे पर भीड़ को उकसाने का आरोप है। पुलिस को कुछ ऐसे भी मैसेज मिले हैं, जिसमें जामा मस्जिद पर पहुंचने का आह्वान किया गया है। जामा मस्जिद पर भीड़ एकत्र करने और बवाल कराने के लिए व्हाट्सएप पर कॉल या मैसेज का इस्तेमाल करने की पुलिस को आशंका है।

## तेलंगाना में टनल हादसा, आठ मजदूर फंसे

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार सुबह एसएलबीसी (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिर गया। जिसमें 8 मजदूर फंस गए। हादसा सुरंग के एंट्री पाइंट से 14 किमी अंदर हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। चार दिन पहले ही दोबारा काम शुरू किया गया। नागरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की 2 रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई हैं।

# 182 करोड़ रुपये मेरे दोस्त पीएम मोदी को भेजे: ट्रम्प

## चार दिन में चौथी बार भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर उठाया सवाल, बांग्लादेश का भी किया जिक्र

नई दिल्ली/ वाशिंगटन, वार्ता

**अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर करने के मामले में ट्रम्प का ताजा बयान**

**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने लगातार तीसरे दिन 'वोटर टर्नआउट' के लिए कथित रूप से भारत को मिले 2.1 करोड़ डॉलर का मुद्दा उठाया है। ट्रम्प ने चार दिन में चौथी बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाया है। इस बार उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ रुपये भेजे गए हैं।

डोनाल्ड ट्रम्प का यह ताजा बयान उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि 2022 में 2.1 करोड़ डॉलर का अनुदान भारत के लिए नहीं बल्कि बांग्लादेश के लिए मंजूर किया गया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत को 'वोटर टर्नआउट' के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं, हम भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी तो मतदान बढ़ाना चाहता हूं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रम्प ने बांग्लादेश को मिले 2.9 करोड़ डॉलर अमेरिकी मदद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना। ट्रम्प ने कहा ऐसी संस्था को इतना पैसा मिला, जहां सिर्फ दो लोग काम करते हैं। वो यहां-वहां से 10-20 हजार रुपये जुटा रहे हैं और अचानक उन्हें अमेरिकी सरकार से 250 करोड़ रुपये मिल गए। मुझे लगता है कि वे दोनों अमीर बनने से बहुत खुश होंगे। जल्दी ही उनकी तस्वीर किसी बिजनेस मैगजीन में छापी जाएगी।

## भारत को दिया फंड 4000 करोड़ के अंतर्राष्ट्रीय फंड का हिस्सा था

**इन पैसों का इस्तेमाल रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाने में किया गया**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी एजेंसी उसैद की तरफ से भारत को दिया गया फंड 4000 करोड़ रुपये के अंतर्राष्ट्रीय फंड का हिस्सा था।

यह पैसा कंसोर्टियम फॉर इलेक्शंस एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग नाम की संस्था को दिया गया था। इस संस्था के तीन एनजीओ,आईएफईएस (चुनाव जागरूकता के लिए), एनडीआई (लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए) व आईआरआई (नागरिक भागीदारी बढ़ाने के लिए) हैं। सीईपीपीएस ने यह पैसा एशिया में काम करने वाले एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शन नाम के एनजीओ को दिया। वहां से भारत में आईएफईएस को मिला। इसके बाद यह पैसा मतदाता जागरूकता से जुड़े एनजीओ, सिविल सोसाइटी समूह, राजनीतिक पार्टियों को दिया गया। इनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इन पैसों का इस्तेमाल रैलियां, डोर-टू-डोर कैंपेन और वर्कशॉप चलाए गए। कुछ खास इलाकों में मतदान को बढ़ाने के लिए भी खर्च किया गया। मीडिया प्रचार और केंद्र सरकार के खिलाफ नरेटिव बढ़ाने के लिए प्रचार किया गया। वॉलंटियर्स ट्रेनिंग, रहने-खाने के साथ ट्रैवलिंग खर्च भी दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प प्रशासन की चुनौती को दिया बड़ा झटका

**डेलिंगर को पद पर बनाए रखने का दिया आदेश**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के एजेंडे पर कई कानूनी मुद्दों पर अपना पहला बयान दिया। कोर्ट ने सरकारी मुखबिरों की सुरक्षा करने वाली संघीय एजेंसी के प्रमुख, हैम्पटन डेलिंगर को अस्थायी रूप से पद पर बनाए रखने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एक अहस्ताक्षरित आदेश में कहा कि डेलिंगर कम से कम 26 फरवरी तक अपने पद पर बने रह सकते हैं, जब तक निचली अदालत का अस्थायी आदेश खत्म नहीं हो जाता। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया, जिसमें डेलिंगर को तुरंत हटाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने इस मामले को स्थगित करते हुए यह कहा कि यह आदेश कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाएगा। रूढ़िवादी न्यायाधीश नील गोरसच और सैमुअल एलिटो ने प्रशासन के पक्ष में राय दी, जबकि उदारवादी न्यायाधीश सोनिया सोटोमोर और केतनजी ब्राउन जैक्सन ने प्रशासन के अनुरोध को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी राष्ट्रपति की शक्तियों को लेकर मजबूत रुख अपनाया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तीन बयान



**ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का लगाया था आरोप**

**वाशिंगटन।** गुरुवार को ट्रम्प ने कहा था कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक यानी रिश्वतखोरी की स्कीम है, जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है। ट्रम्प ने कहा था कि मैं भारत में वोटर टर्नआउट की परवाह क्यों करूं? हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमें अपने टर्नआउट पर ध्यान देना चाहिए। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं।

बुधवार को ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि बाइडन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। इसके लिए बाइडन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपये का फंड मुहैया कराया। ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। मियामी में फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) समिट में उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (उसैद) ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपये का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ 2 हजार डॉलर (1.73 लाख रुपये) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमेरिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था। मंगलवार को मीडिया से ट्रम्प ने कहा कि हम भारत को 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। भारत दुनिया के सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है, खासतौर पर हमारे लिए। मैं भारत और उनके पीएम का सम्मान करता हूं, पर 182 करोड़ क्यों?। भारतीय चुनाव में दखल वाले ट्रम्प के बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा था कि ये जानकारी काफी परेशान करने वाली है। इससे भारतीय चुनाव में विदेश दखल को लेकर चिंता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। इस समय इस मामले में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। उम्मीद है जल्द ही हमें इस पर कोई अपडेट मिलेगा।

## ट्रम्प का कई नेताओं के साथ पॉजिटिव इतिहास नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दुनिया के कई नेताओं के साथ सकारात्मक इतिहास नहीं रहा है, मगर पीएम मोदी के मामले में बात अलग है।

दिल्ली विवि के साहित्य महोत्सव में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में उनसे मिलने के लिए आमंत्रित किए जाने वाले शुरुआती विश्व नेताओं में से एक थे। मेरे पास तुलनात्मक आकलन के रूप में कुछ संदर्भ बिंदु और कुछ अनुभव हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि मैं पूरी निष्पक्षता के साथ कहूंगा कि मुझे लगा कि यह बहुत अच्छा रहा और इसके कई कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बहुत ही मजबूत राष्ट्रवादी हैं और वे इसे एक तरह से प्रदर्शित करते हैं। ट्रम्प भी अमेरिकी राष्ट्रवादी हैं और मुझे लगता है कि कई मायनों में राष्ट्रवादी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प स्वीकार करते हैं कि मोदी भारत के लिए हैं। मोदी स्वीकार करते हैं कि ट्रम्प अमेरिका के लिए हैं।

## पीएम के प्रिंसिपल सेक्रेटरी बनाए गए शक्तिकांत दास



**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को प्रधानमंत्री मोदी का प्रिंसिपल सेक्रेटरी-2 नियुक्त किया गया है। कैबिनेट की अपाइंटमेंट कमेटी ने शनिवार को यह नियुक्ति की है। कमेटी के सेक्रेटरी मनीष सक्सेना ने नियुक्ति की जानकारी दी। शक्तिकांत दास आरबीआई गवर्नर के पद से 10 दिसम्बर को रिटायर हुए थे। 22 फरवरी को उन्हें पीएम का प्रिंसिपल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। यानी रिटायरमेंट से नियुक्ति के 75वें दिन में ही वे प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अहम पद पर पहुंच गए। फिलहाल पीके मिश्रा प्रधानमंत्री मोदी के प्रिंसिपल सेक्रेटरी के नंबर वन पॉजिशन पर हैं। शक्तिकांत दास नंबर 2 होंगे। दास तमिलनाडु कैडर के 1980 बैच के आईएएस अधिकारी रह चुके हैं। वहीं मिश्रा गुजरात कैडर के रिटायर अधिकारी हैं।

## यूसीसी को लेकर भ्रामक प्रचार पर होगी कार्रवाई

### गलत तथ्यों के प्रचार पर स्पष्टीकरण एवं कानूनी चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **सोशल मीडिया में भ्रमित सूचनाओं पर गृह विभाग ने चेताया**
- **यूसीसी में विवाह पंजीकरण निवास प्रमाण-पत्र का आधार नहीं**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लागू यूसीसी यानी समान नागरिक संहिता के प्रावधानों या नियमों को लेकर यदि किसी भी प्रकार से किसी व्यक्ति या संगठन ने तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हुए भ्रामक जानकारी फैलाई, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर गृह विभाग ने चेतावनी जारी की है।

गृह विभाग ने जारी अपने नोट में कहा है कि संज्ञान में आया है कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कुछ प्रावधानों को लेकर कुछ व्यक्तियों द्वारा भ्रामक और गलत जानकारी फैलाई जा रही है, जैसे कि उत्तराखंड में यूसीसी में विवाह पंजीकरण कराने से बाहरी लोगों को राज्य का निवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल) मिल जाएगा। यह गलत और भ्रामक तथ्य है। यूसीसी के तहत विवाह या अन्य पंजीकरण का राज्य के निवास प्रमाणपत्र (डोमिसाइल) से कोई संबंध नहीं है और न ही किसी व्यक्ति को विवाह या अन्य पंजीकरण के आधार पर उत्तराखंड का निवास प्रमाणपत्र प्रदान किए जाने का समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में कोई प्रावधान है। गृह विभाग ने कहा है कि यूसीसी को लेकर अफवाह फैलाना, भ्रामक या झूठी जानकारी प्रसारित करना एक कानूनी अपराध है, ऐसा कोई व्यक्ति या समूह जो भ्रामक सूचना प्रचारित-प्रसारित करेगा उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें और किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें। यदि किसी को यूसीसी से संबंधित किसी भी प्रावधान पर संदेह या स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, तो वे गृह विभाग, उत्तराखंड सरकार से आधिकारिक माध्यमों पर संपर्क कर सकते हैं।

## थरूर ने राहुल से पूछा कांग्रेस में मेरा क्या रोल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के सीनियर लीडर और केरल के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने पार्टी नेतृत्व से अपनी भूमिका स्पष्ट करने की मांग की है। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कांग्रेस में मेरा क्या रोल है। शशि थरूर ने 18 फरवरी को दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने पार्टी में किनारे किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें संसद के महत्वपूर्ण बहसों में बोलने का मौका नहीं मिलता और पार्टी में उन्हें इग्नोर किया जा रहा है। थरूर ने कहा कि वह पार्टी में अपनी स्थिति को लेकर असमंजस में हैं और चाहते हैं कि राहुल गांधी उन्हें उनकी भूमिका के बारे में स्पष्ट रूप से बताएं। थरूर ने कहा कि राहुल गांधी ने शिकायतों का कोई समाधान नहीं किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने थरूर की शिकायतों का कोई खास जवाब नहीं दिया और न ही उनकी कोई गंभीर समस्याओं को सुलझाया। थरूर को यह महसूस हुआ कि राहुल गांधी इस मामले में कोई भी खास वादा करने को तैयार नहीं थे।

## कैग रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: जंगल का पैसा आईफोन व कूलर पर खर्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

1. **सरकार की अनुमति के बिना 607 करोड़ के खर्च की अनियमितता: कैग रिपोर्ट**
2. **प्रतिपूरक वनरोपण के अलावा 13.86 करोड़ अन्य खर्चों के लिए डायवर्ट**
3. **बजट सत्र में पेश कैग रिपोर्ट को लोक लेखा समिति को भेजा गया**

**देहरादून।** कैग की रिपोर्ट में जंगलों के संरक्षण के लिए रखे गए 13.86 करोड़ रुपये को आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज और अन्य सामानों पर खर्च करने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा केंद्रीय ऑडिटर कैग की रिपोर्ट से हुआ है। कैग ने कंपनसेटरी अफॉरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (कैंपा) के 2019-2022 के कार्यों पर एक रिपोर्ट तैयार किया है, उसी में यह सब सामने आया है।

इसमें सामने आया है कि उत्तराखंड के जंगलों में जिन पैसों से जंगलों में पेड़ लगाने थे, उन्हें अनधिकृत गतिविधियों में डायवर्ट किया गया। इन एक्टिविटीज में उत्तराखंड की हरेला स्कीम, टाइगर सफारी कार्य, बिल्डिंग का नवीनीकरण, सरकारी यात्राओं पर खर्च, कोर्ट केस और गैजेट्स और स्टेशनरी की खरीद शामिल हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाले कैंपा के निर्देशों के तहत पैसा जारी होने के एक से दो साल के भीतर पेड़ लगा दिए जाने चाहिए। हालांकि कैग की रिपोर्ट में सामने आया कि 37 मामलों में ऐसा करने में आठ साल से अधिक का समय लग गया। कैग की रिपोर्ट उत्तराखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान पेश की गई। इसमें सामने आया कि वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड ने बिना सरकार की मंजूरी के 607 करोड़ रुपये खर्च कर डाले। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सोशल मीडिया: अश्लील कंटेंट पर कसेगा शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रणवीर इलाहाबादिया के भौंडे कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों से जागी केंद्र सरकार**

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया के भौंडे कंटेंट पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों से जागी केंद्र सरकार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने की तैयारी में है। इस कोड का पालन 5 से 50 लाख वाले फॉलोअर्स वाले इंफ्लूएंसर्स को करना होगा, ताकि भविष्य में इंडियाज गॉट लेटेंट जैसे शो से देशभर में लोगों की भावनाएं आहत न हों।

साथ ही इंफ्लूएंसर्स को कंटेंट की रेटिंग भी देना अनिवार्य होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ओटीटी के कंटेंट को लेकर सरकार विभिन्न स्तरों पर कदम उठा रही है। बच्चों को अश्लील-अभद्र कंटेंट से दूर रखने के नियम का मसौदा, ओटीटी प्लेटफॉर्मों के स्व-नियामक निकायों के लिए एडवाइजरी और डिजिटल इंडिया विधेयक का मसौदा तैयार करने पर काम चल रहा है। इस बीच सामने आए इंडियाज गॉट लेटेंट के विवाद ने सोशल मीडिया की एक और बदसूरत तस्वीर देश की जनता के सामने पेश की है, जिसके मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में इलाहाबादिया की याचिका पर सुनवाई के दौरान तीखी आलोचना की। साथ ही केंद्र सरकार से विशेष तौर पर पूछा कि भौंडे कंटेंट पर लगाम कसने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। इसकी जानकारी अगली सुनवाई में अदालत को दी जाए। सरकार जवाब की तैयारी की दिशा में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट लाने के लिए कमर कस चुकी है, ताकि इस पहल से इंफ्लूएंसर्स सार्वजनिक किए जाने वाले कंटेंट से भौंडेपन, अश्लीलता, अभद्रता और गाली-गलौज को दूर रखें या फिर कंटेंट को रेटिंग देकर यह स्पष्ट कर दें कि पोस्ट या पब्लिश कंटेंट का स्तर क्या है। सूत्रों के मुताबिक कोड ऑफ कंडक्ट में रेटिंग एक से पांच तक रखी जा सकती है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के लिए कोड ऑफ कंडक्ट जारी करेगा।





# एसपी को दो सौ मीटर घसीटने के मामले में आया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपाहियों सहित चार अभियुक्त दोषी करार**

**बरेली।** वर्ष 2010 में एसपी यातायात रहीं कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपा. हियों सहित चार अभियुक्तों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषी करार दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसके बाद चारों दोषियों को जेल भेज दिया गया है। सजा पर सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

आईपीएस कल्पना वर्तमान में गाजियाबाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हैं। घटना दो सितम्बर 2010 को कैंट थाना क्षेत्र में बरेली-शाहज. हांपुर रोड स्थित मजार के पास हुई थी। एसपी यातायात ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे यातायात पुलिसकर्मियों को पकड़ने पहुंची थीं। तब सिपाही रविंद्र, रावेंद्र, मनोज और एक अन्य शख्स धर्मेंद्र ने कार से कुचलकर उनकी जान लेने की को. शिश की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। आरोपपत्र दाखिल किया। कोर्ट में 14 गवाह और 22 साक्ष्य पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने चारों को दोषी करार दिया है। अवैध वसूली कर रहे तीन पुलिसकर्मियों और एक अन्य शख्स ने अपनी कार से एसपी कल्पना को दो सौ मीटर तक घसीटा था। इस दौरान वे उनके सिर पर वार करते रहे। धमकाते रहे कि आज तेरा आखिरी दिन है। अब जो दूसरा आएगा, उसकी दखल देने की हिम्मत नहीं होगी। इस घटना को लेकर अन्य विभागों में तैनात लोकसेवकों में भय व्याप्त हो गया था। देशभर में अधिकारियों के बीच इसकी चर्चा रही थी। शहर में तैनात अन्य अधिकारियों का भी अधीनस्थों से भरोसा उठने लगा था। आईपीएस कल्पना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक दो सितम्बर 2010 को वह चालक कांस्टेबल संजय सिंह, हमराह सिपाही ऋषिपाल व जीत सिंह के साथ चौकी चौराहे पर ड्यूटी पर थीं। कैंट क्षेत्र में मजार के पास हाईवे पर यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक रोककर अवैध वसूली की सूचना मिली, तो वह मौके पर पहुंचीं। वहां फरीदपुर की तरफ से आने वाले कुछ ट्रक सड़क किनारे खड़े थे।

# ट्रम्प के बयान पर श्वेतपत्र पर जवाब दे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



- अमेरिकी राष्ट्रपति के ब्यान को लेकर पार्टी ने प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी की
- संशोधन विधेयक अधिवक्ताओं के अधिकारों पर होगा हमला: युवा कांग्रेस

कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अनुसार यूएसएड से 21 मिलियन डॉलर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले हैं, तो अब मोदी की जिम्मेदारी है कि वह ट्रम्प के बयान पर देश को जवाब दें।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने कह दिया है कि पैसा मोदी को गया है, तो मुद्दे को भटकाने की बजाय इस राशि का पाई-पाई हिसाब श्वेत पत्र के माध्यम से देश को देना चाहिए। उन्होंने ट्रम्प का बयान सुनते हुए दावा किया है कि 21 मिलियन डॉलर मोदी को चुनाव प्रभावित करने के लिए दिए गए हैं। खेड़ा ने कहा कि ट्रम्प के इस बयान के बाद आज भाजपा में चारों तरफ चुप्पी है, लेकिन हम मोदी से जानना चाहते हैं कि ये पैसा कहां गया। ट्रम्प के बयान से साफ है कि 21 मिलियन डॉलर यानी करीब 181 करोड़ रुपए मोदी को दिया गया है। यह फंड चुनावों को प्रभावित करने और वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए। हम लगातार वोटर टर्नआउट के बारे में सरकार से सवाल कर रहे हैं और अब पूछ रहे हैं कि क्या इसी पैसे से वोटर टर्न आउट बढ़ रहा है। कितना भी विदेशी फंड आए वह भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर पाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 से 2024 तक भारत को 2.1 अरब डॉलर मिले हैं। इस राशि का 44.4 प्रतिशत मोदी सरकार बनने के बाद आया है और 40 प्रतिशत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय आया गया था इसलिए इस मामले में श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए कि भारत में अमेरिका से कब और कितना पैसा आया और किस-किसको यह पैसा गया इस पूरे विवरण के साथ श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए। इस श्वेत पत्र में कोविड तथा नोटबंदी के समय भी जो पैसा आया है, उसका पूरा हिसाब सबके सामने आए इसलिए हम सरकार से यूएसएड को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं। वहीं युवा कांग्रेस लीगल सेल ने शनिवार को कहा कि सरकार संसद में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2025 ला रही है, जिसके कुछ प्रावधान अधिवक्ताओं की स्वायत्तता, अधिकारों और गरिमा के लिए गंभीर खतरा है।

## मोदी को ट्रम्प से बात करनी चाहिए: सैलजा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवैध प्रवासी भारतीयों को कोस्टारिका को सौंपने की घोषणा के बाद चुप्पी तोड़नी चाहिए और राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करनी चाहिए। सैलजा ने कहा कि पहले तो भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों में बांधकर स्वदेश भेजकर अपमानित किया और अमेरिका अब भारतीयों को सीधे भारत भेजने के बजाय कोस्टारिका को सौंपेगा, पता नहीं कोस्टारिका अब उनके साथ क्या सलूक करेगा। इसलिए अब मोदी को ट्रम्प से बात कर पता करना चाहिए कि आखिर ट्रम्प के मन में भारत को लेकर क्या चल रहा है। पनामा ग्वाटेमाला के नक्शेकदम पर चलते हुए, कोस्टारिका ने भी घोषणा की कि वह अमेरिका से निकाले जाने वाले अवैध प्रवासियों को अपने देश में लाने के लिए तैयार है, जो अन्य देशों के नागरिक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवगठित दिल्ली विस का पहला सत्र सोमवार से

**नई दिल्ली।** नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा, जिसमें विधायकों के शपथ के साथ लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। विधानसभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हो सकते हैं। पिछली विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष थे। विजेंद्र गुप्ता ने कल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात के बाद एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा सत्र के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी को विधानसभा के पटल पर कैग की रिपोर्ट्स प्रस्तुत की जाएगी।

### सज्जन 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में 'बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड' सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिंदल को यह पुरस्कार शनिवार को यहां आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 3.9 करोड़ टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

आपके व्यापार को दे मजबूत आधार शाह टाइम्स का बाजार

## पूरी तरह से डिस्पोजेबल बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स बनेंगे

# देश के प्रथम बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास

लखीमपुर खीरी, वार्ता



- तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगी डिस्पोजेबल वस्तुएं: योगी
- दुनिया महाकुम्भ में भागीदार बनने को उत्साहित: सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को यहां कुंभी चीनी मिल परिसर में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड द्वारा 2850 करोड़ रुपए की लागत से देश के पहले बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास किया।

योगी ने कहा कि सरकार ने देश के पहले बायोप्लास्टिक प्लांट का जो एमओयू किया था, उसे आज जमीनी धरातल पर उतारा गया है। यह अपनी तरह का देश का पहला निवेश है। यहां बनने वाली बोतल, प्लेट, कप और कैरी बैग्स पूरी तरह से डिस्पोजेबल होंगे और महज तीन महीने में खुद ही मिट्टी में मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के महाकुम्भ में भागीदार बनने के लिए उत्साहित है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी से 22 फरवरी तक अब तक 60 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां से गोला गोकर्णनाथ और फिर प्रयागराज जाऊंगा, लेकिन कुंभी में ही मुझे महाकुंभ दिख गया। यह निवेश का महाकुंभ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2850 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह संयंत्र भारत का पहला इंटीग्रेटेड यूनिट होगा। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। यूपी सरकार यहां के युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के लिए प्लांट के साथ एमओयू करेगी, जिससे पढ़ाई कर रहे छात्र सीधे रोजगार से जुड़ सकें। योगी ने पर्यावरण संकट पर लचता जताते हुए कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण असमय बारिश और सूखे जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक को अपनाकर नदियों और नहरों को सुरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। यूपी में 45 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव आया है। अब तक 15 लाख करोड़ का निवेश हो चुका है और 3 से 5 लाख करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। इससे 7 से 8 लाख युवाओं को नौकरी भी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि संयंत्र पाली लैक्टिक एसिड (पीएलए) आधारित बायोप्लास्टिक का उत्पादन करेगा, जिससे पर्यावरण- अनुकूल उत्पाद जैसे डिस्पोजेबल बोतलें, खाद्य ट्रे, कटलरी, आइसक्रीम कप और कैरी बैग बनाए जाएंगे। इस प्लास्टिक की विशेषता यह होगी कि यह 3 से 6 महीनों में स्वयं ही मिट्टी में घुलकर नष्ट हो जाएगा, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र शून्य-तरल अपशिष्ट के सिद्धांत पर भी काम करेगा, जिससे कोई भी हानिकारक अपशिष्ट नदियों या नालों में नहीं बहेगा। इसके साथ ही, इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और चीनी उद्योग में नई संभावनाएं खुलेंगी। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड से संयंत्र को आईटीआई, पॉलिटेक्निक और स्थानीय महाविद्यालयों से जोड़ने के लिए कहा, जिससे यहां के युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह संयंत्र पर्यावरण संरक्षण, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री संजय सिंह गंग. वार, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चीनी उद्योग वीणा कुमार मीना आदि उपस्थित थे।

## लखीमपुर अब पिछड़ा जिला नहीं रहा

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी जिले के राजेंद्र गिरी मेमोरियल स्टेडियम में 1,622 करोड़ रुपए की 373 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब लखीमपुर पिछड़ा जिला नहीं रहा। योगी ने 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का भी शुभारंभ किया और घोषणा की कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा नहीं रहा। इसकी उपजाऊ भूमि अब सोना उगल रही है। उन्होंने स्वतंत्रता के समय लखीमपुर खीरी के पिछड़ेपन को याद किया, जो मलेरिया और दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बावजूद खराब पहुंच से ग्रस्त था। उन्होंने कहा कि अब, पलिया में एक हवाई पट्टी एक पूर्ण हवाई अड्डा बनने के लिए तैयार है और बाढ़ की रोकथाम के उपाय किए जा रहे हैं। अपनी उपजाऊ भूमि से 'सोना' उगलने के साथ, लखीमपुर खीरी परिवर्तन की राह पर है। लखीमपुर खीरी पिछड़े जिले का दंश पीछे छोड़कर आगे बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि इस जिले में करीब 4,500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया गया है। इनमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा स्थापित देश का पहला बायो-प्लास्टिक निर्माण (पीएलए) प्लांट शामिल है।

# अखिलेश ने किया भाजपा पर तीखा प्रहार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सपा प्रमुख बोले-जो सफल नहीं होते, वे लक्ष्य की समय सीमा बदलते हैं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को राज्य की अर्थव्यवस्था को भाजपा सरकार पर हमला बोला है। सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार के साल 2029 तक एक हजार अरब डॉलर बनाने के सरकार के दावे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने कार्य में सफल नहीं हो पाते, वे लक्ष्य की समय-सीमा बदलने का प्रयास करते हैं।

अखिलेश यादव ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि जो अपने काम में फेल होते हैं, वे लक्ष्य की समय-सीमा बदल देते हैं, लेकिन इससे प्रदेश और देश का भविष्य इससे नहीं बदलता है। भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि 2021 में भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि साल 2024 तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर (एक हजार अरब डॉलर) तक पहुंच जाएगी और अब वे कह रहे हैं कि यह 2024 तक नहीं हुआ है, यह 2029 तक यह संभव हो पाएगा। जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं। 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उप्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी और अब 2025 में कह रहे हैं, 2029 में उप्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि जनता को न तो भाजपा की पिछली बातों पर भरोसा हुआ था और न ही इनके आगामी दावे पर भरोसा कर रही है। भाजपा अब पूरी तरह से झूठ का पर्याय बन चुकी है। राज्य की जनता कह रही है कि आज राज्य को बदलाव चाहिए, भाजपा सरकार अब नहीं चाहिए। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर दावा किया था।

# स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: पंकज सिंह

नई दिल्ली, वार्ता



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि सरकार के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता का क्षेत्र है, इसलिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सिंह और सांसद कमलजीत सहरावत ने शनिवार को राव तुला राम मेमोरियल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सिंह ने कहा कि सरकार के लिए स्वास्थ्य प्राथमिकता का क्षेत्र है। इसलिए लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राव तुला राम अस्पताल में दिल्ली के हजारों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़भाड़ को मैनेज करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि मरीजों और उनके परि. जनों को परेशानी न झेलनी पड़ी। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन से अस्पताल की अव्यवस्थाओं को दूर करके इसे बेहतर अस्पताल बनाने के लिए निर्देशित किया है।

स्वास्थ्य मंत्री ने तीन महीने के भीतर सभी कमियों को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही बन रहे राव तुलाराम मेमो. रियल अस्पताल के नए ब्लॉक बिल्डिंग को जल्द बनाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और ओपीडी में इलाज करा रहे लोगों से मुलाकात की। उनसे इलाज के साथ ही सुविधाओं के बारे में बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिले। साथ ही अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार दिल्ली के सभी लोगों तक गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचने की दिशा में लगातार काम करेगी। दिल्ली के स्वास्थ्य ढांचे को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए अस्पतालों का कायाकल्प किया जाएगा। हमारा उद्देश्य दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को बेहतरीन अस्पतालों में से एक बनाना है। दिल्ली के अस्पतालों में ट्रीटमेंट फेसिलिटी को और सुगम बनाया जाएगा। साथ ही मौजूदा अस्पतालों में जरूरी बदलाव करके उन्हें और भी बेहतर बनाया जाएगा। इस अवसर पर कमलजीत सहरावत ने कहा कि हम जनता को विश्वसनीय और बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

## महाशिवरात्रि के पहले भारी भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए तैयारियां तेज

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ का दिव्य, भव्य आयोजन अब अपने आखिरी पड़ाव 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व की ओर अग्रसर है, जिसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। जिलाधिकारी रवीन्द्र मांदड़ ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु देश-दुनिया से आकर पुण्य की डुबकी लगाएंगे, ऐसे में उनकी यह यात्रा सुखद रहे इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तमाम तरीके के प्रयास किए जा रहे हैं। आखिरी स्नान पर्व को देखते हुए इन प्रयासों में तेजी लाई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने खुद मोर्चा संभालते हुए ग्राउंड जीरो पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। रवीन्द्र मांदड़ के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑन फील्ड रहकर मॉनिटर कर रहे हैं। उनके अनुसार हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं के फीडबैक के अनुसार उस पर काम करके श्रद्धालुओं को लाभ पहुंचाया जाए।

# दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव कायम रहा

नई दिल्ली, वार्ता



स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अनाज मंडी में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। मसूर दाल, चना, दाल चना, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़:** चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

### मणिपुर में उग्रवादी संगठनों के आठ सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई जिलों में तलाशी अभियान के दौरान दो उग्रवादी संगठनों के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया और दो राइफलों और पांच अत्याधुनिक विस्फोटक उपकरण समेत सात हथियार बरामद किए है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**कैग की रिपोर्ट...**

कैग रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि कैंपा योजना के करीब 14 करोड़ रुपये लैपटॉप, आईफोन, फ्रिज, कूलर, रिनोवेशन केस और कोर्ट केसेस पर खर्च किए गए।2019-2022 की अवधि में प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) के कामकाज पर बनाई गई कैग रिपोर्ट से पता चला है कि 13.86 करोड़ रुपये प्रतिपूरक वनरोपण के अलावा विभिन्न गतिविधियों के लिए डायवर्ट किए गए थे। जिसके तहत नॉन फॉरेस्ट पर्पस (प्रयोजन), जैसे उद्योग या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए उपयोग की जाने वाली वन भूमि पर अनिवार्य रूप से भूमि के कम से कम समान क्षेत्र पर वनरोपण की कोशिश की जाती है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि 37 मामलों में, फाइनल क्लीयरेंस मिलने के आठ साल से ज्यादा समय बाद प्रतिपूरक वनरोपण किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप प्रतिपूरक वनरोपण बढ़ाने में 11.54 करोड़ रुपये की लागत बढ़ गई। रिपोर्ट में लगाए गए पेड़ों की लो सर्वाइवल की बात भी कही गई, जो 33.51 प्रतिशत है। वहीं वन अनुसंधान संस्थान के अनुसार यह अनिवार्य 60.65 फीसदी से काफी कम है।

# मोदी सोमवार को भागलपुर से जारी करेंगे पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त



- दो हजार प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपये का मिलता है प्रत्यक्ष लाभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार में भागलपुर में एक कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 19वीं किस्त जारी करेंगे जिसमें किसानों को 2000 रुपए प्रति किस्त के हिसाब से साल में छह हजार रुपए का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) किया जाता है।

शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय इसके लिए केंद्रीय पशुपालन और डेयरी विभाग (एएचएंडडी), रेल मंत्रालय और बिहार सरकार के समन्वय से वहां उस दिन एक 'किसान सम्मान समारोह' का आयोजन करेगा, जिसमें प्रधानमंत्री पीएम-किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। मोदी रविवार से मध्य प्रदेश, बिहार और असम के तीन दिन के दौरे पर होंगे। कृषि एवं किसान मंत्रालय के अनुसार 19वीं किस्त जारी होने से देश भर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे और उनके खातों में 22,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंचाई जाएगी। पीएम-किसान योजना, 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई थी। अब तक देश के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 18 किस्तों के माध्यम से 3.46 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। 19वीं किस्त जारी होने के साथ ही किसानों के खातों में कुल 3.68 लाख करोड़ रुपए पहुंच जाएंगे। मंत्रालय विज्ञप्ति में कृषि एवं किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से कहा गया है कि किसानों का कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने बताया है कि अकेले बिहार के किसानों को पिछली किस्तों के माध्यम से 25,497 करोड़ रुपए से अधिक प्राप्त हुए हैं, जिससे राज्य के 86.56 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। 19वीं किस्त में बिहार के लगभग 76.37 लाख किसानों को 1,591 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ मिलेगा जिससे प्रदेश में लाभार्थियों को हस्तांतरित कुल लाभ राशि लगभग 27,088 करोड़ रुपए हो जाएगी। अकेले भागलपुर में, अब तक पीएम किसान की 18 किस्तों के तहत लगभग 2.82 लाख लाभार्थियों को 813.87 करोड़ रुपए से अधिक हस्तांतरित किए गए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

# सुल्तानपुरी में लगी भीषण आग दर्जन भर दुकानें जलकर खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी स्थित जगदंबा मार्केट में शुक्रवार की देर रात अचानक एक फल की दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग पास के ही अन्य दुकानों त फैल गई। इस आग से यहां अस्थाई रूप से बने दर्जन भर दुकानें जलकर राख हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की आठ गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इससे पहले भी यहां दुकानों में आग लग चुकी है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस दुकानदारों व अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी मिली। एक के बाद एक यहां आठ दमकल की गाड़ियां भेजी गई। दमकल कर्मचारियों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में आग की सूचना मिलते ही अफरातफरी का माहौल हो गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकानों से आग की लपटे उठने लगी। इन दुकानों में रखे लाखों रुपये के फल भी आग की चपेट में आने से खराब हो गए। इस आगजनी में किसी भी व्यक्ति के हताहत होने की जानकारी नहीं है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि आग के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से भी पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन दुकानों में आग कैसे लगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। दुकानदारों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते तीन वर्ष में चार बार यहां आग लग चुकी है। हर बार उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है।

# अधिकारी को पांच दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, 45 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पढ़े-लिखे लोग साइबर अपराधियों का शिकार बन रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मयूर विहार एक्सटेंशन से सामने आया है। शिक्षा विभाग में कार्यरत एक अधिकारी को साइबर अपराधी ने सीबीआई अधिकारी बनकर पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। संपत्तियों का लेखाजोखा सरकार से छिपाने का डर दिखाकर धमकाया। फिर जांच के नाम पर ४४.५० लाख रुपये बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

आश्वासन दिया कि स्क्रूटनी के बाद राशि लौटा दी जाएगी, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो पीड़ित को अहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है। इस बाबत उनकी शिकायत पर पूर्वी जिले के साइबर पुलिस थाने में बृहस्पतिवार को प्राथमिकी पंजीकृत की गई। पुलिस सूत्रों की मानें, तो शुरुआती जांच में सामने आया है कि ठग ने कंबोडिया से कॉल की थी। पीड़ित मयूर विहार एक्सटेंशन की एक सोसायटी में रहते हैं। वह दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। एफआईआर के मुताबिक, १० जनवरी को उनको वाट्सएप काल आई। उसमें एक व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए बातचीत शुरू की।

उसने पीड़ित पर आरोप लगाया कि उन्होंने सरकारी अधिकारी होते हुए अपनी संपत्तियों का ब्योरा सरकार से साझा नहीं किया है। इन्हीं बातों में उलझाकर उनको कार्रवाई का डर दिखाया और धमकाया। १४ जनवरी तक उनको डिजिटल अरेस्ट रखा। बातें करते-करते ठग ने उनसे उगलवा लिया कि उनके पास कितना पैसा है। यह उनके सार्वजनिक करते ही ठग ने जांच के नाम पर उनसे सारे पैसे उसके बताए खातों में ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। साथ ही कहा कि इतना पैसा किस माध्यम से आया, यह जांच करने के बाद पूरी रकम २४ घंटे में वापस की जाएगी। पीड़ित ने डर से अपनी एफडी से रकम निकाल कर पत्नी के साथ चल रहे संयुक्त बचत खाते में ली। फिर उस खाते से तीन ट्रांजेक्शन में ४४.५० लाख रुपये दिनेश सिंह व इमरान अली के खाते में ट्रांसफर कर दिए। १९ जनवरी तक जब रकम वापस नहीं आई, तो पीड़ित को अहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है। फिर पुलिस से शिकायत की।



दिल्ली पुलिस अकादमी, झरोड़ा कलां में दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विशेष पुलिस आयुक्त विवेक गोगिया प्रशिक्षुओं को उनकी ट्रेनिंग पूरी करने पर सम्मानित करते हुए।

# सड़क पार कर रही महिला को कुचला, आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुब्रतो पार्क पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने २१ फरवरी को सड़क पार कर रही महिला को कुचल कर भागे एक कार चालक को गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी कार चालक ने २० फरवरी को धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के सामने एक महिला को कुचल दिया था। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। अस्पताल में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से गाड़ी का नम्बर लेकर आरोपी को ट्रेक किया और गाजियाबाद में उसे दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि २० फरवरी को धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के सामने सड़क दुर्घटना की सूचना मिली। एसआई अजीत सिंह अपनी टीम एसआई पूरन मल और कांस्टेबल गजानंद मीणा के साथ मौके पर पहुंचे और महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया।

महिला के पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके।पुलिस की एक टीम को महिला की पहचान के लिए लगाया गया।जबकि दूसरी टीम ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान का किया शुरू किया। पुलिस टीम ने धौला कुआं से लेकर दिल्ली कैंट इलाके में लगे सभी कैमरें की फुटेज जब्त कर उसका विश्लेषण शुरू किया।

# दिल्ली को दुनिया का नॉलेज हब बनाने का लें संकल्प: धर्मेंद्र प्रधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के १०१ वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि आने वाले दिनों में दिल्ली को दुनिया का नॉलेज हब बनाने का संकल्प लें। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय को इसका नेतृत्व लेने का भी आह्वान किया। इस दौरान धर्मेन्द्र प्रधान ने अपने हाथों से टैब पर क्लिक करके १६६४९४ विद्यार्थियों को डिजिटल डिग्री प्रदान की। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने १० प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने हाथों से मेडल प्रदान किए। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को कहा कि परिश्रम असंभव लगने वाले कार्यों को भी संभव बना देता है। शिक्षा मंत्री ने अपने दीक्षांत भाषण में कहा कि देश का कोई जिला या गाँव नहीं होगा जहां डीयू के फूट प्रिंट न पहुंचे हों। डीयू केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि लघु भारत है। यहां प्रत्यक्ष और ओपन लर्निंग मोड में करीब ७ लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहां दुनिया के ८५ देशों के विद्यार्थी भी पढ़ते हैं। धर्मेंद्र प्रधान ने नव ग्रेजुएट विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपकी नई जिंदगी की शुरुआत हो रही है। उन्होंने कहा कि शायद डीयू के विद्यार्थियों में से ही देश का नया प्रधानमंत्री निकल सकता है। उन्होंने डीयू की पूर्व विद्यार्थी रेखा गुप्ता के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि यह डीयू के लिए गौरव का क्षण है।

# दिल्ली पुलिस प्रशिक्षुओं के दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अकादमी, झरोड़ा कलान में २,१७२ प्रशिक्षुओं का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि विशेष पुलिस आयुक्त (स्पेशल सेल) विवेक गोगिया ने प्रशिक्षुओं को उनकी ट्रेनिंग पूरी करने पर बधाई दी और उन्हें अपने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कानून प्रवर्तन में नैतिकता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीक के उपयोग की महत्ता पर बल देने के साथ साथ प्रशिक्षुओं को अपनी सेवा में उच्च नैतिक मानकों और ईमानदारी को बनाए रखें पर जोर दिया। इस पासिंग आउट परेड मे तीन दानिप्स प्रोबेशनर अफसर, दिल्ली पुलिस के २६ पीएसआईएस (२५ पुरुष और ०१ महिला), चंडीगढ़ पुलिस के ०१ एएसआई I, दिल्ली पुलिस के ३४ रिक्रूट कांस्टेबल (ड्राइवर कैडर) और २१०८ रिक्रूट कांस्टेबल (एग्जीक्यूटिव कैडर, १०८९ पुरुष और १०१९ महिलाएं) शामिल थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को पुलिस प्रक्रियाओं, आपराधिक कानून, अपराधशास्त्र, साइबर अपराध, जांच तकनीक और फोरेंसिक साइंस में शिक्षा दी गई। उन्हें नए आपराधिक कानूनों पर विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

इसके अलावा प्रशिक्षुओं को निहत्थे युद्ध, मिश्रित मार्शल आर्ट्स, फायरिंग, व आतंकवाद विरोधी उपायों का प्रशिक्षण दिया गया है । शारीरिक फिटनेस के लिए खेल, योग और जिम एक्सरसाइज भी प्रशिक्षण का एक भाग रहे हैं।

# 31 मार्च तक शनिवार को भी खुलेंगे निगम के सभी संपत्ति कर कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के सभी संपत्ति कर कार्यालय जोनल व मुख्यालय स्तर पर करदाताओं की सुविधा हेतु 31 मार्च तक सभी शनिवारों को सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक खुले रहेंगे। ताकि सभी संपत्ति करदाता अपना संपत्ति कर का भुगतान समय पर कर सके। दिल्ली नगर निगम ने करदाताओं की सहायता के लिए संपत्ति कर कार्यालयों में पर्याप्त व्यवस्था की है। सभी संपत्ति करदाताओं को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने संपत्ति कर का भुगतान 31 मार्च को या उससे पहले करें।

## तमन्ना भाटिया ने लॉन्च किया 'ओडेला 2' का टीजर



**नई दिल्ली।** तमन्ना भाटिया की अगली बड़ी फिल्म 'ओडेला २' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है। जब से तमन्ना ने इस प्रोजेक्ट की घोषणा की थी, तभी से प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कुछ समय पहले, उन्होंने फिल्म का पोस्टर रिलीज किया था, जिसमें उनका नागा साधु लुक देखने को मिला था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया था कि फिल्म का टीजर 22 फरवरी को महाकुंभ मेले में लॉन्च किया जाएगा। आज तमन्ना ने इस वादे को पूरा करते हुए महाकुंभ मेले में 'ओडेला २' का भव्य टीजर रिलीज किया।




दिल्ली विश्वविद्यालय के 101वें दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विद्यार्थी को पीएचडी की डिग्री प्रदान करते हुए।

# डीयू के दीक्षांत समारोह में 623 को मिली पीएचडी की डिग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के 101वें दीक्षांत समारोह में ३१६ पुरुष और ३०७ महिला विद्यार्थियों को मिलाकर कुल ६२३ विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। इनके अलावा डीयू के रेगुलर विद्यार्थियों और एनसीडबल्यूईबी के विद्यार्थियों को मिलाकर कुल ८३९०२ विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई जिनमें से ७७२२७ स्नातक, ६६४६ स्नातकोत्तर और २९ पांच वर्षीय प्रोग्रामों के विद्यार्थी शामिल हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल १९४ गोल्ड एवं सिल्वर मेडल तथा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल १५९ गोल्ड मेडल एवं एक सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। इसी तरह यूजी और पीजी के विद्यार्थियों को कुल ३४ पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इनके अलावा एसओएल के ८२५९२ विद्यार्थियों को भी डिग्रियां प्रदान की गई जिनमें से ७९७४२ स्नातक और २८५० स्नातकोत्तर के विद्यार्थी हैं।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने मंच से १० विद्यार्थियों को अपने हाथों से मैडल और पुरस्कार प्रदान किए। इनमें राज. कुमारी अमृत कौर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की तापसी मण्डल को एमएससी नर्सिंग के लिए द प्रेसीडेंट्स गोल्ड मेडल तथा होली फैमिली कॉलेज ऑफ नर्सिंग की अंजलि शुक्ल को बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग के लिए द प्रेसीडेंट्स सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। आर्ट्स स्ट्रीम में सेंट स्टीफन कॉलेज के धर्मेंद्र कुमार को वाइस चांसलर्स गोल्ड मेडल (फिजिकल चेलेंजड़ स्टूडेंट), कॉमर्स स्ट्रीम में दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज की मुस्कान शर्मा को वाइस चांसलर्स गोल्ड मेडल (फिजिकल चेलेंजड़ स्टूडेंट) और साइंस स्ट्रीम में हिन्दू कॉलेज के अंशुल तंवर को वाइस चांसलर्स गोल्ड मेडल (फिजिकल चेलेंजड़ स्टूडेंट) प्रदान किए गए। इनके अलावा मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के ऋत्विक कुमार साहू को आर. विश्वनाथन मेडल-२०२२ सहित कुल ६ पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी तरह हिन्दू कॉलेज के जयंत कुमार गुप्ता को ५ पुरस्कार, मिरांडा हाउस से अंकिता चौधरी को ३, हिन्दू कॉलेज से तर्निजा मिड्ढा को ३, कॉमर्स विभाग से एमए इकोनॉमिक्स की तनिशा बंसल को ३।

## कोर्ट ने घोषित कर रखा था भगोड़ा, चार धरे

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट जिला पुलिस ने कोर्ट द्वारा भगोड़ा घोषित चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीसीपी भीष्म ने बताया कि मॉडल टाउन पुलिस ने चोरी के आरोप में फरार चल रहे सुजीत उर्फ गोलू को उसे कोर्ट ने १८ फरवरी को ही भगोड़ा घोषित किया था। दूसरे मामले में केशव पुरम पुलिस ने महेन्द्र पार्क निवासी कैलाश कक्कड़ को गिरफ्तार किया है। उसे भी ९ जनवरी को कोर्ट ने एक मामले में भगोड़ा घोषित किया था। तीसरे मामले में महिंद्रा पार्क पुलिस ने लूटपाट के आरोप में फरार चल रहे जहांगीरपुरी निवासी रफीकुल उर्फ इमरान को गिरफ्तार किया है। उसे २०२० में कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर रखा था। जबकि चौथे मामले सुभाष प्लेस पुलिस ने छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट के आरोप में फरार चल रहे लोक विहार पीतमपुरा निवासी अंकुश नंदा को गिरफ्तार किया है। उसे भी १५ जनवरी को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया था। चारों को कोर्ट में पेश जेल भेज दिया है।

## सवा आठ करोड़ की धोखाधड़ी में आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** सवा आठ करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल एक वांछित जालसाज आशीष शर्मा को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मई, २०१५ के महीने में, पुष्कर एन्क्लेव, पश्चिम विहार में रहने वाले शिकायतकर्ता हरविंदर सिंह ढींगरा आरोपी गुंजित सिंह, मोहनजीत सिंह, रविंदर रस्तोगी, इरा रस्तोगी, आशीष शर्मा आदि के संपर्क में आए। सभी व्यक्तियों ने उसे रोड नं. ६३, वेस्ट पंजाबी बाग स्थित एक प्रॉपर्टी दिखाई थी। जिसका सौदा १२ करोड़ रुपये में तय हुआ। कथित व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता से किश्तों में ८.२५ करोड़ रुपये लिए। बाद में पता चला कि उक्त संपत्ति पहले से ही बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ-साथ आईडीबीआई बैंक के पास गिरवी के तौर पर है। उन्होंने दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में एफआईआर दर्ज करवा दी। भगौड़ा घोषणा आरोपी आशीष शर्मा जांच में शामिल होने में विफल रहा और एफआईआर दर्ज होने के बाद से फरार था। एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर सुनील कुमार कालखंडे के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को तिलक मार्ग बस स्टॉप के पास से पकड़ लिया। आरोपी आशीष शर्मा वर्तमान में नोएडा के सेक्टर-७ में स्थित एक कंपनी में तकनीशियन के रूप में काम कर रहा है। वारदात के वक्त वह कंपनी का निदेशक था।

## एक नजर

# महाकुंभ के अवसर पर समारोह आयोजित किया



**नई दिल्ली।** महाकुंभ के पावन अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया जिसमें चक्रपाणि महाराज जी ने विश्व विख्यात साध्वी कंचन गिरि जी महाराज को श्री श्री 1008 अनंत विभूषित जगद्गुरु दुर्गाचार्य साध्वी कंचन जी महाराज की उपाधि से विभूषित किया। इस अवसर पर, चक्रपाणि महाराज जी ने श्री श्री 1008 अनंत विभूषित जगद्गुरु दुर्गाचार्य साध्वी कंचन जी महाराज को चित्रगुप्त अखाड़ा की उपाधि प्रदान की, जो यह एक उच्च सम्मान माना जाता है। यह सम्मान साध्वी कंचन जी महाराज की आध्यात्मिक और धार्मिक सेवाओं के लिए दिया गया है। इस मौके पर श्री श्री 1008अनंत विभूषित जगतगुरू दुर्गाचार्य साध्वी कंचन जी महाराज ने चक्रपाणि महाराज का धन्यवाद किया।जिन्होंने यह उपाधि उन्हें दी। इस समारोह में कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और साधू संतों ने भाग लिया और श्री श्री 1008 अनंत विभूषित जगद्गुरु दुर्गाचार्य साध्वी कंचन जी महाराज को बधाई और शुभकामनाएं दीं। यह समारोह महाकुंभ के पावन अवसर पर आयोजित किया गया था, जो एक महत्वपूर्ण धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन है।

# दा मेड फाउंडेशन ने ब्रजपुरी में कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** मुस्तफाबाद विधानसभा के अन्तर्गत ब्रजपुरी में दा मेड फाउंडेशन ने कैरियर काउंसलिंग ओर माता पिता को जागरूक करने हेतू कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया स प्रोग्राम में अतिथि के तौर पर फरीदा खान , केसर नाज मुर्तजा,रिहान पहुंचे स प्रोग्राम का संचालन शकूर अहमद ने किया स प्रोगाम को समाजसेवी निसार मलिक ने सफल बनाया । प्रोग्राम की कन्वीनर नुसरत जहां की अहम भूमिका रही स इस मौके पर सरफराज मिर्जा , अय्यूब ने कहा कि वर्ष 1961 में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने पत्राचार के माध्यम से शिक्षा देने की सलाह दी थी। इस के तत्पश्चात पार्लियामेन्टी एक्ट द्वारा पास शिक्षा निति में प्रावधान से पत्राचार विद्यालय स्थापित हुआ। यह दूरस्थ शिक्षा के लिए एक प्रमुख संस्थान है जिसमे छात्र-छात्राओं को CBSE के प्रमाणित सर्टिफिकेट दिये जाते है। वर्ष २००४ में अचानक शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार द्वारा गैर कानूनी तरीके से बन्द कर दिया गया था जिसमे हजारों बच्चे पढ़ रहे थे। इसके विरोध में सैकड़ो लोगो ने धरने व प्रदर्शन किये। इसके लिए शिक्षा मुहिम व अन्य संस्थाओ ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी इसके पुन: वर्ष 2008 में इस विद्यालय को न्यायलय के फैसले के द्वास निम्नतम फीस पर खोल दिया गया।

# उत्तम नगर हत्याकांड में विक्की टक्कर गैंग का बदमाश उप्र से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर इलाके में धमार उर्फ फिरोज खान की हत्या की वारदात में शामिल विक्की टक्कर गैंग के सदस्य सोनू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले १० दिनों से गिरफ्तारी से बच रहा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते दस फरवरी की रात पौने ११ बजे उत्तम नगर में रहने वाले शिकायतकर्ता राहुल ने पुलिस को बताया कि जब वह पत्नी के साथ घर पर था। ग्राउंड फ्लोर से झगड़े की आवाज सुनी। सीढियों के पास पहुँचकर देखा,तीन लडके धमार उर्फ फिरोज खान पर हमला कर रहे थे। जब फिरोज को बचाने की कोशिश की। एक आरोपी ने उसको धमकी देकर दूर रहने की चेतावनी दी। तीनों लडकों ने फिरोज खान को सडक पर घसीटा, जहाँ उन्होंने उसे डंडों से पीटा। बाद में सोनू ने कंक्रीट ब्लॉक उठाया और फिरोज खान के सिर पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल फिरोज को इलाज के लिए तुरंत डीडीयू अस्पताल पहुंचाया। दो से तीन दिन बाद फिरोज की उपचार के बीच मौत हो गई।

एसीपी नरेश कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर गुलशन यादव के निर्देशन में एसआई पवन कुमार और हेड कांस्टेबल अरविंद की एक पुख्ता जानकारी के बाद दिल्ली और गाजियाबाद में कई किलोमीटर तक फैले २०० से अधिक सीसीटीवी कैमरों को ट्रैक करने के बाद आरोपी को एटा,उत्तरप्रदेश स्थित उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी सोनू से पता चला कि हत्या करने के बाद, वह दिल्ली से भाग गया और पकड़े जाने से बचने के लिए विभिन्न राज्यों में घूमता रहा। दस दिनों तक भागने के बाद, वह आखिरकार एटा, यूपी में बस गया। मृतक धमार उर्फ फिरोज खान उनके इलाके का कुख्यात अपराधी था जो अक्सर उसकी बहन को परेशान करता था। कई बार चेतावनी देने के बावजूद धमार ने कोई पछतावा नहीं जताया। अपनी बहन की प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित सोनू को लगा कि वह स्थानीय पुलिस से मदद नहीं मांग सकता।

नतीजतन, उसने धमार को हमेशा के लिए खत्म करने का संकल्प लिया। १० फरवरी, २०२५ को सोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर धमार को मारने की योजना बनाई। उन्होंने उस पर लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला किया। पिटाई के बाद सोनू ने कंक्रीट का एक बड़ा टुकड़ा उठाया और धमार के सिर पर वार कर दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह मर चुका है। वारदात को अंजाम देने के बाद वे मौके से फरार हो गए थे।

# हिरा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुस्तफाबाद स्थिति हिरा पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह किया जिसमें मेधावी छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्र छात्राओं ने कुरान की आयतें मय तर्जमा के पढकर सुनाई एवं बच्चों ने अलग-अलग तरह से रंगारंग कार्यक्रम में अपनी कला दिखाई। स्कूल के संस्थापक हाजी जब्बार ने आये हुए मेहमानों का सुक्रिआ किया एवं सभी से अपील की कि अपने बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाकर उच्च शिक्षा दिलाएं। शिक्षा से ही अपनी व देश की तरक्की है।

# रिंग रोड पर लूटपाट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विकासपुरी थाना पुलिस ने २१ फरवरी को लूट की वारदात को अंजाम देने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों मोहम्मद अयान, नोमान खान, मोहम्मद आरिफ और अफजल खान के पास से ई-रिक्शा और चाकू बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि १८ फरवरी को आउटर रिंग रोड पर दो स्कूटी सवार बदमाशों ने एक ई-रिक्शा चालक को लूट लिया। विकासपुरी थाना एसएचओ इंस्पेक्टर राज वीर सिंह की टीम ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज तथा मानव खुफिया जानकारी की मदद से चार लुटेरे मोहम्मद अयान, नोमान खान, मोहम्मद आरिफ और अफजल खान को रोड नंबर २३५, खत्ता विकासपुरी के पास ट्रैक किया और दबोच लिया।

## बाइक चोरी कर भाग रहे बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली।** सागरपुर थाना पुलिस ने रात गश्त के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश पर १० से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आकाश के पास से चोरी की दो बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि २० फरवरी की रात हेडकांस्टेबन राजकुमार, सचिन और रामनारायण इलाके में गश्त पर निकले थे।

पुलिस टीम ने नाला रोड दुर्गा पार्क, सागरपुर के पास एक संदिग्ध को देखा और रूकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर आरोपी ने यू-टर्न लिया और भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आकाश के पास मौजूद बाइक चोरी की थी। पुलिस ने बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# 30 से ज्यादा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रघुबीर नगर पुलिस चौकी में तैनात पुलिसकर्मियों ने १९ फरवरी को एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी दिनेश के पास से पुलिस ने एक बाइक और चाकू बरामद किया है। आरोपी दिनेश पर ३० से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि एसआई नरेश अहलावत की टीम इलाके में गश्त के लिए निकली थी। रात करीब ८:४५ बजे पुलिस टीम गंदा रोड पर आर-ब्लॉक झुग्गी की ओर पहुंची तो उन्होंने एक शख्स को बाइक पर आते देखा। पुलिस को देखकर उस शख्स यू-टर्न लेने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया और बाइक के दस्तावेज दिखाने के लिए कहा। लेकिन आरोपी के पास कोई दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस की जांच में बाइक चोरी की मिली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक को जब्त कर लिया।

## 73 लाख कीमत की हेरोइन के साथ ड्रग तस्कर गिरफ्तार
### 365 ग्राम हेरोइन और 1.88 लाख कैश बरामद

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट जिले की ऑपरेशन सेल ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से ७३ लाख की कीमत की ३६५ ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इसके साथ ही उसके पास से १.८८ लाख कैश बरामद हुआ है। गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान वजीरपुर निवासी २२ वर्षीय नितिन बंधवा के तौर पर हुई है। वह अपने पिता के साथ मिलकर ड्रग्स तस्करी का धंधा करता है। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिलों और इकाइयों द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसआई रवि सैनी को सूचना मिली कि नितिन और विजय नाम के तस्कर ड्रग्स सप्लाई के धंधे में जुड़े हुए और उनके पास बड़ी मात्रा में हेरोइन है। जिसके बाद नितिन को गिरफ्तार कर लिया गया। शुरुआत में उसने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसके निशानदेही पर उसके घर से ३६५ ग्राम हेरोइन और १.८८ लाख कैश बरामद हुआ।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

एसआरएम आईएसटी मोदीनगर की डीन (आईक्यूएसी)

# डॉ. धौम्या भट्ट को मिला प्रतिष्ठित वूमेन प्रेस्टीज अवॉर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएम आईएसटी), मोदीनगर की डीन (आईक्यूएसी) डॉ. धौम्या भट्ट को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए पांचवें वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नारी शक्ति एवं नई पहल फाउंडेशन और लायंस क्लब दिल्ली वेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया गया। यह भव्य आयोजन नई दिल्ली के एग्जीक्यूटिव क्लब रिसॉर्ट में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित



महिला उद्यमी, समाजसेवी, कलाक.ार, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, डॉक्टर, वकील और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। डॉ. धौम्या भट्ट ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता सुधार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों ने न केवल संस्थान की शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में भी योगदान दिया है। उनकी नेतृत्व क्षमता, समर्पण और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य बनाया। वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड उन महिलाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य किया है। यह सम्मान महिलाओं की असाधारण उपलब्धियों को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने का कार्य करता है। पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. धौम्या भट्ट ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल मेरा, बल्कि पूरे शैक्षिक जगत का सम्मान है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देना मेरा उद्देश्य है। इस तरह की मान्यता हमें और अधिक मेहनत करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है। उनके इस सम्मान से न केवल एसआरएम आईएसटी मोदीनगर बल्कि पूरे शैक्षणिक समुदाय में हर्ष का माहौल है। उनके सहयोगियों, विद्यार्थियों और संस्थान के प्रशासन ने उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में हैल्दी प्लैनेट में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल में हैल्दी प्लैनेट (अर्ली इयर) का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस नाटक को प्री नर्सरी, नर्सरी व के.जी के 297 छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया। यह समारोह दो पारी में संपन्न हुआ। दोनों पारियों में छात्रों ने अपने अभिनय का परिचय दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डा. कंवर पाल सिंह रहे।

विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए नन्हे छात्रों की रचनात्मकता, उत्साह और आत्मविश्वास की प्रशंसा की। कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आरंभ नाटक की श्र्मे. कंगश को दिखाकर किया गया।

यह नाटक 'ओलीज ऑक्टोपैंट्स' नामक कहानी पर आधारित था। नन्हे नन्हे बच्चे विभिन्न समुद्री जीवों मछली, समुद्री घोडा, ऑक्टोपस, कछुआ, स्टारफिश, जेलीफिश, केकडा, सील, लॉबस्टर, शार्क, स्टिंगरे, पिफरफिश और ईल की वेशभूषा में थे। सभी विद्यार्थियों ने इन जलीय जीवों को अभिनय व भावपूर्ण संवादों से मंच पर जीवंत किया। बच्चों ने नृत्य से इस कार्यक्रम और भी सुंदर बना दिया।

नन्हे-नन्हे छात्रों ने अपने अभिनय, संवाद और नृत्य के द्वारा आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों के मन को मोह लिया। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनन्द उठाया और उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया। इसके लिए विशेष रूप से हमारे नन्हे-नन्हे छात्र बधाई के पात्र हैं। उन्होने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

विकास कार्य कराए जाने पर

# मुख्यमंत्री व मुख्य कार्यपालक अधिकारी का किया धन्यवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** ट्रांस हिंडन इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट, सीसीटीवी कैमरे, हाई मास्क लाइट तथा सड़कों का निर्माण कार्य कराए जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि विकास कार्य पूर्ण होने पर औद्योगिक क्षेत्र में कामगारों व महिलाओं तथा उधमियों के आवागमन सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित रहेंगे।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

ट्रैफिक पुलिस पर पैसे लेकर पुराने वाहन चलवाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर ने बताया कि एन.जी.टी के तहत एन.सी.आर में 10 साल पुराने वाहन प्रतिबन्ध है कुछ ट्रैफिक पुलिस की मिली भगत के कारण पांच पांच हजार रूपये लेकर पुरानी गाडी चलवाई जा रही है पर प्रदूषण से आम जनता पहले ही परेशान है जगह जगह पुरानी गाडी खराब हो जाती है और जाम लगा देती है ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही के कारण ये धन्धा चलाया जा रहा है जो कि सरकार की नितियो एवं नियमो के खिलाफ है।



जिला अध्यक्ष सौदान सिंह ने कहां कि अगर हमारी मांग पूरी नहीं हुई तो ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन धरना प्रदर्शन करेगा। ज्ञापन देने वालो में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के दीपक धर्मेंद्र संरक्षक, अनूप बेरी संरक्षक, जिला अध्यक्ष सौदान सिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह जिला महासचिव, इकबाल खान, नरेश सिंह कोषाध्यक्ष, मनोज जिला उपाध्यक्ष, राजेश भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष, राहुल शर्मा जिला उपाध्यक्ष, कुलदीप कुमार जिला उपाध्यक्ष, जावेद अली जिला उपाध्यक्ष, नमन महामंत्री, राम सकल सिंह, संजय कुमार, कमलजीत सिंह, सुनील भारद्वाज, राजेंद्र सिंह, बुद्ध नारायण मिश्रा, विनोद अग्रवाल बृजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप लूट का पर्दाफाश हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसूरी।** हवा हवाई पेट्रोल पंप पर हुई लूट का पुलिस द्वारा पर्दाफाश किया गया है। मैनेजर इण्डियन पैट्रोल पम्प हवा हवाई अरुण चौहान ने तहरीर देकर बताया था कि शुक्रवार को तीन व्यक्ति कार से आये और पैट्रोल पम्प की मशीन स्टार्ट करके वहाँ से डीजल व पैट्रोल भरकर ले गये। इसके साथ ही कार्यालय में मौजूद कर्मचारी के साथ मारपीट कर सीसीटीवी स्क्रीन तोड़फोड़कर आंटोमेशन स्क्रीन लेकर चले गये। एक आरोपित को डीजल व घटना में प्रयुक्त गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित सुमित कुमार पुत्र राजकुमार निवासी सलारपुर सरीफाबाद, हापुड़ निवासी सुमित कुमार विगत दस वर्ष से विभिन्न पैट्रोल पम्पों पर सैल्समैन का कार्य करता है। आरोपित ने लगभग



ढाई महीने पहले हवा हवाई स्थिति इंडियन पैट्रोल पम्प पर सैल्समैनी का काम किया था। वहीं पड़ोसी के रजत व दौलतपुर नरसेना निवासी विकास चौहान कार्यरत हैं। सैलरी समय से न मिलने के कारण इंडियन पैट्रोल पम्प से काम छोड़ दिया। तीनों गाड़ी ट्राइवर रिनाल्ट कम्पनी की फर्जी नम्बर प्लेट नम्बर लगाकर पेट्रोल पम्प बन्द होने के बाद मशीन को ऑन किया। और गाड़ी के अन्दर रखी कैनों में मशीन से डीजल भरा। कैबिन में व्यक्ति से धक्का मुक्की हो गयी। आरोपित ऑटोमेशन की स्क्रीन लेकर चले गये। बाद में उन्हें पता चला कि डीबीआर ही नहीं है। इसलिये स्क्रीन को रास्ते में छिजारसी टोल से पहले बम्बा में तोड़कर फेंक दिया।

## देह व्यापार: फिर पकड़ी गई गर्म गोश्त की दुकान

**गाजियाबाद।** पिछले करीब पांच हफ्ते में दिल्ली से सटे ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस 5 सेक्स रेकैट का खुलासा कर चुकी है। शनिवार को भी पुलिस ने ऐसे ही एक सेक्स रेकैट का भंडाफोड़ करते हुए संचालक-संचालिका सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया जबकि यहां देह व्यापार के धंधे में झोंकी गई चार महिलाओं का रेस्क्यू किया गया। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि इस गर्म गोश्त के कारोबार में लिप्त अधिकांश लोग देश की राजधानी दिल्ली के रहने वाले हैं। कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर पांच में एक फ्लैट में पुलिस ने देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। मौके से संचालक, संचालिका और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है। मौके से तीन मोबाइल, आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

# व्यापार मंडल ने किया नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मण्डल की एक बैठक आहूत हुई जिसमे व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष आकाश शर्मा को भाजपा मोदीनगर का अध्यक्ष नियुक्त करने पर आकाश शर्मा का व्यापार मंडल द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके मौके पर व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश जैन ने कहा कि आकाश शर्मा के अध्यक्ष बनने घर व्यापारियों में खुशी की लहर है। मण्डल के अध्यक्ष प्रदीप बोस आक.ाश का धन्यवाद वेले हुए आशा और उम्मीद के साथ कहा कि वह भाजया में मडल अध्यक्ष के नये आयाम स्थापित करेंगे और भाजपा को



मजबूत करने का काम करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व में भी हमारे व्यापार मंडल से भाजपा जिलाध्यक्ष व मण्डल अध्यक्ष के रुप में नियुक्ति हुई है। आकाश शर्मा द्वारा आये सभी व्यापारियो को धन्यवाद दिया गया। इस बैठक में महराम चन्देला, नीरज गर्म, विशाल, सुदेश शर्मा, अनलजीत सिंह, योगेश, पंकज, सुबोध जैन, प्रकाश, देवेन्द्र, गुलशन नारंग, दीपक गेरा, सौरभ शर्मा, आयुष शर्मा, चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गाजियाबाद से हरिद्वार का सफर होने वाला है और आसान

**गाजियाबाद।** जनपद वासियों के लिए अच्छी खबर है। अब हरिद्वार जाना होगा और आसान। उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश कर पूरे विपक्ष को चौंका दिया था हर जिले के लिए कुछ ना कुछ खास था इस बजट में। उत्तर प्रदेश सरकार ने गंगा एक्सप्रेस वे को मुजफ्फरनगर होते हुए हरिद्वार तक विस्तार देने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

यह निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया, जिसमें प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और विधायक कपिल देव अग्रवाल ने इस विस्तार की मांग रखी थी। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश के बजट 2025-26 में 50 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि आवंटित की गई है, जिससे सर्वेक्षण और प्रारंभिक कार्यों को गति मिलेगी।

इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से गाजियाबाद के लोगों को हरिद्वार जाने के लिए पहला एक्सप्रेसवे मिल जाएगा। अभी तक लोगों को हाइवे 58 से ही जाना पड़ता है। गंगा एक्सप्रेसवे का यह विस्तार उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच बेहतर सड़क संपर्क स्थापित करेगा, जिससे यातायात सुगम होगा और औद्योगिक तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

हरिद्वार धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर होने के साथ-साथ पर्यटन और व्यापार का केंद्र भी है। ऐसे में इस परियोजना से उत्तराखंड के व्यापारिक केंद्रों को यूपी के औद्योगिक क्षेत्रों से जोडने में मदद मिलेगी।

पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए मुकदमों के विरोध में

# अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोनी।** लोनी तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट अध्यक्ष जगदीश प्रसाद शर्मा ने की। बैठक का संचालन सचिव विजय यादव एडवोकेट ने किया बैठक में लोनी पुलिस के द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध नीतियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में पुलिस के द्वारा अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमे पारित करने के विरोध निर्णय लिया गया कि तहसील बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता अनिश्चित काल तक धरने पर रहकर कार्य से विरत रहेंगे।

## मंदिर के पास लूट 70 साल की बुजुर्ग से वारदात


**गाजियाबाद।** सिटी जोन के पॉश इलाके पटेल नगर द्वितीय में बदमाशों ने सरेआम बाजार से घर लौट रही एक 70 साल की बुजुर्ग महिला के साथ चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश बाईक पर सवार थे। पटेल नंगर द्वितीय में रहने वाले स्व. राजेंद्र सिंह भास्कर की 70 वर्षीय पत्नी लीलावती बाजार से घर लौट रही थीं। इसी दौरान घर के पास बने शिव मंदिर के सामने स्कूटी पर आए बदमाशों ने उनके गले से सोने की चेन खींच ली। महिला ने शोर मचाया, लेकिन बदमाश भाग निकले। घटना की जानकारी मिलते ही लीलावती के पुत्र सचिन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ताल की। मगर लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा।

# देहात को सुदृढ़, किसान और मजदूर को मजबूत नहीं बनाएंगे

तब तक देश का उचित विकास नहीं होगा: अजय प्रमुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रमुख ने कहा कि हमारे देश की आज भी 70% आबादी देहात में रहती है जब तक हम देहात को सुदृढ़ और किसान और मजदूर को मजबूत नहीं बनाएंगे तब तक देश का उचित विकास नहीं होगा, इसके बाद हाईवे के अलावा जितनी भी लिंक रोड है उनको भी 7 मीटर चौड़ा कर एक अच्छा रूप दिया जा सकता है, जिससे कि देहात का विकास होगा। हमारे मौजूद मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने काफी कोशिश की है कि बजट में और सुधार लाया जाए, माननीय जी के पास एक लंबा अनुभव है लंबे समय से विभाग में अपनी सेवा दे रहे हैं। पर्यटन क्षेत्र को भी देहात के तालाबों में बढ़ावा देना चाहिए हरियाणा की तर्ज पर जिससे कि तालाबों का रखरखाव और कब्जा मुक्त रहेंगे। और प्रदेश के नगर निगमन में कूड़ा निस्तारण का उचित प्रबंध होना चाहिए उसको देहात क्षेत्र में नहीं डालना चाहिए जिससे कि पर्यावरण और देहात के लोगों का जनजीवन स्वस्थ रहे।

# भाजपा नेता ने लगाया सरकारी भूमि बेचने का आरोप




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** भाजपा नेता ने एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि एक ट्रस्ट व प्रोपर्टी वाले ने मिलकर फर्जी तरीके से सरकारी भूमि को बेच दिया है ज्ञापन में बैनामा कैंसिल करने व कानूनी कार्यवाही की मांग की गयी है। पूर्व सभासद लोकेश ढोढ़ी ने आरोप लगाया है कि हापुड़ रोड पर मंगल विहार कॉलोनी के पास खसरा नम्बर 924 की ऊसर बंजर व चकरोड की भूमि को एक ट्रस्ट व एम जी प्रोपर्टी द्वारा अवैध रूप से खरौद फरोख्त कर अवैध कॉलोनी काटी जा रही है उन्होंने एसडीएम से बैनामा खारिज कर सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करने व जांच कराए जाने की मांग है।

# 24 को होगा श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन, हजारों श्रद्धालु होंगे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल मोदीनगर द्वारा आगामी रविवार 24 फरवरी को प्रथम श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन स्थानीय सी लाइन स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमे हजारों की संख्या में श्याम बाबा के भक्त शामिल होंगे, यह जानकारी श्री श्याम खाटू मित्र मंडल मोदीनगर द्वारा एक प्रेस वार्ता में दी गयी।

मंडल के अध्यक्ष रमेश गोयल ने बताया कि श्री श्याम खाटू मित्र मंडल संस्था अभी हाल ही में रजिस्टर्ड कराई गई है व इस रजिस्टर्ड संस्था द्वारा आयोजित यह प्रथम खाटू फाल्गुन महोत्सव है। संस्था के महामंत्री पंकज गोयल ने बताया कि



सर्वप्रथम प्रात: 8 बजे से निशान यात्रा निकाली जाएगी जोकि शिव चौक गो.विंदपुरी से आरंभ होकर श्री खाटू श्याम मंदिर सी लाइन महेन्द्रपुरी पर समाप्त होगी तत्पश्चात शाम को विशाल कीर्तन मंदिर परिसर में ही आयोजित होगा जिसमें बाबा को कलकत्ता व बंगलुरु के 551 किलो फूलों द्वारा सजाया जायेगा व 1111 किलो छप्पन भोग का प्रसाद लगाया जायेगा।

संस्था के अमित गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि भजन गायक मुकेश बागड़ा, अशोक लखेरा, सीताराम शर्मा, निशा शर्मा, ईशा शर्मा द्वारा भजनों के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई जाएगी। मंच संचालन गिरीश शर्मा करेंगे।

अरुण खन्ना ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आह्वान किया। वार्ता में राजीव रुहेला, संजीव रुहेला, अरुण खन्ना, राकेश अग्रवाल, देवेंद्र सोनी, कपिल गुप्ता, राजीव जिंदल, संजय अग्रवाल, अजय बंसल, शुभांकर गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग कार चालक ने बच्चे को रौंदा, दो बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नाबालिगों के हाथों में वाहन देकर अक्सर पैरेंट काफी खुश होते है। लेकिन उनके हाथों में वाहन देना कितना नुकसानदायक भी होता है। इसका उदाहरण शनिवार सुबह अलीपुर में दिखाई दिया। नाबालिग ने घर से कार लेकर सडक पर आ गया। जिसके साथ नाबालिग बैठा था। नाबालिग को कार सही तरह से चलानी नहीं आती थी। कार जब सडक पर आई। उसने पहले एक कार में टक्कर मारी और फिर गली के बाहर खेल रहे डेढ साल के बच्चे को रौंद दिया। जबकि दो बच्चे बाल बाल बच गए। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। कार जब्त करके दोनों नाबालिग को भी पकड़ लिया। पुलिस दोनों के परिजनों से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक बच्चे की पहचान वासू के रूप में हुई है। जो परिवार के साथ मुक्मेलपुर गांव में रहते हैं। नरेला पुलिस को सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव की सडक पर डेढ साल के बच्चे को कार से रौंदने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। सडक किनारे खड़ी दो कार क्षतिग्रस्त हालत में खड़ी थी। जिनको पुलिस ने कब्जे में ले लिया। गांव वालों ने कार चालक और उसके नाबालिग साथी को पुलिस को सौंपा। पता चला कि डेढ साल के वासू को परिवार वालों ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती करावाया। जिसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गांव वालों ने बताया कि नाबालिग कार को लेकर इब्राहिमपुर गांव से मुक्मेलपुर गांव की तरफ से निकले थे। वासू दो बच्चों के साथ गली के बाहर खेल रहा था। उसी वक्त कार ने खड़ी कार में टक्कर मारी थी। उसी वक्त वासू कार की चपेट में आ गया था।

## विस में पेश की जाएगी कैग रिपोर्ट 'आप' की मुश्किलें बढ़ना तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है तो तीन दिन तक चलेने के बाद २७ फरवरी को समाप्त होगा।दिल्ली विधानसभा सूत्रों ने साफ किया है कि मंगलवार को विस सत्र में पटल पर कैग रिपोर्ट रखी जाएगी। ऐसे में आप की मुश्किलें बढ़ना तय माना जारहा है। आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी १४ लंबित कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी।शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता से मुलाकाल की। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा।जिसमें सत्तापक्ष भाजपा ने विजेंद्र गुप्ता का अध्यक्ष के लिए तथा मोहन सिंह बिष्ट का नाम उपाध्यक्ष के लिए प्रस्तावित किया है। इन चुनाव के लिए भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है। वह सभी विधायकों को शपथ दिलाएंगे तथा विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराएंगे, इसके बाद यह पद समाप्त हो जाएगा।

बता दें कि सत्र २४, २५, २७ फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिन रिपोर्ट्स को आम आदमी पार्टी की सरकार पांच साल से रोक कर बैठी थी, उनमें भ्रष्टाचार और नियमों के उल्लंघन को लेकर जो सवाल उठाए गए हैं। इन रिपोर्ट्स में आबकारी नीति में हुए नुकसान से लेकर मुख्यमंत्री आवास में निर्माण संबंधी जांच की रिपोर्ट तक शामिल हैं।

इससे पहले दिल्ली में आप सरकार के दौरान भाजपा ने अदालत से गुहार लगाई थी कि सरकार को कैग रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया जाए। भाजपा ने आप सरकार पर अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए रिपोर्ट को रोकने का आरोप लगाया था। इस महीने की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा ने दिल्ली में नई सरकार बनाई है। विधानसभा में उसके ४८ विधायक हैं, जबकि विपक्षी आम आदमी पार्टी के २२ विधायक हैं।

## अवकाश के दिन भी काम पर रही दिल्ली की नई सरकार, छुट्टी के दिन भी एक्शन मोड में रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सत्ता में आने के बाद दिल्ली की भाजपा सरकार जनता से जुड़े कामों को लेकर सक्रिय हो गई है। सरकार के मन में कुछ कर दिखाने का जज्बा है। इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार अवकाश के दिन भी काम रही। मुख्यमंत्री बजट पर दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली।

वहीं मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और डॉ. पंकज सिंह योजनाओं का निरीक्षण किया। प्रवेश ने जहां कुछ निर्माणाधीन योजना स्थलों का निरीक्षण करेंगे, वहीं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह भी राव तुलाराम अस्पताल स्थल का निरीक्षण कर वहां के हालात का जायजा लिया। उधर अन्य मंत्रियों ने भी शनिवार को अपने-अपने विभागों से संबंधित मामलों की बैठकर बुलाई हैं। मकसद यही है कि भाजपा ने संकल्प पत्र में जनता से जो वायदे किए हैं उन पर उनकी सरकार खरी उतरे और इस संकल्प को पूरा करने के लिए उनका एक दिन एक दिन भी बर्बाद ना हो। यह बात खुद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी शपथ लेने के बाद दोहराई है और यही बात इस सरकार के अन्य मंत्री भी दोहरा रहे हैं। दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य विभाग ऐसे विभाग हैं, जहां का काम जनता को दिखता भी है और जनता को इन विभागों से संबंधित मामलों से रूबरू भी होना पड़ता है। मसलन सड़क खराब है तो जनता परेशान होती है और अस्पतालों में समस्याएं हैं तो भी जनता परेशान होती है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के बुनियादी ढांचे को सुधारने की दिशा में विभाग से जुड़े अधिकारियों की बैठक की और साथ ही दिल्ली के खुदे हुए रास्तों, खराब पड़ी सड़कों व यातायात से जुड़े तमाम विषयों पर विस्तार से चर्चा कर संबंधी अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। अब इन समस्याओं से निजात दिलाने के लिए इस सरकार ने कमर कस ली है। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में किस तरीके से अधिकारियों की कार्य प्रणाली में भी बदलाव दिखता है।

## महिलाओं के लिए 2500 रुपये प्रति माह की योजना पर आप ने मांगा सीएम से मिलने का समय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को महिला समृद्धि योजना को लेकर कहा कि महिलाओं को एक या दो महीने धनराशि देकर योजना को बंद नहीं किया जाना है। ये स्थायी रूप से लागू हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है। इन सबके बीच शनिवार को दिल्ली की पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री के नाम चिट्ठी लिखी है।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दिल्ली में महिलाओं को २५०० रुपये प्रति माह देने की योजना के संबंध में २३ फरवरी को आप विधायक दल से मिलने का समय मांगा है। आतिशी ने अपने पत्र में लिखा कि सबसे पहले, आपको दिल्ली के मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी के सर्वोच्च नेता एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने चुनाव प्रचार के दौरान ३१ जनवरी २०२५ को द्वारका में आयोजित एक रैली में दिल्ली की माताओं-बहनों से यह वादा किया था कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में उनके लिए २५०० प्रतिमाह की योजना पास की जाएगी। उन्होंने कहा था- यह मोदी की गारंटी है। २० फरवरी को आप की सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई, परंतु महिलाओं के लिए २५०० की योजना पास नहीं हुई। दिल्ली की माताओं-बहनों ने मोदी जी की गारंटी पर विश्वास किया था और अब वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं।

इसी विषय को लेकर आम आदघ्मी पार्टी का विधायक दल कल २३ फरवरी २०२५ को आपसे मिलकर चर्चा करना चाहता है। मैं आपसे दिल्ली की लाखों महिलाओं की ओर से विनम्र निवेदन करती हूं कि आप अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकालकर हमें मिलने का अवसर दें, ताकि हम इस योजना पर ठोस कार्यवाही के लिए अपनी बात आपके समक्ष रख सकें।

## कूड़े के ढेर में लड़की की बोरे में रखी लाश मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अशोक विहार इलाके में शनिवार सुबह एक लडकी की बोरे में बंद लाश कूड़े के ढेर के पास पड़ी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने महिला के परिजनों के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मृतका के पति की तलाश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक मृतक लडकी की पहचान नंदनी(२१)के रूप में हुई है। वह अपने पति जीतू के साथ मुकुंदपुर इलाके में रहती थी। जिससे उसने लव मैरिज की थी। अशोक विहार पुलिस को सुबह करीब साढ़े छह बजे वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित ट्रांस्फार्मर के पास कूड़े के ढेर के बीच बोरे में लडकी का शव पड़ा होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लिया। लडकी के शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं था। गले पर जरूर संदिग्ध निशान थे। जिससे आशंका जाहिर की गई कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। पुलिस ने शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। लडकी के हाथ पर कई नाम लिखे हुए थे। पुलिस टीम ने तुरंत आसपास के लोगों और पुलिस स्टेशनों से संपर्क किया।

गुड़मंडी में रहने वाले परिवार से संपर्क किया। जिन्होंने शव की पहचान की। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि जीतू शराब पीने का आदी है। जो नंदनी को मारता पिटता रहता था। वारदात के बाद नंदनी का पति फरार है। जिससे कोई संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। शव बरामद वाले इलाके से कोई लेना-देना नहीं किसी का भी परिवार वालों ने बताया कि जहां पर शव मिला है। उस इलाके में उनका कोई भी जानकार नहीं रहता है। इसको देखते हुए उनको शक है कि नंदनी की हत्या करने के बाद शव को वहां किसी चार पहिया वाहन से लाकर ठिकाने लगाया होगा। इसको देखते हुए पुलिस अब ट्रांफार्मर वाली जगह और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालकर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## इस साल छठ पर यमुना में डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु, कई साल से लगी है रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई सरकार के सबसे प्रमुख कामों में यमुना की सफाई प्राथमिकता में है। नदी की सफाई के लिए संबंधित विभागों की ओर से कार्ययोजना भी बना ली गई। शुरुआती तौर पर मशीनों से कचरों की सफाई भी शुरू हो गई है। वहीं सरकार का कहना है कि इस साल छठ महापर्व में श्रद्धालु यमुना में डुबकी लगाएंगे। इसके लिए सरकार युद्ध स्तर पर साफ-सफाई के लिए काम शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर यमुना की सफाई पर प्रधानमंत्री कार्यालय भी निगरानी कर रहा है।

दिल्ली सरकार में मंत्री डॉ. पंकज सिंह का कहना है कि शुद्ध, पवित्र, अविरल यमुना के लिए हम वचनबद्ध हैं। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वादा है। सरकार इस मुद्दे को लेकर गंभीरता से काम कर रही हैं। इस बार छठ महापर्व में श्रद्धालु यमुना में डुबकी लगाएंगे। गौरतलब है कि गंभीर रूप से प्रदूषित यमुना के किनारे छठ महापर्व बनाने पर रोक लगी हुई है। रोक के पीछे की वजह यह है कि यमुना का पानी इतना प्रदूषित है कि इसमें नहाने से बीमार होने का खतरा है।

दूसरी ओर बीते कई सालों से दिल्ली की राजनीति भी यमुना की सफाई को लेकर गरमाती रही है। पिछले १० सालों तक दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी की सरकार सफाई के मुद्दे पर काफी बयानबाजी करती रही, लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। बीते दिनों एलजी वीके सक्सेना के निर्देश पर यमुना की सफाई के लिए मशीनों को लगाया गया है। कुल सात मशीनों से नदी से ठोस अपशिष्ट, जलकुंभी और खरपतवार को हटाने का काम अगले कुछ महीनों तक चलेगा।



**दिल्ली पुलिस द्वारा 'नशामुक्त दिल्ली' संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इंडिया गेट से थाना कर्तव्य पथ तक वॉक-आ-थॉन का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा,नागरिक,वरिष्ठ अधिकारी ,पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया।**

## इंडिया गेट पर हुआ वॉक-आ-थॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस द्वारा 'नशामुक्त दिल्ली' संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इंडिया गेट से थाना कर्तव्य पथ तक वॉक-आ-थॉन का आयोजन किया गया। अमर जवान ज्योति से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा,नागरिक,वरिष्ठ अधिकारी ,पुलिस कर्मचारियों और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में स्पोर्ट्स/खेलों की जानी मानी सम्माननीय हस्तियाँ में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता क्रिकेट कोच संजय भारद्वाज, ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट रवि दहिया, अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कुश्ती खिलाड़ी सरिता मोर प्रमुख तौर पर शामिल रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और नशामुक्त दिल्ली की दिशा में दिल्ली पुलिस का एक संकल्प है। दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित इस वॉक-आ-थॉन का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं को नशे के उपयोग और इसके नुकसान के बारे में जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रहने और एक आदर्श स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। नशा प्रतिदिन हमारे समाज की एक समस्या बनता जा रहा है, जिस पर काबू पाना बेहद आवश्यक है।इस मौके पर दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और ष्नशामुक्त दिल्लीष अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात, विशिष्ट अतिथियों और दिल्ली पुलिस आयुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पहले, दिल्ली पुलिस आयुक्त और विशिष्ट अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर वॉक ए थान की औपचारिक शुरुआत की गई।

## चार दिन से लापता युवक का शव कुसुमपुर पहाड़ी के जंगल में मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वसंतकुंज नार्थ इलाके में 16 फरवरी से लापता युवक का २१ फरवरी को ई-ब्लॉक के जोहर के पास जंगल बरामद किया गया है। राहगीरों ने जंगल में शव देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। वसंतकुंज नॉर्थ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी है।पुलिस फिलहाल मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही करणों का पता चलेगा, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि मृतक २८ वर्षीय नवीन अपने परिवार के साथ ई-१९५, कुसुमपुर पहाड़ी इलाके में रहता है। नवीन शराब पीने का आदी था और उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। नवीन वसंत विहार थाने का घोषित अपराधी है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि नवीन १६ फरवरी को अपने घर से निकला था और उसके बाद से वह घर नहीं लौटा। जिसके बाद परिजनों ने १६ फरवरी की रात को वसंत विहार थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। २१ फरवरी को जंगल से गुजर रहे कुछ लोगों को शव देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने देखा कि जंगल में बने सीवेज नाले में शव डूबा हुआ था। यह नाला लगभग ४०-४५ फीट गहरा था। पुलिस ने शव निकाला तो पता चला कि वह नवीन का शव है। पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस परिवार के सदस्यों तथा पड़ोसियों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

## घरों में करता था चोरी, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केशव पुरम पुलिस ने एक ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है,जो आदतन अपराधी है। वह घरों में चोरी करता था। उसके पास से २ चुराई गई चांदी की मूर्तियां और चाकू बरामद हुआ है। उसकी पहचान वजीरपुर निवासी २२ वर्षीय जसपाल के तौर पर हुई है। वह पहले से भी चोरी के तीन मामलों में शामिल रह चुका है। डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि जसपाल नशे और शराब का आदि है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी करता है। उन्होंने बताया कि २१ फरवरी को केशव पुरम पुलिस को एक घर में चोरी होने की सूचना मिली। गणेशपुरा, त्रिनगर निवासी हरिश कुमार के घर चोरी हुई थी। उनके शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और जसपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से चोरी की दो चांदी की मूर्तियां और चाकू भी बरामद हुआ।

## मन्दिर के कमरे में आग,पुजारी की झुलसने से मौत

**नई दिल्ली।** प्रेम नगर स्थित एक मन्दिर में अचानक आग लगने से पुजारी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस आग लगने के कारणों के बारे में पता करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक पुजारी की पहचान बनवारी लाल शर्मा के रूप में हुई। शनिवार को प्रेम नगर पुलिस को सूर्य मंदिर में आग लगने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड भी मौके पर आई,जिससे आग पर पूरी तरह से काबू किया गया। मन्दिर में फंसे पुजारी बनवारी लाल शर्मा को झुलसी हालत में बाहर निकाला और एंबुलेंस से संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि घटना के समय कमरे के अंदर हीटर चालू था।

## अरविंदर सिंह लवली बने प्रोटेम स्पीकर, LG ने किया नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एलजी वी के सक्सेना ने शनिवार को भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली विधानसभा का प्रोटेम स्पीकर नियुक्त कर दिया है। २४ फरवरी को सत्र के पहले दिन सुबह ११ बजे नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर २ बजे स्पीकर का चुनाव होगा।

प्रोटेम स्पीकर सदन का एक अस्थायी अध्यक्ष होता है जो सीमित अवधि के लिए और पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही का संचालन करता है। गुप्ता ने बता करते हुए आगे कहा कि नई सरकार नए उत्साह और नए जुनून के साथ सत्ता में आई है। बता दें कि वीजेंद्र गुप्ता को नई सरकार में विधानसभा स्पीकर चुना जाएगा। देश के राष्ट्रपति और राज्यपाल नवनिर्वाचित सदन की बैठकों की अध्यक्षता करने के लिए एक प्रोटेम स्पीकर को नियुक्त करते हैं। सदन के सबसे वरिष्ठ सदस्य को प्रोटेम स्पीकर की जिम्मेदारी दी जाती है। प्रोटेम स्पीकर ही लोकसभा या विधानसभा की पहली बैठक की अध्यक्षता करता है। इसके बाद नवनिर्वाचित सांसदों या विधायकों को सदन में पद की शपथ दिलाता है। जहां सबसे पहले विधानसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव कार्यक्रम को पूरा किया जाता है। नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद प्रोटेम स्पीकर का पद समाप्त हो जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक २४ फरवरी को दिल्ली विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी और २५ फरवरी को लंबित १४ सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा।




**आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय पार्टी मुख्यालय में फ्रंटल संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।**

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीएम से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। शपथ ग्रहण के बाद सीएम रेखा गुप्ता की पीएम मोदी से यह पहली मुलाकात है। इससे पहले शुक्रवार को सीएम रेखा गुप्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की थी। बता दें कि शपथ लेने के बाद से सीएम रेखा गुप्ता ताबड़तोड़ बैठकें कर रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने बदहाल सड़कों और जल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान विभाग की अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

## रोहिणी इलाके में पुलिस व गैंगस्टर भाऊ-बवानिया के शूटरों के बीच चली गोलियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर हिमांशु भाऊ-नीरज बवानिया गैंग के तीन शूटरों को बीती रात अपराध शाखा ने रोहिणी इलाके में एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में एक शूटर के पैर में गोली मारी थी। आरोपियों की पहचान प्रिंस,अतुल उर्फ मोंटी उर्फ जैकी और रोहित के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्टल और पांच कारतूस बरामद किये हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक पहले इलाके के एक जाने-माने राजनेता को जबरन वसूली के लिए कॉल करने में शामिल था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध शाखा में तैनात हेड कांस्टेबल नवीन को जानकारी मिली थी। गैंगस्टर भाऊ/नीरज बवानिया गिरोह के शूटर रोहिणी से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर बवाना की ओर जा रहे हैं, उनका इरादा कहीं पर फायरिंग करने का है। एसीपी नरेन्द्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। रोहिणी के दीप विहार में प्रेम आधार अस्पताल के पास घेराबंदी की। बदमाशों को रुकने का इशारा किया। बदमाशों ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की,लेकिन तीनों गिर गए। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। एक गोली हेड कांस्टेबल नवीन के सीने में लगी। सौभाग्य से, वह अपनी बुलेटप्रूफ जैकेट से सुरक्षित था। आत्मरक्षा में, टीम की सुरक्षा के लिए, हेड कांस्टेबल नवीन ने एक बदमाश के पैर में गोली मारी। सब इंस्पेक्टर प्रीतम ने एक बदमाश से पिस्टल छीनी।

दूसरे पीछे बैठे सवार ने कांस्टेबल कृष्ण पर पिस्तौल तान दी, लेकिन गोली चलाने से पहले ही उसे काबू कर लिया गया। तीसरा संदिग्ध गिरी हुई मोटरसाइकिल के कारण भागने में असमर्थ था और उसे भी दबोच लिया गया।

पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी अतुल उर्फ मोंटी उर्फ जैकी अपने दोस्त अभिषेक, जो नीरज बवानिया गिरोह का करीबी सहयोगी है, के साथ शराब पीने लगा। २०१६ में उसने अपने साथियों के साथ बवाना के अभिषेक की हत्या में भाग लिया और बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। जेल में रहने के दौरान उसकी मुलाकात नीरज बवानिया और नवीन उर्फ बाली से हुई। जेल से उसने बवाना के एक राजनेता को उसके खिलाफ हत्या के मामले में एक महत्वपूर्ण गवाह को प्रभावित करने के लिए जबरन वसूली और धमकी भरे कॉल किए। विधायक की शिकायत के बाद, थाना बवाना में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद जेल में रहते हुए ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। २०२१ में रिहा होने के बाद, वह अपने करीबी सहयोगी अभिषेक कुंडल से फिर से जुड़ गया, जिसे नाबालिग होने के कारण हत्या के एक मामले में बरी कर दिया गया था। साथ में, उन्होंने अपने गिरोह के नेताओं के आदेश पर फिर से पैसा इक;ा करना शुरू कर दिया। उसे सीआईए सोनीपत ने अवैध हथियार रखने के आरोप में और बाद में बवाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह पहले दिल्ली और हरियाणा के विभिन्न पुलिस थानों के हत्या, गोलीबारी, जबरन वसूली, शस्त्र अधिनियम, चोरी आदि के ०७ मामलों में शामिल रहा है।

आरोपी रोहित ने सोनीपत में जेकेबी पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी की और २०१३ में भारतीय सेना में शामिल हो गया, लेकिन बाद में सेवा छोड़ दी। २०१७ में, वह नरेला क्षेत्र में अपने साथियों के साथ डकैती में शामिल था और बाद में गिरफ्तार हो गया था। २०१९ में, उसने सोनीपत, हरियाणा में एक ओला कैब से जुड़ी एक और डकैती की। २०२० में, उसने अपने साथियों मोहित और दिनेश उर्फ धिन्ना के साथ मिलकर पारिवारिक विवाद के कारण राजीव की हत्या कर दी। रोहित २०२४ में तिहाड़ जेल से रिहा हुआ, जहाँ उसने अपने जेल के दोस्त अतुल उर्फ मोंटी उर्फ जैकी से फिर से संपर्क किया और अतुल के निर्देशानुसार हत्या करने के लिए तैयार हो गया। वह पहले दिल्ली और हरियाणा के विभिन्न थानों के हत्या, डकैती, स्नैचिंग, चोरी आदि के ०६ मामलों में शामिल रहा है। वह करीब छह महीने पहले रसोई निवासी रोहन के माध्यम से अतुल उर्फ मोंटी के संपर्क में आया था। अपराध जगत में नाम कमाने की चाहत में वह अतुल के साथ मिलकर हत्या करने को तैयार हो गया।

## 'आप' के फ्रंटल संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय में सभी फ्रंटल संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की। गोपाल राय ने बताया कि सभी फ्रंटल संगठनों का पुनर्गठन कर उनको और मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। पार्टी ने दिल्ली चुनाव में लोकसभा, जिला, विधानसभा और वार्ड स्तर के फ्रंटल संगठनों के सभी पदाधिकारियों की क्या भूमिका रही है, उसका मूल्यांकन करने के लिए सभी का ऑडिट कराने का फैसला लिया है। यह ऑडिट अगले एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान फ्रंटल संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों ने विभिन्न विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी की जीत और हार के क्या प्रमुख कारण रहे, उस पर अपनी बात भी रखी। इस बैठक में पूर्वांचल विंग के अध्यक्ष अखिलेश पति त्रिपाठी,युवा विंग के अध्यक्ष पंकज गुप्ता, लीगल सेल के अध्यक्ष संजीव नासियार, सनातन विंग के प्रदेश प्रभारी घनेंद्र भारद्वाज, अध्यक्ष विजय शर्मा, ऑटो विंग के अध्यक्ष हैदर अली, ओबीसी विंग के अध्यक्ष रविंदर बाल्यान समेत अन्य प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री यशपाल सिंह, कमल चौधरी, अजय राजपूत और सुयोग्य राजबेला भी मौजूद थें। प्रदेश उपाध्यक्ष रितुराज झा भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए गोपाल राय ने बताया कि जिस तरह पार्टी ने मुख्य विंग के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू की है, उसी तरह सभी विंगों के पुनर्गठन का काम करेगी। ताकि जहां पर पार्टी कमजोर रही है, वहां उसे और मजबूत किया जा सके।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दस हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## मां-बेटी पर हमला करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी पर एसपी ने किया था दस हजार रुपये का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना दोघट पुलिस ने मुठभेड़ के बाद महिला व उसकी पुत्री पर जानलेवा करने के आरोपी दस हजार के इनामी बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा व एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मां-बेटी को गोली मारने वाले पांच बदमाशों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

थाना प्रभारी दोघट के अनुसार गत 9 फरवरी को थाना क्षेत्र के गांव कान्हड़ के निकट बाइक सवार दो बदमाशों ने अपने भाई की शादी से लौट रही एक विवाहिता व उसकी पुत्री को गोली मारकर घायल कर दिया था और फरार हो गए थे। इस संबंध में महिला के पति ने थाना दोघट में मुकदमा दज कराया था। पुलिस जांच में पता चला था कि



महिला के पति ने ही सुपारी देकर अपनी पत्नी पर भाड़े के शूटरों से हमला कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गत गुरूवार की रात पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था जबकि एक आरोपी भागने में सफल रहा था। फरार आरोपी सौरव की गिरफ्तारी पर दस हजार का इनाम घोषित किया था। थाना प्रभारी दोघट के अनुसार पुलिस ने शुक्रवार की रात मुठभेड के बाद फरार दस हजार के इनामी बदमाश सौरव को भी घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया है। वह मध्यप्रदेश के जनपद भिंड का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने पकडे गए बदमाश के कब्जे से एक अवैधा तमंच तथा एक बिना नम्बर प्लेट की बाइक बरामद की है। पुंलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## भाई व भतीजे ने बुजुर्ग के साथ की मारपीट, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुराना कस्बा के मोहल्ला देशराज निवासी बुजुर्ग रामनिवास ने कोतवाली पर शिकायत करते हुए बताया कि उसकी दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे के निकट दुकान है। आरोप है कि दो दिन पहले भाई मंगलू ने अपने बेटे मनोज और पत्नी के साथ मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और विरोद्ध करने पर उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उसकी दुकान पर जबरन ताला लगा दिया है ओर अनाधिकृत उसकी दुकान पर कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने पुलिस शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। इस मामले में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



## पुलिया टूटने से नाले में गिरी कार क्रेन की मदद से निकाली बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेहनवा गांव में पुलिया टूटने से कार नाले में गिर गई। कारण सवार चार लोगों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। ग्रामीणों की सूचना पर क्रेन बुलवाकर कार को नाले से बाहर निकलवाया तब जाकर कार सवार अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। इस दौरान वहां ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

जानकारी के अनुसार शनिवार को दिल्ली के रोहिणी के एक ही परिवार के चार लोग कार में सवार होकर मेरठ की ओर जा रहे थे। रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण के चलते मेरठ-बागपत हाईवे बंद है। वह मेहनवा गांव से होकर निकल रहे थे। मेहनवा गांव के पास से गुजर रहे नाले की पुलिया टूटी हुई, जिससे उनकी कार नाले में गिर गई। वहां से गुजर रहे चौहल्दा के कपिल और नईम ने परिवार के लोगों को कारण से बाहर निकाला। बाद में सूचना पर मौके पर क्रेन मंगवाकर कार को बाहर निकलवाया गया। कार नाले में गिरने से वहां लोगों की भीड़ लग गई।



# जनपद मे धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रथम शिव महापुराण महायज्ञ के शुभारम्भ अवसर पर ठाकुरद्वारा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भजनो पर नृत्य करते हुए यात्रा, बडाबाजार, कोर्ट रोड से होते हुए भूमिया मंदिर पर सम्पन्न हुई।

शनिवार को भूमिया मंदिर पर पूजन और महा अभिषेक के बाद कथा प्रारंभ हुई। कथावाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी ने शिव पुराण के महत्व का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना शिव कृपा के कुछ भी संभव नहीं है। शिव का नाम ही कल्याण पद है। शिव नाम की महिमा बताते हुए महात्मय का वर्णन किया और महात्मय की कथा सुनाई। मनुष्य का जो जीवन है उस जीवन में किस प्रकार से शिव की प्राप्ति होती है। देवराज ब्राह्मण की कथा सुनाई। किस प्रकार देवराज ब्राह्मण का शिव कथा को सुनकर के उद्धार हुआ। शिव महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर मनोज गोयल, दीपाली गोयल, संजय प्रजापति, गीता देवी, अनीता देवी, आशा फौजदार, नीलम, संजय सभासद आदि मौजूद रहे।



# रेल में सीट पर बैठने को लेकर भिड़ी दो महिला यात्री, वीडियों प्रसारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर रेलवे मार्ग पर सीट पर बैठने के लिए दो महिला यात्रियों में मारपीट हो गई। दोनों ने एक-दूसरे के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। महिलाओं की मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में सीट को लेकर दो महिला यात्रियों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों महिलाओं के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। दोनों महिला यात्री आपस में खिाड़ गई। इस दौरान वहां मौजूद अन्य यात्रियों ने महिलाओं को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। रेल में सवार किसी अन्य यात्री ने दोनों महिलाओं के आपस में झगड़ने की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।



## बोर्ड परिक्षाओं के दृष्टिगत सीसी टीवी कैमरों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** सोमवार से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की शुचिता, गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए माध्यमिक शिक्षा निर्देशालय के आदेश अनुसार छपरौली में स्थित श्री शांति सागर कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को केंद्र व्यवस्थापक, कार्यपालक मजिस्ट्रेट डा. शालिनी शुक्ला द्वारा स्कूल में लगे सीसी टीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा से पूर्व स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं व्यवस्था की समीक्षा भी की गई। डा.शालिनी शुक्ला ने बताया कि सोमवार से होने वाली हाई स्कूल व इंटर मीडियम की परीक्षा की सभी तैयारी कर ली गई है। हाईस्कूल की परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 तक रहेगी व इन्टरमीडिएट की परीक्षा का टाइम दोपहर 2:00 बजे से 5:15 तक रहेगा। हाई स्कूल के कुल बच्चों की संख्या 424 व इंटरमीडिएट के कुल बच्चों की संख्या 395 रहेगी। इस अवसर पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट डा. शालिनी शुक्ला, परीक्षा प्रभारी अंजू जैन, सुधा जैन, रेशु जैन, कार्यालय अधीक्षक ऋषभ गर्ग मौजूद रहे।



# मड़ौला में किसानों की महापंचायत में महिलाएं भी होंगी शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मड़ोला में होने वाली किसानों की महापंचायत में महिलाएं भी शामिल होंगी। रटौल थानाक्षेत्र में लहचौड़ा गांव में महिलाओं की एक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं से महापंचायत में पहुंचने का आहवान किया गया।

रटौल थाना क्षेत्र में लहचौड़ा गांव में महिलाओं की एक पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में मड़ोला में किसानों की होने वाली महापंचायत में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के पहुंचने का आहवान किया गया। लहचौड़ा गांव में भाकियू नेता दीपक शर्मा के आहवान पर पंचायत घर में भारतीय किसान यूनियन से जुड़ी महिलाओं की एक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए चंचल शर्मा, पुष्पा देवी, आशा रानी ने कहा कि मड़ोला में किसान पिछले आठ वर्षो से धरने पर अपनी मांग को लेकर बैठे हुए हैं लेकिन आज तक उनकी मागों को नही माना गया है। भाजपा सरकार में किसानों पर अत्याचार किया जा रहा है। किसान आज परेशान हैं किसानों को उनके गन्ने का भाव उचित नहीं दिया जा रहा है। मड़ोला में किसानों की जमीन यूपी सरकार ने अधिग्रहण की थी। समझौते के आधार पर किसानों के साथ न्याय नही हुआ है। उन्होंने कहा कि 23 फरवरी को भारतीय किसान यूनियन नेता राकैश टिकैत आ रहे हैं। जहां किसानों के हक की बात होगी। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को धरने में शामिल होने को कहा गया है। इस मौके पर पुष्पा देवी, सुमन, बबली, किशना, कोमल शर्मा, क्षमा शर्मा आदि मौजूद रहीं।



# नगर में फिर तैयार हो रही मौत की मचान, प्रशासन को नहीं खबर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** निर्वाण लड्डू महोत्सव के दौरान हुए हादसे को अभी एक महीना भी पूरा नहीं हुआ है। वहीं एक बार फिर उसी स्थल पर मचान लगाने का काम पूरे जोर-शोर से शुरू हो गया है। 24 फरवरी को प्रतिमा स्थापना का एक कार्यक्रम का आयोजन उसी स्थल पर किया जाएगा। जिसमे हादसे के दौरान खंडित हुई एक प्रतिमा का मंत्रोचार के साथ नई प्रतिमा को स्थापित किया जायेगा। हालांकि इस कार्यक्रम की आयोजको ने कोई परमिशन नहीं ली है। लेकिन सवाल ये है कि ज़ब बड़ौत मे इतना भयावह हादसा हुआ और उस कार्यक्रम की भी अनुमति जिला प्रशासन से नहीं ली गई थीं, वही इस कार्यक्रम की जानकारी भी जिला प्रशासन को नहीं है। अगर इस बार कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। दरअसल, बता दें कि बीती 28 जनवरी को बड़ौत मे निर्वाण लड्डू महोत्सव के दौरान 65 फूट का लकड़ी का मचान टूट गया था। जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई थीं और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इस घटना की जाँच के लिए जिलाधिकारी ने एक जाँच टीम गठित की थीं और एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। लेकिन घटना के 20 दिन से ज्यादा बीत जाने के बाद भी अभी तक उस हादसे की जाँच रिपोर्ट सामने नहीं आई। वहीं एक बार फिर उसी कार्यक्रम स्थल पर आने वाली 24 तारीख को एक कार्यक्रम रखा गया है। जिसकी परमिशन भी कार्यक्रम आयोजकों ने नहीं ली है। वहीं ज़ब इस बाबत प्रशासनिक अधिकारियों से बात करनी चाही तो उन्होंने इस कार्यक्रम की कोई भी जानकारी न होने की बात कही। अब देखना होगा कि इस कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में आगे क्या कार्रवाई होती है।



# रटौल-लोनी मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होने पर लोगों मे खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल लोनी मार्ग निर्माण कार्य शुरू हो गया है जिससे दर्जनो गावों के लोगो को फायदा होगा। वही दिल्ली जानें के लिए भी आसानी होगी। मार्ग पर कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगो में खुशी की लहर है।

रटौल ईदगाह मार्ग से लेकर लोनी क्षेत्र तक मार्ग के चौड़ीकरण और मार्ग निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। पिछले काफी समय से यह मार्ग जर्जर था और लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिससे गम्भीरता से लेते हुए क्षैत्रीय विधायक योगेश धामा ने मार्ग चौडीकरण और मार्ग निर्माण के लिए लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुलाकात की थी। जिसके बाद मार्ग निर्माण की मंजूरी मिली थी। मार्ग का निर्माण रटौल ईदगाह मार्ग से लेकर खड़खडी फाटक लोनी तक होना है। जिससे मार्ग चौडीकरण के बाद क्षैत्र के लोगो को फायदा होगा। हालकि सड़क खुदने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही लेकिन जल्द मार्ग निर्माण के बाद लोगो को भरपूर सुविधा मिलेगी और लोनी, दिल्ली जाने मे आसानी होगी। मार्ग निर्माण शुरू होने से क्षैत्र के लोगो मे खुशी है।



## बस स्टैंड पर खड़े ऑटो से अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में बस स्टैंड पर खड़े दो आटो से रात्रि अज्ञात चोर हजारों की स्टेपनी और ब्रेट्री चोरी कर ले गये। पीड़ित ने रटौल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

रटौल निवासी रिहान पुत्र शोकीन ने बताया की उसका आटो रात्रि बस स्टैंड के पास खड़ा था। रात्रि किसी समय अज्ञात चोर ऑटो से स्टेपनी और ब्रेट्री चोरी कर ले गये। इसके अलावा दादरी निवासी आशू के आटो से भी चोर समान चोरी कर ले गये। पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ रटौल चौकी पर तहरीर दी है।



## आर्य व्यायाम शाला में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में स्थित आर्य व्यामशाला में आर्य समाज के लोगों ने दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। इसमें प्रदेश के अनेक राज्यों से आए आर्य समाज के लोगों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। वार्षिक उत्सव में डांगरोल से आए सोमपाल आर्य ने गांव व देश की सुख समृद्धि के लिए हवन कराया। यज्ञमान कुश्ती कोच धर्मेंद्र खोखर द्वारा हवन संपन्न कराया गया। नजफगढ़ से आए आचार्य यशवीर ने कहा कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने देश को आजाद कराने के लिए बहुत योगदान दिया था। देश में घूमते-घूमते समाज को जागृत किया। इसी प्रकार जागृति के कारण राष्ट्र आज़ाद हो सका। स्वामी दयानंद सरस्वती ने नारी शिक्षा, नवजात शिशु, मूर्ति पूजा समाज में संस्कृति पाखंड का विरा. ेध किया था। कार्यक्रम के संचालक आर्य समाज के प्रधान एडवोकेट श्याम सिंह खोखर ने कहा कि वेद ज्ञान अमृत ज्ञान है। जिसे हर व्यक्ति को लेना चाहिए। इस अवसर पर मंत्री एडवोकेट भूपेंद्र वशिष्ठ, कोषाध्यक्ष चौधरी ज्ञानेंद्र सिंह, डा. भोपाल सिंह आर्य, प्रधानाचार्य जितेंद्र आर्य, योगेंद्र शास्त्री, रणपाल सिंह, नरेंद्र पहलवान, धर्मेंद्र पहलवान, आदि मौजूद रहे।



न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत।

विविध वाद सं.-17 सन् 2025

बिट्टू तोमर आयु करीब 40 वर्ष पुत्र स्व. सुमेर सिंह निवासी ग्राम सादतपुर जौनमाना तहसील बड़ौत जिला बागपत। प्रार्थी/वादी, बनाम, 1- श्रीमति जगवीरी आयु करीब 75 वर्ष पत्नी स्व. सुमेर सिंह 2-बबलू कुमार आयु करीब 44 वर्ष पुत्र स्व. सुमेर सिंह, निवासीगण ग्राम सादतपुर जौनमाना तहसील बड़ौत जिला बागपत। 3-श्रीमति पिंकी आयु करीब 46 वर्ष पुत्री स्व. सुमेर सिंह पत्नी रविन्द्र निवासी ग्राम धनेना जनपद शामली उ.प्र.। 4-श्रीमति मंजू आयु करीब 48 वर्ष पुत्री स्व. सुमेर सिंह पत्नी शान्तनु निवासी ग्राम सरूरपुर खूर्द जनपद मेरठ उ.प्र.। विपक्षीगण / प्रतिवादीगण, प्रार्थनापत्र अ.धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925, श्रीमान जी, हरगाह प्रार्थी/वादी ने विपक्षीगण / प्रतिवादीगण के विरुद्ध मान्य न्यायालय में वि.वाद सं......../2025 दायर की गयी है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 24.02.2025 को बरवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतलिक्का मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके जाहिर हो और जवाबदेही दावा की करे। और आपकी लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे। जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही इस्तदमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप बरोज मजकूर के हाजिर ना होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप अवधारित किया जायेगा।

आदेशत:, मुन्सरिम, न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन बागपत।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कॉलोनीवासियों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस यूनिट एक और तीन, जनता वेदिक कॉलेज के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिन की शुरुआत अत्यंत श्रद्धा और आस्था के वातावरण में पूर्व स्वयं सेवक अमन त्रिपाठी के द्वारा गायत्री मंत्र और योग के अभ्यास से की गई। इस सत्र ने सभी स्वयंसेवकों के मनोबल को ऊंचा किया और उन्हें मानसिक शांति एवं एकाग्रता की ओर प्रेरित किया। इसके पश्चात, राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस गीत का सामूहिक गायन हुआ, जिससे शिविर का माहौल ऊर्जा से भर गया और सभी स्वयंसेवकों में एकजुटता का एहसास हुआ। डा. मुकेश कुमार और अमित नागर, कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा चयनित कॉलोनियों, पटेल नगर और डूडा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकाली गई। इस फेरी के माध्यम से कॉलोनीवासियों को शिक्षा, साक्षरता और जनस्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने नारे लगाए, जो कॉलोनीवासियों को प्रेरित कर रहे थे। आयुष खोखर ने देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत एक प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की, जिसने सभी में राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति कर्तव्यों को निभाने का उत्साह जागृत किया। इसके अलावा, नितेश, शोभित, विद्यानीवास और खेमकरण ने साक्षरता पर नाटकीय रूप में नाटिका का मंचन किया, जिसने शिक्षा के महत्व को सरल और प्रभावी तरीके से दर्शाया और सभी को यह समझने में मदद की। साक्षरता से जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।



# 24 फरवरी से 26 फरवरी तक मनाया जाएगा यज्ञ हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** क्षेत्र के बिजरोल गांव में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव बाबा शाहमल की जन्म भूमि स्थल पर बड़ी धूमधाम के साथ 24 फरवरी से 26 फरवरी तक मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम गांव के आर्य समाज मंदिर में होगा। कार्यक्रम में विधि-विधान के साथ आर्य समाज के लोग यज्ञ हवन में आहुतियां देकर यज्ञ को संपन्न करने का काम करेंगे। प्रतिदिन सुबह शाम यज्ञ व प्रवचन का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में दूर दराज तक के आर्य समाज के लोग भाग लेंगे। इस संबंध में आर्य समाज के वेद सिंह तिरपाल रतन एवं वरिष्ठ समाजसेवी थांबा चौधरी यशपाल सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की बड़े हर्ष उल्लास के साथ बिजरोल गांव में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। बिजरोल गांव बाबा शाहमल की कर्मभूमि है। अंग्रेजों से लोहा लेने वाले बाबा शाहमल योद्धा स्वतंत्रता सेनानी कहलाए जाते थे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र लोकेन्द्र कुमार से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

महक सिंह पुत्र खासेराम निवासी ग्राम सरूरपुर कलां थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोहसीन व पुत्रवधु रहीमा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

फैय्याज उर्फ सागर पुत्र इसाक निवासी ग्राम भडल जनपद बागपत, हाल निवासी सीवन कैथल।

# करोड़ की जीएसटी चोरी मामले में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** क्राइम ब्रांच गौतमबुद्धनगर और थाना बीटा-2 पुलिस ने नोएडा में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए लगभग 18 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी करने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इन तीनों ने फर्जी फॉर्म बनाकर करोड़ों रुपए के फर्जी बिल बनाएं और सरकार को 18 करोड़ रुपए का चूना लगा दिया। इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक प्रदीप उर्फ पंकज शर्मा पुत्र रामप्रसाद शर्मा, दुष्यंत शर्मा उर्फ देवेंद्र शर्मा पुत्र लटूर चंद तथा सब्बन अहमद पुत्र जमील अहमद ने फर्जी जीएसटी फर्म रजिस्टर



कराकर लगभग 100 करोड रुपए के फर्जी बिल तैयार किये और इन फर्जी बिलों के आधार पर उन्होंने करीब 18 करोड रुपए कि जीएसटी चोरी कर ली।

पुलिस ने जांच के दौरान इन तीनों को अपराध शाखा बुलाया। पूछताछ के बाद इनकी जालसाजी का पूरा खुलासा हुआ और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किया गया प्रदीप उर्फ पंकज शर्मा गाजियाबाद का निवासी है। जबकि दुष्यंत उर्फ देवेंद्र शर्मा जिला बुलंदशहर और सब्बन अहमद दिल्ली रोहिणी का निवासी है।

पुलिस इन तीनों जालसाजों के आपराधिक इतिहास का पता लग रही है इनके खिलाफ थाना बीटा-2 और थाना सूरजपुर में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी में फिर विवाद, एक छात्रा को बाल पकड़कर दूसरी ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में छात्राओं के बीच मारपीट का एक नया मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 13 सेकंड के वीडियो में एक छात्रा को दूसरी छात्रा द्वारा बाल पकड़कर पीटते हुए देखा जा सकता है।

घटना यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में हुई। वीडियो में एक छात्रा जमीन पर बैठी हुई है, जिसे दूसरी छात्रा बाल पकड़कर पीट रही है। एक अन्य छात्रा बीच-बचाव की कोशिश कर रही है। मौके पर एक लड़का भी मौजूद था, लेकिन उसने कोई मदद नहीं की।यह घटना करीब दो दिन



पुरानी बताई जा रही है। इससे पहले भी यूनिवर्सिटी में एक ऐसा ही विवाद सामने आया था, जहां कुछ छात्राएं व्हाट्सएप ग्रुप में नंबर जोड़ने को लेकर आपस में भिड़ गई थीं। वर्तमान मामले में झगड़े का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।दनकौर कोतवाली पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एक मुश्त समाधान योजना अब इस साल जारी नहीं होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** व्यावसायिक वाहनों पर बकाया रोड टैक्स जमा करने की एक मुश्त समाधान योजना अब इस साल जारी नहीं होगी। परिवहन विभाग के अनुसार योजना इस वर्ष एक बार जारी हो चुकी है। ऐसे में एक साल में ही दूसरी बार योजना का जारी होना संभव नहीं है। पांच फरवरी को खत्म हुई योजना में लोगों को जुर्माने से शत प्रतिशत छूट दी गई थी। इसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया था।

### कार के शोरूम का लॉकर तोड़कर साढ़े तीन लाख रुपये चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-11 स्थित एक कार कंपनी के शोरूम से करीब साढ़े तीन लाख रुपये चोरी कर लिए और फरार हो गए। कंपनी के गेट पर दो गार्ड भी तैनात थे। दो चोर पीछे की दीवार से आए और शोरूम में घुसकर लॉकर तोड़कर घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में थाना सेक्टर-24 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कंपनी अधिकारी नरेंद्र बिष्ट ने पुलिस को बताया कि 15 फरवरी को वह शाम के समय अपनी ड्यूटी समाप्त करके कैश काउंटर बंद कर घर चले गए। जब 16 फरवरी को सुबह आए तो देखा कि कैश काउंटर का शीशा निकला हुआ है और काउंटर के अंदर स्थित लॉकर तोड़ा गया है। फिर वह सीसीटीवी फुटेज देखे तो दो चोर पीछे की दीवार से आते हुए दिखाई दिए और फुटेज में दिख रहा है कि तीन लाख 40 हजार 300 रुपये चोर निकाल कर ले जा रहे हैं। चोरों ने दीवार पर लगी लोहे की फेंसिंग को काटकर अंदर घुसे थे और सर्विस एरिया में जाकर कैश काउंटर का शीशा तोड़ा था। इसके बाद लॉकर तोड़कर उसमें रखी हुए कैश चोरी कर ली गई। चोर उसी तरफ की दीवार फांदकर वापस भाग गए। पीड़ित के अनुसार, उस समय कंपनी में सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड गेट पर थे। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# गैंगस्टर ऐक्ट का आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गैंगस्टर ऐक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गाजियाबाद के शालीमार गार्डन निवासी 21 वर्षीय जोहेब के रूप में हुई है। मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को शाल. ीमार गार्डन एक्सटेंशन स्थित उसकी दुकान से ही गिरफ्तार किया गया। जोहेब के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में तीन केस विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। अन्य थानों से भी उसका आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। जोहेब के कई साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वह चोरी और लूट की वारदात करता है। उसने नोएडा में भी कई आपराधिक वारदात की है।

# हर्ष फायरिंग में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवाल्वर जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अगाहपुर गांव में रविवार देर रात शादी समारोह में हुई हर्ष फायरिंग के दौरान ढाई साल के बच्चे की गोली लगने से मौत मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को नोएडा की थाना सेक्टर-49 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान हैप्पी हुई है।

पुलिस इस मामले में दीपांशू को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। हैप्पी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीम गठित की गई थी। पुलिस ने वो रिवाल्वर भी बरामद की। जिससे फायर किया गया था।हालांकि अभी ये तय नहीं हो सका है दिपांशू और हैप्पी किसकी गोली ढाई साल के बच्चे अंश को




लगी थी। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि दोनों ही दूल्हे की बग्गी पर थे। दोनों ही फायरिंग कर रहे थे। ऐसे में किसकी गोली अंश को लगी इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया हैप्पी का रिवाल्वर उसके पिता के नाम पर है। वो लाइसेंसी है।

**दोनों युवकों ने की थी फायरिंग:** बता दे 16 फरवरी की रात गुरुग्राम से अगाहपुर पहुंची बारात में हैपी और दिपांशु नाम के युवकों ने फायरिंग की थी। उसमें एक गोली अंश नाम के बच्चे के सिर पर लगी थी। घटना के समय अंश अपने पिता विकास शर्मा की गोदी में था और बारात देख रहा था।

गोली लगने की घटना का बारा. तियों को कुछ देर तक पता ही नहीं चला। इस दौरान आरोपी दनादन हर्ष फायरिंग करते रहे। आनन फानन में विकास अपने बेटे को लेकर अस्पताल पहुंचा। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विकास ने बताया कि उसकी नौकरी एक फर्म में लगी थी।

**35 दिन पहले आया था परिवार:** सोचा था परिवार के साथ यहां रहूंगा तो बच्चों की परवरिश अच्छी होगी। इसलिए एक साल की बेटी और ढाई साल के अंश को लेकर 35 दिन पहले गांव से नोएडा आ गया। वह प्यार से जिंदगी गुजार रहा था। एक दिन में सब कुछ उजड़ गया।

# यीडा क्षेत्र में 14 कंपनियों में काम शुरू, किया करोड़ों का निवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे अब 14 कंपनियों ने नए कारखाने स्थापित कर उत्पादन भी शुरू कर दिया है। इन कंपनियों ने भारी निवेश किया है और अब यहां स्थापित कारखानों ने काम करना शुरू कर दिया है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

यीडा क्षेत्र में निवेश करने वालों में वीवो ने 7,000 करोड़ रुपये, सूर्या ग्लोबल ने 953 करोड़ रुपये, एवरी डेनिसन ने 231 करोड़ रुपये, बीक. ानेरवाला ने 160 करोड़ रुपये और माउंटेड लिमिटेड ने 48 करोड़ रुपये का निवेश किया है।यीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण वीर सिंह के मुताबिक, विभिन्न कंपनियों के निर्माण की गति को देखते हुए हमें उम्मीद है कि कम से कम 200 इकाइयां जल्द उत्पादन शुरू करेंगी और यहां रोजगार और व्यवसाय के अवसर पैदा करेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि हमने इन कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे कर्मचारियों की भर्ती के दौरान स्थानीय किसानों के बच्चों को प्राथमिकता दें ताकि उन्हें रोजगार मिल सके।यीडा की तरफ से कहा गया है कि उसने 3.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया है। इसके साथ ही 3,041 औद्योगिक भूखंड आवंटित किए हैं और 1,880 एकड़ औद्योगिक भूमि बेची है। अरुण वीर सिंह ने आगे कहा कि एक बार जब ये सभी इकाइयां शुरू हो जाएंगी तो यमुना एक्सप्रेसवे के साथ-साथ क्षेत्र में अनुमानित 4,50,000 नौकरियां पैदा होंगी। हमने 1,553 भूखंडों की रजिस्ट्री की है और 980 आवंटियों को कब्जा दे दिया है। इसके साथ ही 114 कंपनियों का निर्माण कार्य चल रहा है, जो एक साल के अंदर काम करना शुरू कर देंगी।2024 में वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 21 अक्टूबर 2024 को मोबाइल फोन, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का उत्पादन शुरू किया।

### घर से लाखों रुपये कीमत गहने और नकदी चोरी

**नोएडा।** बरौला गांव मं काम पर गई महिला के घर में लाखों रुपये के गहने और कैश चोरी हो गए। जिस बैग को चोर ले गए हैं, उसमें पीड़िता का शादी का कैसेट और अन्य दस्तावेज मौजूद हैं। इस मामले में थाना सेक्टर-49 पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-49 स्थित बरौला गांव में रहने वाली सुमन लता ने पुलिस को बताया कि वह यामाहा विहार बरौला गांव में रहती हैं। पीड़िता के अनुसार वह 19 फरवरी को वह जेपी ग्रीन रिसार्ट ग्रेटर नोएडा में काम करने चली गई थीं। दोपहर तीन बजे करीब एक चोर उनके घर पर आया और उसने घर में रखे एक बैग को चोरी कर लिया। पीड़िता के अनुसार बैग में उनके लाखों रुपये कीमत के गहने और नकदी थी। साथ ही शादी की वीडियो कैसेट भी रखी हुई थी।

# सीएसआर रिसर्च फाउंडेशन और बीपीसीएल द्वारा सातवें ओपन जिम का भव्य लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीएसआर रिसर्च फाउंडेशन और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त प्रयास से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-39, नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) में सातवें ओपन जिम का शुभारंभ किया गया। यह जिम छात्रों, स्थानीय युवाओं और समुदाय के अन्य सदस्यों को फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण अग्रवाल (प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और समाजसेवी) ने जिम का उद्घाटन किया, वहीं विशिष्ट अतिथि दीनदयाल अग्रवाल (चेयरमैन, रिसर्च फाउंडेशन) ने इस पहल को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान बताया।

कार्यक्रम में (डॉ.) राजीव कुमार गुप्ता (प्रधानाचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर-39, नोएडा) ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और छात्रों के समग्र विकास के लिए इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह जिम महाविद्यालय के विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक रूप से सक्रिय रखेगा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण के साथ हुई। कॉलेज के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि फिटनेस केवल व्यक्तिगत लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के विकास में योगदान देता है। उन्होंने कहा, स्वस्थ नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। यह ओपन जिम युवाओं को नियमित व्यायाम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर श्री विष्णु गोयल (प्रमुख समाजसेवी), डॉ. सुनील कुमार (बै विशेषज्ञ), गिरीश चौहान (शिक्षाविद्), शालिनी त्यागी (महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ता), श्री अमित शर्मा (स्थानीय पंचायत सदस्य), मंडल अध्यक्ष नीरज चौधरी ,मंडल अध्यक्ष राम किशन जी सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे युवाओं के लिए एक बड़ी सौगात बताया।

# ग्रेनो में 33 सौ ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का काम पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** शहर को गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने तैयारी पूरी कर ली है। अब तक 3300 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य पूरा हो चुका है। लोड के हिसाब से ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने, रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) स्थापित करने के साथ अंडरग्राउंड एचटी (हाईटेंशन) लाइन बिछाने व क्षतिग्रस्त एलटी (लो टेंशन) केबल को बदला जा चुका है। इस बार बिजली की मांग लगभग 900 मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, बाकि बचे मरम्मत का कार्य 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

दरअसल गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ने पर ट्रिपिंग की



समस्या बढ़ जाती है। लोड अधिक होने पर फॉल्ट भी हो जाता है। पिछले साल जुलाई माह में ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बिजली की मांग 775 मेगावाट पहुंची थी। ऐसे में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए एनपीसीएल अपने नेटवर्क को दुरुस्त करने में जुट गया है। इस कर्म में तक 3300 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर को दुरुस्त करने का काम पूरा कर लिया गया है। निर्बाध आपूर्ति में किसी

> गर्मियों में उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए मरम्मत का काम जोरों पर है। पिछले साल बिजली की रिकॉर्ड मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया था।
>
> **-मनोज झा, प्रवक्ता, एनपीसीएल**

तरह का व्यवधान न आए, इसके लिए 35 रिंग मेन यूनिट (आरएमयू) स्थापित किए जा चुके हैं और बाकी का काम चल रहा है। कंपनी के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि 35 किमी अंडरग्राउंड एचटी ( हाई टेंशन) लाइन बिछाने के साथ-साथ 70 किलोमीटर क्षतिग्रस्त एलटी (लो टेंशन) केबल को बदला जा चुका है। एचटी लाइन में फीडर की मरम्मत और एलटीए नेटवर्क की मरम्मत का काम भी जोरों पर है। अब तक 1500 जंक्शन बॉक्स बदले जा चुके हैं, 2200 जंक्शन बॉक्स का मेंटिनेंस किया जा चुका है। 243 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर लगाए गए हैं।

बीते साल दिवाली के आसपास दो विद्युत उपकेंद्र चालू किए गए थे। निर्बाध विद्युत आपूर्ति में इसका भी फायदा मिल सकता है। अब देखना होगा कि गर्मी के मौसम में इन तैयारियों का कितना फायदा मिलेगा। वहीं सेफ्टी और बेहतर नेटवर्क के लिए 220 पोल भी बदले गए हैं। 100 नए फीडर पिलर लगाए गए और 200 फीडर पिलर बदले गए हैं। डेल्टा-3 और साइट-सी में दो ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाई गई है।

### रेलवे रोड पर कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बुलंदशहर के चोला निवासी अमन कुमार के रूप में हुई है। शुक्रवार रात को अमन नोएडा से एक शादी समारोह में शामिल होकर बुलंदशहर लौट रहा था। वह बाइक से दनकौर रेलवे रोड होते हुए सिकंदराबाद की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

# नए कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने 40 टन क्षमता के दो नए कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने की तैयारी तेज कर दी है। इसमें 15 मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी और 25 बायो मैथनाइजेशन टन कूड़े का निस्तारण होगा। कूड़ा निस्तारण प्लांट लगाने के लिए प्राधिकरण ने एजेंसियों से आवे. दन मांग रखे हैं। इसमें 27 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गीले कूड़े के निस्तारण के लिए वेस्ट टू एनर्जी प्लांट भी स्थापित किया जाएगा। इसके लिए जगह देखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अभी सेक्टर-145 में पूरे शहर का कूड़ा डाला जा रहा है। वहां दो लाख मीट्रिक टन कूड़ा इकट्ठा हो रखा है। इसके निस्तारण की प्रक्रिया चल रही है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि नया प्लांट 40 टन क्षमता का होगा। इसे 5 हजार वर्गमीटर एरिया में लगाया जाएगा। इनमें एक सेक्टर-119 और दूसरा संभवत: 50 में लगाया जाएगा। कंपनी डोर टू डोर गारबेज कलेक्शन करने का काम भी करेगी। इसके लिए उनको सेक्टर के बारे में जानकारी दी जाएगी। कंपनी 15 साल तक कूड़े का वैज्ञानिक पद्धति का निस्तारण करागी। इसके बाद एजेंसी का काम बेहतर हुआ तो इसे तीन साल के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्राधिकरण ने बताया कि प्लांट लगाने के लिए कंपनी से आवेदन मांगे गए है। कंपनियां 27 फरवरी तक आवेदन कर सकती है। 28 फरवरी को बिड खोली जाएगी। जिसमें कम लागत पर काम करने वाली एजेंसी का चयन किया जाएगा। अगले कुछ महीने में इनके बनने की शुरुआत हो जाएगी।

# फूलों से गुलजार हुआ शिवालिक पार्क, वीकेंड में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नोएडा।** सेक्टर-33 ए शिवा. लिक पार्क में चल रहे बसंत महोत्सव के अंतर्गत फ्लावर शो में एक से बढ़कर एक फूलों की वैरायटी देखने को मिल रही है। इसमें बड़ी संख्या में नोएडियंस के साथ ही एनसीआर के अन्य शहरों से लोग देखने पहुंच रहे हैं। 100 प्रजातियों के पुष्पों से पूरा शिवा. लिक पार्क महक रहा है।

फ्लावर शो में इस बार की थीम षडिमोर फोटिकाष है। यहां 100 प्रजातियों के पुष्पों को रखा गया है, जिसके लिए करीब ढाई लाख गमले लगाए गए हैं। 10 से ज्यादा स्टेट के राजकीय पुष्प को भी इसमें शामिल किया गया है।फ्लावर



शो में बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर महाकुंभ की झलक देखने को मिल रही है।

यहां स्पॉट गार्डन के अलावा रॉक गार्डन की तर्ज पर लोहे के कबाड़ से बनाए गए जंगली जानव. रों को रखा गया है। इसके अलावा कुंभ कलश, आम और चाय केतली को रखा गया है। बसंत महोत्सव में प्रवेश करने के लिए फूलों का भव्य गेट बनाया गया है। वहीं, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम, लेजर शो और कवि सम्मेलन होगा। इसमें 40 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं। जिसमें कई



पुष्प नैनीताल और भीमताल से लाए गए हैं। बीज, खाद, नर्सरी, खेती के औजार, उद्यान का सजावटी सामान लोगों में खासा पसंद किया जा रहा है।

फ्लावर शो में एक से बढ़कर एक प्रकृति प्रेमियों के स्टॉल लगे हुए हैं। जिसमें बोनसाई स्पेशलिस्ट, नर्सरी संचालक, पौधों की विक. सित वैरायटियों पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं। साथ ही यहां पर कृषि यंत्रो की भी बड़ी श्रृंखला, गमलों में उगने वाले पौधों, बीज और सजावटी पौधे देखने को मिल रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बीपैक्स समिति ऊन में दिनदहाड़े लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** बीपैक्स समिति ऊन में दिनदहाड़े चोरों ने लाखों रुपए की चोरी कर ली चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई सुबह जब समिति पर कर्मचारी पहुंचे तब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे बंद पाए तथा कैश भी नहीं मिला इसके बाद समिति के एमडी ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तथा सीसी टीवी फुटेज कब्जे में ली पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

ऊन ब्लॉक में स्थित बी पैक्स समिति पर शुक्रवार सुबह करीब 7:00 बजे अज्ञात चोर द्वारा कर्मचारी के मकान से समिति कार्यालय की ताली चुराकर ताला खोलकर कार्यालय के अंदर अलमारी में रखी करीब 239000 की नकदी चोरी कर ली सुबह जब कर्मचारी समिति पर आए तब उन्हें सीसीटीवी कैमरे व इनवर्टर बंद मिला उसके बाद अलमारी में कैश भी नहीं मिला इसके बाद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया उन्होंने सीसीटीवी फुटेज की जांच की जिसमें एक युवक ताला खोलकर समिति के अंदर घुसता हुआ दिखाई दिया उसके बाद उसने सीसीटीवी बंद करने के लिए इनवर्टर बंद कर दिया तथा कैश लेकर फरार हो गया फुटेज में एक अन्य युवक भी संधिग्ध की अवस्था में दिखाई दे रहा है समिति के एचडी मोनू कुमार सभापति गुरप्रीत सिंह ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर जाकर सीसीटीवी फुटेज की जांच कर कब्जे में ले लिया तथा चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

समिति पर तैनात कर्मचारी जहीर समिति के पीछे बने क्वार्टर में रहता है उसी के पास समिति कार्यालय की चाबी रहती है जहीर ने बताया कि उसने कमरे में चाबी रखी हुई थी तथा वह अपने कमरे की चाबी बंद कर बाहर छुपा कर रख कर अपने खेत पर चला गया था उसके बाद उसके कमरे की चाबी उठाकर चोरों ने कमरे में से समिति कार्यालय की चाबी चुरा ली तथा घटना को अंजाम दे दिया इस प्रकरण में पुलिस को कुछ अहम सुराग भी लगे हैं पुलिस दो संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ कर रही है।

# स्लोगन प्रतियोगिता में शुभ कुमार व सागर कुमार को मिला प्रथम पुरुस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थाना भवन में भारत मानक ब्युरौ द्वारा एक पोस्टर बनाने एवम स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विज्ञान वर्ग के लगभग 35 छात्रों ने जो की भारत मानक ब्युरौ में सम्मिलित हैं भाग लिया।

इन सभी छात्रों में से दो छात्रों शुभ कुमार और सागर कुमार को प्रथम पुरस्कार नकद 1000 रूपए परमजीत और सचिन कुमार को द्वितीय पुरस्कार नकद 750 रूपए तथा आदित्य और अजीम को तृतीया पुरस्कार नकद 500 रूपए दिया गया। ज्ञान साधन प्रसार अधिकारी सचिन प्रताप ने भारत मानक ब्यूरो तथा विभिन्न उत्पादों संबंधित जानकारी बच्चों को दी तथा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता को परखने तथा असली नकली की पहचान करने के लिए भारत मानक ब्युरौ की ऐप के बारे में बताया कि किस तरीके से हम भारत मानक ब्युरौ एप्लीकेशन के द्वारा विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता की जांच कर सकते हैं इसी के साथ ही प्रधानचार्य




**थानाभवन। स्लोगन प्रति. में विजयी प्रतिभागी।**

चंदेश्वर प्रसाद द्वारा भारत मानक ब्युरौ के विषय में बच्चों को विशेष जानकारी दी गई। भारत मानक ब्युरौ के मेंटर प्रवक्ता प्रेम प्रकाश द्वारा विद्यालय में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उन्होनें बच्चों को भारत मानक ब्युरौ के बारे में विशेष जानकारी देते हुए टीम के साथ मिलकर प्रथम द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं का नाम घोषित किया तथा विजेता छात्रों को प्रधानाचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया एवम अन्य छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए पुरुस्कार के रूप में एक नोटबुक,रजिस्टर तथा दो पेन दिए गए इसी के साथ सभी बच्चों रिफ्रेशमेंट के रूप में जूस, चॉकलेट, बिस्कुट,केक, केला, सेब आदि दिया गया। कार्यक्रम में अन्य शिक्षक क्रमश लवलेश कुशवाहा, कृष्ण मोहन शुक्ला , नकुल पाराशर , विपुल शुक्ला , आदिल खान ,लोकेश कुमार , मनोज कुमार शर्मा ,एवम प्रमिला ,नितिका ,कोमल ,सोनिया आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## चौसाना से लक्ष्मीपुरा मार्ग पर खड़ंजे का कार्य रुका

**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा के नदी वाले सेक्टर पर खड़ंजा लगाने का कार्य जारी था, लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्धारित 315 गट्टे का सेक्टर अब मौके पर कम नजर आ रहा है। इसी बीच, खेत की नापजोख को लेकर चल रहे विवाद के कारण कार्य कई दिनों से बाधित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अशरफ अली पुत्र नगीना ने अपने खेत की नापजोख को लेकर दो-तीन दिनों से लगातार खड़ंजा कार्य रुकवा रखा है। आज एक बार फिर उन्होंने काम बंद करवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि अशरफ अली ने सेक्टर की जमीन पर कब्जा कर रखा है और उसे खाली करने से साफ इनकार कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने चौसाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया और आश्वासन दिया कि कल पटवारी को बुलाकर भूमि की पैमाइश कराई जाएगी, जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, खड़ंजा कार्य रुका हुआ है और ग्रामीण इस समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

# चौसाना पहुंची पीडीए यात्रा, 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार 27 जनवरी से लगातार चल रही पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) यात्रा चौसाना में पहुंची। इस अवसर पर इमरान राना, प्रदेश सचिव लोहिया वाहिनी, के कैंप कार्यालय पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के कई सम्मानित साथियों ने भाग लिया।

इस बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में पीडीए सरकार बनाने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए इमरान राना ने कहा कि यह यात्रा समाज के पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को एकजुट करने और उनके हक व अधिकारों की रक्षा के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा की नीति हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की रही है, और 2027 में प्रदेश में फिर से एक जनहितकारी सरकार बनाई जाएगी।

बैठक में विशेष रूप से मुजम्मिल, कदीर, रिंकू, अबरार, हसन प्रधान, मुरसलीन, कारी नसीम साहब, सोनू, विकास सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकमत होकर समाजवादी विच. ारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और जन-जन तक इस यात्रा का संदेश पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी कर अपने समर्थन का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल संगठन को मजबूत करेगी बल्कि जनता के मुद्दों को उजागर कर, सपा की जनहितकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी।

## एक नजर

### झूठा निकला वायरल वीडियो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डीजे के बाद शादी में गए लड़के की मौत की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमे आलिमों की तोहीन कर डीजे बजाने को लेकर शादी में गए युवक की मौत होना बताया। जबकि दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति की मौत हुई थी। वायरल वीडियो के बारे में खुफिया विभाग ने भी पड़ताल की, लेकिन मामला कुछ और निकला। शादी में गया दूल्हा सुरक्षित है। शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें वीडियो बनाने वाले युवक ने कहा कि शादी में डीजे बजाने को लेकर कस्बे में गत माह मीटिंग हुई थी, जिसमे सभी इमाम ने कस्बा तथा देहात में अगर किसी के यहां शादी में डीजे या आतिशबाजी की गई तो कोई भी इमाम या मौलवी उसका निकाह नहीं पढ़ाएगा। युवक ने कहा कि कस्बे की बस्ती चंदनपुरी में आई एक बारात के लोगों ने धोखे से इमाम से निकाह पढ़वा लिया तथा बाद में डीजे पर नाच गाना और आतिशबाजी की। अगले दिन इसी परिवार के युवक की बारात पानीपत गई थी, जिसमे आलिमों की बेइज्जती करने पर युवक की सड़क हादसे के दौरान मौत हो गई। पड़ताल करने पर पता चला कि दूल्हा की साथ कोई दुर्घटना नहीं हुई। हालाकि पड़ोस के रहने वाले यूनुस की कैराना रोड गांव गोगवान के निकट बाईकों की भिड़ंत हो गई थी, जिसमे व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि हमें इस तरह की किसी वीडियो की कोई जानकारी नहीं है।

### अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली रामस. ेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआरी अहसान पुत्र इब्राहिम निवासी मौहल्ला तलाही कस्बा व थाना झिंझाना को सट्टा लगाते हुए नकदी 4480 रूपए एवं पर्चा सट्टा गत्ता व पैन्सिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालानी कार्रवाई की है।

### कथाव्यास महाराज ने किया प्रवचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** श्रीमद्‌भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में सहारनपुर से पधारे कथाव्यास मनोज जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा करने के लिए प्रभु अवतार लेते हैं। विप्र-धेनु सुर-संत आदि सभी प्राणी प्रभु के अवतार से सुखी हो जाते है। रावण कंस जैसे अत्याचारीयों का अन्त करने के लिए कभी राम कभी श्याम बनकर प्रभु मानव लीला करते है। तपस्या करने से भगवान खुश होते है। गौमता की कृपा से वंश की वृद्धि होती है।

महाराज जी ने कहा कि
आंसू से गोविन्द मिलता है!
आंसू से ही मन खिलता है!!
अश्रुधारा की शक्ति से
त्रिभुवन का स्वामी हिलता है!!

गौपालन करने वाले मनुष्य भगवान कृष्ण को बहुत अच्छे लगते है! कथा प्रसंग को आगे बढाते हुए महाराज जी ने कृष्ण जन्म की सुन्दर कथा सुनाई !

हाथी घोडा पालकी
जय कन्हैयालाल की
नन्द के आनन्द भयो
जय कन्हैयालाल की
जयघोष से सारा वातावरण कृष्णमई हो गया।

### रमजान व होली पर्व को लेकर की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना प्रांगण में रमजान तथा होली को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने त्योहार को शांति पूर्वक मानने की अपील की। किसी भी तरह का हुड़दंग, दंगा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने कहा की आने वाले रमजान तथा होली के त्योहारों में कोई किसी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नही किया जाएगा। हुड़दंग करने वालो के खिलाफ पुलिस की ओर से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने दोनो समुदाय के लोगो से कहा कि आप सब समझदार तथा जिम्मेदार लोगों का दायित्व बनता है की ऐसे लोगो की जानकारी पुलिस को दें जो त्यौहार में विघ्न डालने की मंशा रखते हों, जिस पर समय रहते पुलिस उनके खिलाफ कार्यवाही कर सके। मंदिरों तथा मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, कारी इरशाद, हाफिज अय्यूब, शेर सिंह, मुकीम, आलमगीर सभासद, नदीम खान, महबूब अली, असलम मालिक सहित कस्बा व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं ने मचाया धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल में कक्षा 8 के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के चेयरमैन दिग्विजय राणा और प्रधानाचार्य पूजा राणा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा सात की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत से किया गया। उधर छात्रों के द्वारा हिप-हॉप डांस की शानदार प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया गया। इसके बाद छात्राओं ने खूबसूरत लोक नृत्य को पेश किया।

आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हें को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। फेयरवेल पार्टी में




**थानाभवन। फेयरवेल पार्टी में सम्मानित छात्र-छात्राएं।**

सातवीं एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति शाम के तीन बजे तक जारी रही।

कार्यक्रम में हास्य-व्यंग्य, नृत्य, गीत, एकांकी और सामाजिक कुरी. तियों पर प्रहार करने वाले कार्यक्रम शामिल रहे। बच्चों ने हर कार्यक्रम को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया तथा दर्शकों की वाहवाही बटोरी। प्रधानाचार्य पूजा राणा ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो- उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो। उस विचार से अपने मस्तिष्क, पेशियों, कोशिकाओं, शरीर के हरेक भाग को उससे भरने दो और दूसरे अन्य विचारों को अकेला छोड़ दो। यही सफलता का रास्ता है। प्रबंधक दिग्विजय राणा ने आठवीं के छात्रों को उपहार भेंट किए।

# वेल्डिंग मिस्त्री की अचानक मौत





**मृतक का फाइल फोटो व रोते बिलखते परिजन।** **छाया शाह टाइम्स**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पिछले चार महीनों से बिहार में कार्य कर रहे वेल्डिंग मिस्त्री की अचानक मौत हो गई। देर रात्रि ठेकेदार मिस्त्री के शव को लेकर गांव पहुंचा और बीमारी के चलते मौत होने की बात कहकर फरार हो गए। शनिवार सवेरे ग्रामीणों और परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया और मुआवजे की मांग की। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव टिटौली निवासी 37 वर्षीय अमरपाल उर्फ कल्लू पुत्र नयन सिंह गत चार माह पूर्व ठेकेदार जोगिन्द्र के साथ बिहार के जिला बरौली क्षेत्र के गांव फिरोजपुर में वेल्डिंग का काम करने के लिए गया था। मृतक अमरपाल की पत्नी सुरेश देवी ने बताया कि गुरूवार को उसके पति की फोन पर बात हुई थी वह बिल्कुल ठीक थे, लेकिन शुक्रवार को अचानक ठेकेदार का फोन आया कि उसकी तबीयत खराब है और अस्पताल में भर्ती है। थोडी देर बाद ही उसने पति की मौत की जानकारी दी। बताया कि रात्रि करीब एक बजे वह एम्बुलेंस लेकर पहुंचा और अमरपाल का शव देते हुए अस्पताल में उपचार के कागजात देकर फरार हो गया। शनिवार सवेरे होने पर परिजनों व ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार दिया और हंगामा किया। सूचना पाकर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से वार्ता कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आर्थिक सहायता प्रदान कराने की मांग पर अडे रहे। जिसके बाद नायाब तहसीलदार उमेश कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदेश सरकार से आर्थिक सहायता प्रदान कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए और अमरपाल के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# शतरंज में दिखाई प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शनिवार को शहर के मंदिर ठाकुरद्वारा में भारत विकास परिषद अमृत शाखा द्वारा दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पहले दिन विभिन्न संस्थाओं के खिलाडियों का तीन राउंड में खेल संपन्न हुआ है। शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ एनसीआर क्षेत्र के सविच विनीत संगल व संस्थापक पाल गोयल ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसमें तीन राउंड हुए। पहले राउंड में राहुल वर्मा व दीपक वशिष्ठ, अमित कुमार तीन तीन अंक लेकर आगे बढत बनाए हुए है। दूसरी राउंड में अर्पित सैनी, प्रांजल शर्मा दो-दो अंकों के साथ पीछे रहे। पहले दिन लायंस क्लब शामली क्राउन, भारत विकास परिषद सहित कई संगठनों ने पदाधिकारियों ने शतरंत प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट चेयरमैन सचिन सैनी, पंकज अग्रवाल, खजांची, अर्जुन वर्मा, संजीव कश्यप, विक्रांत भार्गव, राजेश चौधरी, वैभव प्रकाश गोयल, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे।

# शरीयत के मुताबिक गुजारें जिंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** करीबी ग्राम सीरवासुचंद में वाका मदरसा शमशुल उलूम के जेर ए एहतमाम एक इस्लाही इजलास ए आम का इनएकाद किया गया। जिसको खिताब करते हुए मेहमान ए खुसूसी मुफ्ती वसीम अहमद मेरठी ने कहा कि अल्लाह रब्बुल इज्जत ने इंसानों की हिदायत के लिए अम्बिया अलैहिस्सलाम को जमीन पर भेजा और जब सबसे आखिर में हजरत मौहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को रसूल बनाकर और नबूवत की आखिरी मोहर लगाकर दुनिया में मबऊस फरमाया और इंसानों की हिदायत के लिए यही आखिरी दीन व शरीअत है, जिसके मुताबिक जिंदगी बशर करना जरूरी है।

मुफ्ती वसीम अहमद ने आगे कहा कि इस्लामी तालीमत का मकसद दिलों की गंदगी को साफ करना और अल्लाह की वहदानियत का इकरार करना है और बन्दा यह



भी इकरार करे के जो कुछ भी होता है सब अल्लाह की जानिब से होता है। उसकी इताअत व फरमाबर्दारी करें और यह भी यकीन करें के चांद, तारे, सूरज, जमीन व आसमान समेत पूरी कायनात को उसी ने तखलीक किया और वहीं कायनात के निजाम को चलाता है और वही सबका रब है। इन्होंने कहा के इस दीन को हम तक पहुंचाने के लिए अम्बिया ए इकराम और सहाबा ए इकराम ने बड़ी तकलीफ और मुसीबतें बर्दाश्त की। जिसको राह से हटाने और भटकाने के लिए दुनिया भर की तमाम इस्लाम दुश्मन ताकतें मुसलमानों के पीछे लगी हुई है, जो मुख्तलिफ हीले बहानों से नौजवान नस्लों को गलत राह पर चलाना चाहते हैं। ऐ ईमान वालों अगर चाहते हो के आपकी आने वाली नस्लें इस्लाम दुश्मन ताकतों का खिलौना ना बने और अरताद से महफूज रहें, तो नौजवानों को दीनी तालीम दिलाओ।

# नॉनवेज होटलों पर खाद्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नॉनवेज होटलों पर खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी की और मौके से सैंपल भी लिए गए। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

खाद्य विभाग की टीम ने कस्बे में स्थित नॉनवेज होटलों पर छापेमारी करते हुए खाने की गुणवत्ता को परखा। साथ ही खाने में मिलाई जा रही खाद्य सामग्री को भी जांचा गया। इस दौरान खाद्य विभाग की टीम ने दो नॉनवेज होटलों से सैंपल भी भरे,जिन्हें जांच हेतु लैब को भेजा जाएगा।खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से होटल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

कस्बे में बड़े पैमाने पर नॉनवेज होटल खोले जा रहे हैं,जहां लजीज व्यंजनों के नाम पर ग्राहकों को घटिया किस्म की क्रीम मिलाकर चिकन परोसा जा रहा है,जबकि होटल संच. ालक ग्राहकों को अंधेरे में रखकर उन्हें क्रीम के नाम पर मात्र व्हाईट क्रीम नुमा पय पदार्थ परोस रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ नॉनवेज होटल ऐसे भी हैं, जहां ग्राहकों की सेहत के साथ खुला खिलवाड़ किया जाता है और उन्हें बासी खाना तक परोस दिया जाता है,ऐसे में अगर कोई बड़ी घटना हुई तो जिम्मेदार कौन होगा।वहीं चिकन की गुणवत्ता से होटल संचालक पूरी तरह से अनजान है। ग्राहक सिर्फ चिकन समझकर ही उसे खा रहे हैं,चिकन की गुणवत्ता को नजर अंदाज किया जा रहा है। कई स्थानों पर तो अंडों से रिटायर मुर्गियों को लजीज मसलों से तैयार करके ग्राहकों की टेबल पर पहुंचाया जा रहा है। खाद्य विभाग की टीम ने कस्बे में मात्र दो ही नॉनवेज होटलों पर छापेमारी की है,जो ऊंट के मुंह जीरा साबित हुई है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

कस्बे में रूटीन चेकिंग की गई है,फिलहाल दो होटलों से सैंपल लिए गए हैं। अगर खाने मिलावट पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**अनन्त कुमार**
**फूड इंस्पेक्टर कैराना**

## हेपेटाइटिस बी का इंजेक्शन लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला शामली के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर नवजात को हेपेटाइटिस-बी के संक्रमण से बचाने वाला हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन आ गया है। इसे नवजात बच्चों को मुफ्त लगाया जाएगा। डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, शामली के द्वारा अवगत कराया गया की हेपेटाइटिस बी से संक्रमित गर्भवती माता से नवजात शिशु को होने वाले संक्रमण को रोकने के लिए आवश्यक हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन भी नि:शुल्क उपलब्ध हो गया है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन इजेक्शन नवजात शिशु के पैदा होने के उपरान्त शीघ्र अति शीघ्र चौबीस घंटे के अन्दर लगाया जाता है।

# सफाई कर्मी को बाइक की टक्कर मारने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाइवे पर सफाई करते जी आर कम्पनी के कर्मचारी को टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पीड़ित के बेटे की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। क्षेत्र के गांव मवी निवासी सादिक पुत्र शाहिद ने कोतवाली पर तहरीर देकर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।बताया है कि मेरा पिता शाहिद जी आर कम्पनी में कर्मचारी है,जो सड़क निर्माण व सफाई आदि का कार्य करता है। गत 31 जनवरी की प्रात:लगभग नौ बजे मेरा पिता शाहिद नेशनल हाइवे पर सेफ्टी जोन के तहत सफाई कार्य कर रहा था। इसी दौरान सरफराज पुत्र सालिम निवासी ईदगाह कैराना बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार होकर तेजगति से पहुंचा और सफाई कार्य कर रहे शाहिद को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। साथी कर्मचारियों ने गंभीर घायल शाहिद को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया,जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। बाद में परिजन उसे लेकर पानीपत के एक निजी अस्पताल में पहुंचे थे,जहां से उसे जनपद करनाल के कल्पना चावला हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया था। इस दौरान सफाईकर्मी शाहिद की गले व पैर की हड्डियां टूट गई थीं।उपचार कराने के लगभग 22 दिन बाद पीड़ित के बेटे की ओर से कोतवाली कैराना पर तहरीर दी गई है।

# दहेज के लिए विवाहिता की गला दबाकर हत्या की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहल्ला इस्लामाबाद में एक युवक ने दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी। वह उसे अस्पातल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुट गई।

मेरठ के थाना लोहियानगर क्षेत्र के नूर गार्डन निवासी इरफान ने बताया कि उसने अपनी 23 वर्षीय शाहीन की शादी दो माह पूर्व सरधना के मोहल्ला इस्लामाबाद में की थी। शादी के बाद से ही शाहीन को ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर परेशान कर रहे थे। दहेज में कार की मांग उससे की जा रही थी। इरफान ने बताया कि शनिवार सुबह शाहीन के पति ने उसकी तबीयत खराब होने की सूचना दी। बताया कि मेरठ के एक निजि अस्पताल में उसको उपचार के लिए भर्ती कराया है। सूचना मिलते ही वे वहां पहुंचे शाहीन मृत अवस्था में थी। उधर, अस्पताल स्टाफ ने शक होने पर आरोपी पति को पहले ही पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। पूछताछ में आरोपी ने गला दबाकर हत्या की बात कुबूल की। फिलहाल पुलिस ने विवाहिता के शव



को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम शाहीन के परिजन सरधना थाने पहुंचे। उन्होंने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस जांच में जुट गई थी।

## सिवाल खास में दिनदहाड़े गाड़ी से पहिया चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कस्बा सिवाल खास में दिनदहाड़े एक वैगेनार गाड़ी में से पहिया चोरी हो गया। जानी थाने में तहरीर देते हुए सिवाल खास निवासी नफीस पुत्र हनीफ ने बताया कि किराए पर गाड़ी चलाता है और अपने परिवार का पेट पालता है। शनिवार दोपहर को वह अपनी गाड़ी इंटर कॉलेज के पास खड़ी कर खाना खाने चला गया था। जब दोपहर को लौटा तो उसकी गाड़ी का एक पहिया किसी ने चोरी कर लिया। वहीं पहिया चोरी होते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई उसने आसपास छानबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ अज्ञात व्यक्ति कई दिनों से सिवाल खास में घूम रहे हैं। वहीं पीड़ित ने जानी थाने में तेरी देते हुए कार्रवाई की बात कही है।



## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को पश्चिम में मजबूत करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद मलिक के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। किसान और नौजवानों को पार्टी के साथ जुड़कर काम करने का आग्रह किया। कहा कि लोगों को पार्टी की नीतियों और विचारधारा से जोड़ा जाएगा।



## 38वीं मंडल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का समापन

### जूनियर बालक/बालिका वर्ग में मानपुर ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईआईटी गंगानगर में मंडल स्तरीय बॉल खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 6 जिलों की टीमों ने भाग लिया जिसमे जिला मेरठ के माछरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मानपुर ने सभी 6 जिले के बेसिक स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया। 21 फरवरी को प्रारंभ हुई 38वीं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलिराम संयुक्त विकास आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ के करकमलों द्वारा किया गया। इसका आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग मेरठ मंडल द्वारा किया गया 6 जिले जिसमे मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बागपत, बुलंदशहर से आई टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी टीमों ने अपनी कार्य क्षमता दिखाते हुए अपना सत प्रतिशत दिया। माछरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मानपुर से बालक वर्ग में कबड्डी में गोल्ड मेडल जीता जबकि प्राइमरी बालक वर्ग में सिल्वर मेडल जीता प्राइमरी बालीका वर्ग की लंबी कूद में सिल्वर मेडल डिसकस थ्रो में शोएब मवी ने सिल्वर मेडल जीता खेलों का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ। माछरा ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी कुसुम सैनी भी मौजूद रही। ब्लॉक से खेल अनुदेशक मोहम्मद इरफान, रेणु रानी, बिन्नी वर्मा, बृजराज, श्यामबीर सिंह विपिन कुमार, अनुज आदि खेल अनुदेशक मौजूद थे।





# अटल जी के विचार अनुकरणीय: सांसद चंदन चौहान

## सुभारती विश्वविद्यालय में हुआ प्रदेश स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग एवं खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्त्वावधान में प्रदेश स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता एक मार्च तक आयोजित की जाएगी। उद्घाटन मैच बनारस और झांसी के बीच हुआ। जिसमें बनारस ने 7-0 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में बिजनौर के सांसद चंदन चौहान, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, कॉमनवेल्थ गेम्स की पदक विजेता बबिता नेगी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी मेरठ अतुल सिन्हा, राष्ट्रीय कवि डॉ. ईश्वरचन्द्र गंभीर, मेरठ फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिंह, उपाध्यक्ष रिचा सिंह, शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष



दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान ललित कला संकाय के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रदेश स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संयोजक डॉ.संदीप कुमार ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का सुभारती प्रांगण में अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्त्वावधान में आठ दिवसीय प्रदेश स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता एक मार्च तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कुल 20 टीमें पहुंची है जिसमें प्रदेश भर से लगभग 400 खिलाड़ियों की प्रतिभागिता रहेगी। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्व. विद्यालय के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति के निर्देशन में विश्व. विद्यालय खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर युवाओं की प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहा है।

कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल ने प्रदेशभर से आए फुटबॉल खिलाड़ियों का सुभारती विश्वविद्यालय में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को फुटबॉल खेलने हेतु प्रेरित किया करते थे। स्वामी जी ने गीता पढ़ने से अधिक महत्त्व फुटबॉल खेलने को दिया। क्योंकि फुटबॉल खेलने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उत्तम स्वस्थ को पाने के बाद ही जीवन के अन्य कार्य सफलता से किये जा सकते है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होने के साथ आत्मविश्वास को बल मिलता है। मुख्य अतिथि बिजनौर से लोकसभा सांसद चंदन चौहान ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। खेल, खेलने से एकाग्रता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के भाव से किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि सुभारती विश्व. विद्यालय अटल बिहारी वायपेयी जी सहित सभी महापुरुषों के संस्कारों को अपने विद्यार्थियों में रोपित करने का उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यह सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल भावना से अनुशासन के साथ खेल खेलना चाहिए। अपने कोच के बताए रास्ते पर चलने से सफलता निश्चित प्राप्त होगी। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी मेरठ अतुल सिन्हा ने सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा सुन्दर आयोजन पर खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ की ओर से आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता टीम राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। राष्ट्रीय कवि डॉ. ईश्वरचन्द्र गंभीर ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मंच का संचालन डॉ. अतुल तिवारी एवं पूजा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग से लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. मंजू अधिकारी, डॉ. दीपक राघव, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. अंकित सिंह जादौन, डॉ. निशांत कुमार, शुभम राठी, कपिल शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## बजट प्रदेश में लाएगा विकास ही विकास: तनवीर हैदर

**जानी खुर्द।** जब से उत्तर प्रदेश में बजट लागू हुआ है सत्ताधारी और विपक्ष के नेताओं की प्रतिक्रिया आए दिन तेज होती जा रही हैं। वहीं विपक्ष के लोगों ने तो बजट को नाकारा और सत्ताधारी पार्टी का बताया। भाजपा के नेताओं ने बजट को किसानों व उत्तर प्रदेश में रोजगार युवाओं को ध्यानचंद स्टेडियम जैसे बजट लागू में बात रखी गई उससे युवा देश का नाम रोशन करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता तनवीर हैदर ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया रखी कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट पेश कर युवाओं को नौकरी और विकास की गंगा बहाई है। इस बजट से प्रदेश में विकास बढ़ेगा और किसानों को फायदा होगा। विपक्षी दलों ने तो बजट को नकारा बताया है क्योंकि उनकी राजनीति बंद हो जाएगी। बजट लागू होने से गंगा एक्सप्रेस व ध्यानचंद स्टेडियम और बहुत सारी सुविधा इस बजट में रखी गई हैं। इसमें गरीबों, किसानों को और युवाओं को लाभ ही लाभ मिलेगा।



## जिला बार में मुस्लिम अधिवक्ताओं को एकजुट करने और ग्रुप को साथ रखने में कामयाब रहे मिस्बाउद्दीन सिद्दीकी

■ बोले इस बार भी पैनल करेगा क्लीन स्वीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** जिला बार एसो. के चुनाव में मुस्लिम अधिवक्ताओं की राजनीति करने वाले मिस्बाउद्दीन सिद्दीकी ने हर बार चुनाव में मुस्लिम अधिवक्ताओं को साधने का काम किया। उनके मजबूत नेतृत्व के कारण ही उनके ग्रुप को लगातार सफलता मिल रही है। जिला बार में मुस्लिम, जाट, पंडित, गुर्जर, वैश्य और ठाकुर अधिवक्ताओं का गठजोड़ था। इस पैनल से रविन्द्र सिंह अध्यक्ष और पंडित आनंद कश्यप को महामंत्री के पद पर विजय मिली थी। पंडित आनंद कश्यप के सामने महामंत्री के चुनाव में आजम जमीर चुनाव लड़ रहे थे लेकिन मिस्बाउद्दीन सिद्दीकी की मुस्लिम अधिवक्ताओं में पकड़ होने के कारण सभी मुस्लिम अधिवक्ताओं की वोट आनंद कश्यप को मिली थी और उन्होंने जीत दर्ज की थी। इस मजबूत गठबंधन की कामयाबी के बाद इस गठबंधन में त्यागी समाज के अधिवक्ता भी अब शामिल हो गए हैं। सबसे अहम बात इस गठबंधन में ये



देखने को मिली की मिस्बाउद्दीन सिद्दीकी मुस्लिम अधिवक्ताओं में अकेले ऐसे शख्स हैं जिन्होंने मुस्लिम अधिवक्ताओं को मजबूती के साथ अपने साथ रखा और अपने गठबंधन को मजबूत किया है। वर्ष 2006-07 में मिस्बाउद्दीन महामंत्री रहे और 2017-18 में अध्यक्ष रहे हैं। यही से इस गठबंधन की नींव रखी गई थी। इस बार का चुनाव दिलचस्प होगा। इस बार भी चुनाव में मुस्लिम निर्णायक होंगे। इस बार मुस्लिम अधिवक्ताओं की 130 वोट हैं। राजीव त्यागी और अमित राणा को मिस्बाउद्दीन सिद्दीकी द्वारा लड़ाया जा रहा है। हालांकि मिस्बाउद्दीन सिद्दीकी द्वारा दावा किया जा रहा है कि यह पैनल इस बार भी क्लीन स्वीप करेगा।

# पुलिस ने लोगों को गिरफ्तार कर हेमंत हत्याकांड का खुलासा किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना क्षेत्र के नगला हरेरू में युवक की हत्या के मामले मे पुलिस ने दो अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त समान बरामद किया है। घटना के संबंध में मृतक के भाई कुलदीप सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी मौहल्ला रामबाग कस्बा व थाना मवाना द्वारा अपने भाई हेमंत कुमार उम्र करीब 30 वर्ष की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर शव को ग्राम नगला हरेरू थाना फलावदा क्षेत्र के नगला हरेरू में स्थित आम के बाग में से पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस ने शनिवार को जगवीर उर्फ जोगेन्द्र पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम पलडा थाना हस्तिनापुर व दिपांशु पुत्र संजय निवासी मौहल्ला हीरालाल कस्बा व थाना मवाना को गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगणों से पूछताछ पर यह बात प्रकाश में आयी कि मृतक हेमन्त कुमार द्वारा अपना डी.जे. व डी.जे. का सामान व किराये के रूप में महीने के हिसाब से लिये जाने वाले पैसे को लेकर अभियुक्त जगवीर उर्फ जोगिन्द्र पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम पलड़ा थाना हस्तिनापुर से विवाद था अभियुक्त जगवीर उर्फ जोगिन्द्र उपरोक्त द्वारा मृतक हेमंत कुमार के डी.जे. व डी.जे. का सामान व किराये के पैसे वापस न करने पड़े इस बात को लेकर रात्रि में अपने साथी दिपांशु पुत्र संजय निवासी मौहल्ला हीरालाल कस्बा व थाना मवाना के साथ पूर्व से योजनाबद्ध तरीके से मृतक हेमन्त कुमार पुत्र भगवान सिंह निवासी मौहल्ला रामबाग



कस्बा व थाना मवाना जनपद मेरठ को अपनी मो.सा. स्पलेण्डर प्रो. UP15BR2388 पर अपने साथी दिपांशु के साथ बैठाकर नगला हरेरू के पास आम के बाग में ले गया। वहाँ पर मृतक को शराब पिलाने के पश्चात मृतक हेमन्त कुमार की पहनी हुई जैकेट की हुड्डी की डोरी से गला दबाकर हत्या कर शव को आम के बाग में डालकर फरार हो गये थे। गठित पुलिस टीम द्वारा टेक्निकल व मैनुअल सर्विलांस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी व घटना में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है।

### उ.प्र. पावर सेक्टर की 50वीं अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम प्रतियोगिता का समापन

# ऑवर ऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर पश्चिमांचल डिस्कॉम मेरठ का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उ.प्र. पावर सेक्टर की 50वीं अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम की कुश्ती, पॉवर लिफ्टिंग/बॉडीबिल्डिंग एवं रस्साकसी प्रतियोगिता 21 व 22 फरवरी को कैलाश प्रकाश स्टेडियम, मेरठ में आयोजित हुई जिसका समापन शनिवार को मुख्य अतिथि प्रबंधक निद. ेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. ईशा दुहन (आईएएस) द्वारा किया गया। शनिवार को उ.प्र. पावर सेक्टर की 50वीं अन्तर्परियोजना/डिस्कॉम की कुश्ती, पॉवर लिफ्टिंग/बॉडीबिल्डिंग एवं रस्साकसी दो दिवसीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमे पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर ऑवर ऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। ओबरा परियोजना द्वितीय स्थान, हरदुआगंज तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा शनिवार को पॉवरलिफ्टिंग में विभिन्न किलोग्राम वर्ग में विभिन्न प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उ.प्र. पावर सैक्टर की रस्सा कसी प्रतियोगिता में पश्चिमाचल विद्युत वितरण निगम लि. की टीम में जतन सिंह, मांगेराम, अकरम, चांद मियां, अमित, राम मूरत वर्मा, शिवम गुप्ता, अंकित, जतिन आनंद एवं मोहित थे। प्रतियोगिता में



पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की रस्सा कसी टीम ने हरदुआगंज टीम को कड़े मुकाबले में हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार की बॉडी बिल्डिग प्रतियोगिताओं में भी विभिन्न प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके उपरांत क्रीड़ा अधिकारी अलका तोमर ने सभी बाहर से आये खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्होंने विगत दो दिनों के कार्यक्रम पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा प्रतियोगिता से जुड़े सभी ऑफिशियल का धन्यवाद प्रकट किया। इसके बाद विनय कुमार मुख्य क्रीडा अधिकारी उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. लखनऊ का सबोधन हुआ जिसमे उन्होंने उ.प्र. पावर सेक्टर द्वारा आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। खेल प्रतियोगिताओं के उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल वि.वि.नि.लि. के द्वारा पुरस्कार दिया गया। उपरोक्त प्रतियोगिता से जुडे ऑफीशीयल, रेफरी, व वोलनटीयर को भी विशिष्ट अतिथि संजय जैन निदेशक (वाणिज्य) द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंत में मुख्य अतिथि का संबोधन हुआ जिसमें उन्होंने बाहर से आये हुए विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी, तथा मीडिया को सहयोग देने के लिए भी धन्यवाद दिया। समापन समारोह के अवसर पर संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), जितेश ग्रोवर कंपनी सचिव, विनय कुमार मुख्य क्रीडा अधिकारी उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लि. लखनऊ, अलका तोमर क्रीड़ा अधिकारी पश्चिमांचल वि.वि.नि.लि., राजेश चौधरी, बिजेंद्र सिंह, मांगेराम जतन सिंह, बालेन्द, राजीव आनंद आदि अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलमणी थपलीयाल द्वारा किया गया।

## फिरोजपुर महादेव मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय फाल्गुन मास कांवड़ मेले की तैयारियां युद्धस्तर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** फाल्गुन मास का जल लेने के लिए कांवड़ियों के जत्थे पहुंचने का क्रम शुरू हो गया है। जिसमें फिरोजपुर महादेव मंदिर पर लगने वाले तीन दिवसीय कावड़ मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मुख्य जलाभिषेक 26 फरवरी को होगा जिसका उद्घाटन राज्यमंत्री दिनेश खटीक के द्वारा किया जाएगा। बताते चले कि फाल्गुन मास का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे पवित्र धामों हरिद्वार, गोमुख एवं अन्य धामो पर जाना शुरू हो गया है जिसमें मंदिर समिति द्वारा जलाभिषेक शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए मंदिर की चारों ओर बैरिकेडिंग एवं कावड़ झूलने के लिए बल्लियों से बैरिकेडिंग लगायें जा रहे हैं। मंदिर के चारों ओर सीसीटीवी फुटेज लगाये गये हैं। मंदिर समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र जाटव एवं लाखन सिंह ने बताया कि मंदिर परिसर में लगने वाले तीन दिवसीय कावड़ मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है। मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मंदिर के सामने लगने वाले मैले की दुकानें लगने शुरू हो गई है। जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले व्यंजनों की प्रतिष्ठान लगने शुरू हो गए हैं। कावड़ को शांतिपूर्ण बनाने के लिए मंदिर के चारों ओर सीसीटीवी फुटेज लगाई जा रहे हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। मोड़खुर्द निवासी पंडित मिंटू शर्मा ने बताया कि त्रयोदशी का जलाभिषेक 25 फरवरी दोपहर 12:46 से आरंभ हो जाएगा और 26 फरवरी 11:06 सुबह तक समाप्त हो जाएगा। उसके बाद चतुर्दशी का जलाभिषेक 26 फरवरी 11:07 से शुरू हो जाएगा और 27 फरवरी 8:54 पर समाप्त हो जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से शांति बनाई रखकर जलाभिषेक करने की अपील की। कावड़ मेले का शुभारंभ राज्यमंत्री दिनेश खटीक करेंगे। थाना प्रभारी इंदू वर्मा ने बताया कि कावड़ मेले को शांतिपूर्ण बनाए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन से पुलिस्फोर्स मांगी गई है। जिसमें चौकी से उपनिरीक्षक एवं महिला उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कुछ पुलिसकर्मी सादे वस्त्रो में घूमते हुए नजर आएंगे। मेले का इंचार्ज चौकी इंचार्ज अमित कुमार मिश्रा को तैनात किया गया है।





## उत्तम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहावती में स्थित उत्तम पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने साइंस की एग्जीबिशन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से विज्ञान की अद्भुत दुनिया को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट्स तैयार किये। जिनमें सौर ऊर्जा जल संचयन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्य प्रणाली और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से न केवल विज्ञान की अवधारणाओं को समझाया बल्कि उन्होंने समाज में विज्ञान के महत्व को भी प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने वाले अभिभावकों और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा की और उनकी मेहनत और प्रतिभा को सराहा। उत्तम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या ममता चौधरी ने कहा हमें अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत पर गर्व है। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों के लिए एक अद्भुत अवसर था। जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता और विज्ञान की समझ को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी ने न केवल विद्यार्थियों को विज्ञान की दुनिया में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया, बल्कि यह समाज में विज्ञान के महत्व को भी प्रदर्शित करने में सफल रही। इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान के अध्यापक एवं अध्यापिका हिमांशु सिंघल, रवि सहगल, अनुज सिरोही, निधि भड़ाना व शिखा सिरोही की देख-रेख में किया गया। प्रदर्शनी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस प्रदर्शनी को सफल बनाने में पूजा गुप्ता, नौशाबा प्रवीन, रुचि वर्मा, ज्योति रस्तोगी, लोकेश चौधरी, सोहनवीर सिंह, अरविंद चौधरी आदि का विशेष सहयोग रहा।



## अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल सिंह ने हस्तिनापुर के गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हस्तिनापुर सैफपुर करमचंदपुर गांव स्थित पंज प्यार भाई धर्म सिंह की जन्मस्थली पर गुरुद्वारा साहिब में भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने मत्था टेका। जहां सिख समाज समेत अन्य लोगों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि आज उन्होंने आज इस पंज प्यारे भाई धर्म सिंह की जन्मस्थली पर पहुंचकर दर्शन किए। उन्होंने बताया कि सिखों का इतिहास बलिदान का इतिहास है यह ऐतिहासिक धरती है जहां से पंच प्यारे भाई धर्म सिंह का जन्म हुआ इस पवित्र एवं ऐतिहासिक धरा की रज कण का स्पर्श मात्र ही स्वयं को धन्य महसूस करता है। कीर्तन दरबार साहिब के हाल में उन्होंने सभी सिख समाज के लोगों से कहा कि हमें अपने गुरुओं से सीख लेनी चाहिए वही गुरबाणी के अनुसार जीवन को सफल बनाना चाहिए। तत्पश्चात उन्होंने अन्य पंज प्यारो के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार सेवा वाले बाबा हरबंस सिंह के सानिध्य में इस ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब की नींव रखी गई। जिसके दर्शन कर हम स्वयं को गौरवान्वित महसूस करते हैं। सिख धर्म में हमेशा त्याग एवं बलिदान का प्रेरणा स्रोत है कोरोना काल में बेसिक समाज के लोगों ने आगे आकर लोगों को सुविधा मुहैया कराई। इस मौके पर पंज प्यारे भाई धर्म सिंह के वंशजों में बाबा विनोद सिंह व बाबा गुरप्रीत सिंह को भी उन्होंने सरोपा भेट किया। वही भाई बाबा विनोद सिंह व अन्य लोगों ने भी सरोपा भेंटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का सम्मान किया। इस मौके पर सरदार गुरबचन सिंह, गुरमीत सिंह, ढक्कन लाल, विकास उपाध्याय, करणवीर सिंह , रविंद्र उर्फ बिट्टू, भूपेश आदि लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व प्रधान रविंद्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब सैफपुर करमचंदपुर मैं पहुंचने वाले दोनों संपर्क मार्गो के चौड़ीकरण व मरम्मत की मांग की जिस पर उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों से वार्ता उक्त कार्य प्राथमिकता के तौर पर कराया जाएगा।



# जीत के इरादे से उतरेगी रोहित ब्रिगेड



**दुबई, वार्ता।** कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिए करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिए टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जायेगी। वर्ष 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच भारत के लिए हिसाब बराबर करने का भी होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फार्म वापसी के संकेत दे दिए थे जो भारतीयों के लिए सुकून भरा है हालांकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ सर्वस्व झोंकना होगा। विराट की बल्लेबाजी पर करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी होंगी। शुभबन गिल बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ कर अपनी विश्वनीयता साबित कर चुके हैं और कल के मैच में उनकी भूमिका काफी अहम रहने वाली है। मोहम्मद शमी एक बार फिर अपने धारदार गेंदबाजी से पाक के लिए मुसीबत का सबब बन सकते है। शमी पिछले मैच में बांग्लादेश के पांच विकेट झटक कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके हैं। हर्षित उनके मजबूत सहयोगी बनेंगे

- भारत का इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा
- कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फॉर्म वापसी के संकेत दिए थे जो टीम के लिए सुकून भरा है
- बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकती है, खुशदिल शाह पाक के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते हैं

वहीं हार्दिक पांड्या बीच के ओवर में पाकिस्तान बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे। स्पिन को मदद देने वाली पिच पर भारत अपने स्पिन आक्रमण में कोई फेरबदल करना पसंद नहीं करेगा। दूसरी ओर चोटिल फखर जमा के चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पाकिस्तान टीम के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है वहीं बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकता है। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले मैच में धीमी गति से 64 रन बनाये थे। फखर जमां की जगह इमाम उल हक को चुना गया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज खुशदिल शाह पाकिस्तान के लिए तुरुप का पत्ता साबित हो सकते है। इन सबके बावजूद पाकिस्तान को भारत हल्के में लेने की भूल नहीं करेगा। इतिहास बताता है कि पाकिस्तान एक मैच हारने के बाद पलटवार करने में सक्षम है और उसकी इसी ताकत उसे मनोवैज्ञानिक तौर पर मजबूत टीम बनाती है। कीवी टीम के खिलाफ बेअसर साबित हुए पाकिस्तान के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजी पर दवाब बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पाक के लिए हालांकि यह काफी आसान नहीं होगा। पाकिस्तान को यहां के माहौल और परिस्थितियों से तालमेल बैठाने में कुछ समय लग सकता है जबकि भारतीय टीम अपना एक मुकाबला इस मैदान पर खेल चुकी है। दोनो टीमों के लिए यहां काफी समर्थन है और दर्शक मैच का लुफ्त उठाने के लिए दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का रुख करेंगे।




## पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए विराट कोहली ने जमकर बहाया पसीना

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले ग्रुप ए मुकाबले के लिए भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने जम कर नेट प्रैक्टिस की। पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे विराट का बल्ला चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ भी नहीं चला था और वह 22 रन बना कर आउट हो गए थे। स्पिनर के सामने विराट खुद को असहज महसूस कर रहे हैं और इसका प्रमाण है कि वह पिछले मैच में बांग्लादेश के रिशाद हुसैन की घूमती गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।

हाल ही विराट इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आदिल रशीद के सामने संघर्ष करते नजर आए थे जबकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्हे तेज गेंदबाजों ने परेशान किया और बाहर जाती गेंदो को छेड़ने के प्रयास में उन्होने अपने विकेट गंवाये थे। विराट को अच्छी तरह पता है कि कल का मैच उनके लिए कितनी अहमियत रखता है और यही कारण है कि वे दुबई के आईसीसी अकादमी में निर्धारित अभ्यास सत्र से पहले ही पहुंच गए और जम कर पसीना बहाया। उन्होने स्पिन गेंदबाजी के सामने अभ्यास किया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हुयी है। भारत की रन मशीन कहे जाने वाले विराट 2023 से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। हालांकि इस दौरान उनकी कुछ पारियां शानदार रहीं है मगर बल्लेबाजी में निरंतरता के अभाव में उन्हे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा है।

## लाहौर में बजा भारत का राष्ट्रगान दर्शक हुए हैरान

- आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बड़ी भूल सामने आई

**लाहौर, वार्ता।** चैंपियस ट्रॉफी 2025 में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम मुकाबला खेला जा रहा था, इस मैच के शुरू में जब इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी राष्ट्रगान के लिए खड़े हुए तो एक ऐसी घटना घटी जिससे स्टेडियम में मौजूद दर्शक हैरान रह गए। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रगान की जगह आयोजकों ने भारत का राष्ट्रगान बजा दिया। इसके बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शक चिल्लाने लगे। इससे आईसीसी और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की बड़ी भूल सामने आई है। फैंस सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर कर पाकिस्तान का मजाक उड़ा रहे हैं।

आयोजकों को तुरंत अपनी गलती का अहसास हुआ। हालांकि, तब तक 'भारत भाग्य विधाता' बज चुका था। सोशल मीडिया पर इसकी क्लिप शेयर हो रही है। आयोजकों की यह बड़ी गलती है क्योंकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने कोई मैच लाहौर क्या पाकिस्तान में ही नहीं खेलने हैं। भारत ने आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एक हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में मैच से पहले दो प्रतिस्पर्धी टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। ऐसा टॉस के बाद होता है और फिर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिलाते हैं। यह इस चैंपियंस ट्रॉफी में पहला विवाद नहीं है। इससे पहले भी आईसीसी सवालों के घेरे में आ चुका है। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले इस बात पर सवाल उठे थे कि कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय ध्वज को क्यों नहीं फहराया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिस्पर्धी टीमों के झंडे लगे हुए थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से इस मुद्दे पर सवाल किए गए थे जिसके बाद स्पष्टीकरण दिया गया था कि भारतीय टीम यहां नहीं आएगी, इसलिए झंडा नहीं लगाया गया। हालांकि, बाद में पीसीबी ने भारतीय ध्वज को शामिल किया। वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को दुबई में खेले गए मैच के सीधे प्रसारण के दौरान दिखाए गए टूर्नामेंट के लोगो में देश का नाम न होने पर खेल की संचालन संस्था अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सामने अपनी नाराजगी व्यक्त की है।




## डकेट की रिकॉर्ड पारी इंग्लैंड ने बनाए 351 रन

- बेन डकेट (165) की रिकॉर्ड पारी खेली
- मार्नस लाबूशेन और जैम्पा ने दो-दो विकेट अपनी झोली में डाले

**लाहौर, वार्ता।** बेन डकेट (165) की रिकार्ड पारी और जो रुट (68) के साथ 158 रन की साझीदारी की मदद से इंग्लैंड ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आठ विकेट पर 351 रन बना लिए। गद्दाफी स्टेडियम पर फिल साल्ट (10) और जेमी स्मिथ (15) के दो विकेट जल्दी गिरने से इंग्लैंड हल्के दवाब में आया था मगर एक छोर पर डटे डकेट के इरादे आज खतरनाक थे। उन्होने नए बल्लेबाज रुट के साथ कंगारु गें. दबाजों का कड़ा इम्तिहान लिया। दोनो खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर रनों की बौछार करते हुये स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया। रुट एडम जम्पा की गेंद पर पगबाधा करार दिये गये। उधर दूसरे छोर पर डकेट ने पिटाई का क्रम जारी रखा। सलामी बल्लेबाज ने अपनी शतकीय पारी में 143 गेंद खेल कर 17 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके साथ ही वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकार्ड न्यूजीलैंड के नाथन एस्टल के नाम था। डकेट पारी के 48वें ओवर में मार्नस लाबुस्चगने की गेंद पर आउट हो गए। निचले क्रम में जोफा आर्चर 21 रन बना कर नाबाद वापस लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारश्विस तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे वहीं मार्नस लाब. ुशेन और एडम जैम्पा ने दो दो विकेट अपनी झोली में डाले।

## दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बनने के हकदार गिल: पोंटिंग

- पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि गिल ने पहले ही मैच में अपना खाता खोल लिया है




**गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना 8वां वनडे शतक बनाया**

**दुबई, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले शुभमन गिल की तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान लरकी पोटिंग ने कहा कि 25 वर्षीय प्रतिभाशाली भारतीय बल्लेबाज दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने की कुव्वत रखता है।

आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर संजना गणेशन से बात करते हुए पोंटिंग ने कहा कि वह इस समय दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बनने का पूरी तरह से हकदार है और यह भारत के लिए एक अच्छा संकेत है कि उसने चैंपियंस ट्रॉफी के पहले गेम में ही अपना खाता खोल लिया है। पोंटिंग ने कहा कि गिल हालांकि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन सफेद गेंद क्रिकेट उनकी खेल शैली के लिए सबसे उपयुक्त है। उन्होने कहा कि वह कई वर्षों से एक बहुत, बहुत अच्छा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहा है। पिछले तीन चार वर्षों में उनका सफेद गेंद क्रिकेट उत्कृष्ट रहा है। वह एक बड़ा गेम प्लेयर भी है। पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने आईपीएल में वास्तव में अच्छा खेला है। गिल की एकदिवसीय क्रिकेट में, विशेषकर तेज गेंदों पर बाउंड्री लगाने की क्षमता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मैं बस यही सोचता हूं कि सफेद गेंद का खेल वास्तव में उनकी खेल शैली के अनुकूल है। एकदिवसीय क्रिकेट में, वह मैदान के ऊपर पावर प्ले में शुरुआत में अच्छा और आक्रामक हो सकता है। वह एक बड़ा हिटर नहीं है मगर वह स्वाभाविक रूप से खेल सकता है। वह सिर्फ स्कोर करता है और तेज गेंदबाजी के खिलाफ अपनी इच्छानुसार बाउंड्री लगाता है। चैंपियंस ट्रॉफी में बल्ले से गिल शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में भारत ने इंग्लैंड पर सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में 229 रनों का पीछा करते हुए दुबई में एक मुश्किल लक्ष्य को पार करते हुए अपना आठवां एकदिवसीय शतक बनाया।

## सुशीला चानू ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिए 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता और तब से लगातार सीनियर टीम में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपनी टीम का नेतृत्व किया, जो 1980 के बाद पहली टीम थी। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां भारत ने कांस्य पदक जीता। अनुभवी मिडफील्डर 2017 एशिया कप में भारत की महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीत का भी हिस्सा थी और इससे पहले 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।सुशीला ने टोक्यो ओलंपिक गेम्स 2020 के लिए भारत की योग्यता सुनिश्चित करने और टूर्नामेंट में टीम के ऐतिहासिक चौथे स्थान को

## रियो ओपन के सेमीफाइनल में कोमेसाना

**रियो डी जनेरियो, वार्ता।** अर्जेंटीना के फांसिस्को कोमेसाना ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ सनसनीखेज जीत हासिल कर एटीपी 500 रियो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कॉमेसाना ने शुक्रवार को जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले पर दो घंटे और 31 मिनट में जीत हासिल करने के लिए सात में से चार ब्रेक प्वाइंट को बदल दिया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव के लिए यह रात भूलने लायक रही, उन्होंने चार डबल फॉल्ट किए और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं। पूरे मैच के दौरानह भीषण गर्मी और उमस से असहज दिखायी दिए। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले 86वें स्थान पर काबिज कोमेसाना शनिवार को फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। इससे पहले, अर्जेंटीना के कैमिलो उगो काराबेली ने पुर्तगाल के जैमे फारिया पर 7-6 (5), 6-4 से जीत के साथ अंतिम चार में प्रवेश किया। काराबेली ने आठ ऐस लगाए और अपनी पहली सर्विस पर 78 प्रतिशत अंक जीतकर मैच एक घंटे 56 मिनट में जीत लिया। सेमीफाइनल में काराब. ेली का सामना अपने ही देश के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन बेज से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे के त्सेंग चुन-हसिन को 6-4, 6-1 से हराया।

## दिल्ली ने टॉस जीता, यूपी को पहले बल्लेबाजी

**बेंगलुरु, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने वुमेंस प्रीमियर लीग के आठवें मुकाबले में शनिवार को टॉस जीत कर यूपी वारियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। दिल्ली में अब अपने तीन मैचों में दो में जीत हासिल कर चुकी है जबकि यूपी को अभी जीत का खाता खोलना है।

## जर्मनी ने भारत पर 4-0 से जीत दर्ज की

- भारत के पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के नेतृत्व में जर्मनी ने खेल की अच्छी शुरुआत की



**भुवनेश्वर, वार्ता।** जर्मनी ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) मुकाबले में भारत के खिलाफ 4-0 से जीत दर्ज की। यह जर्मनी की सीजन में पहली जीत है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सोफिया श्वाबे 18वें और 46वें मिनट में गोल दागे वहीं एमिली वोर्टमैन ने तीसरे मिनट में और जो. हाना हैचेनबर्ग ने 60वें मिनट पर भारत के खिलाफ गोल किये। इसके साथ जर्मनी अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई है।

भारत के पूर्व कोच जेनेके शोपमैन के नेतृत्व में जर्मनी ने खेल की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली। आइना क्रेस्केन ने दाहिनी ओर से एक निचला क्रॉस ड्रिल किया और एमिली वोर्टमैन ने इसे गोल में तब्दील करने में कोई गलती नहीं की। इस बीच भारत ने नौवें मिनट में एक अच्छा मौका बनाया जब दीपिका ने शानदार पास दिया, लेकिन मुमताज समय पर उस तक नहीं पहुंच सकीं। मेजबान टीम के पास 15वें मिनट में स्कोर बराबर करने का एक और शानदार मौका मिला मगर उसकों भी भारतीय लड़कियां भुनाने में असफल रहीं। उधर, जर्मनी ने 18वें मिनट में सोफिया श्वाबे के शानदार गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। दो गोल से पिछड़ने के बाद भारतीयों को तेजी से वापसी की जरूरत थी, लेकिन मूसलाधार बारिश के कारण पिच धीमी होने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया। भारत 27वें मिनट में गोल करने के करीब पहुँच गया जब नवनीत ने शर्मिला को एक अच्छा पास दिया लेकिन बाद के प्रयास को आसानी से निपटा लिया गया।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत शुरुआत की और ब्यूटी डुंगडुंग ने पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया। दीपिका ने एक बेहतरीन ड्रैगफ्लिक मारा लेकिन वह पोस्ट के ठीक बाहर चला गया। जर्मनी ने अंतिम क्वार्टर तक अपनी 2-0 की बढ़त बरकरार रखी। श्वाबे ने 46वें मिनट में शाम का अपना दूसरा गोल किया। उसने गोलमाउथ में गेंद प्राप्त की, खुद को अच्छी तरह से सेट किया। और एक जोरदार टॉमहॉक फायर करके स्कोर 3-0 कर दिया और प्रभावी ढंग से गेम को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। जब मुमताज ने 57वें मिनट में गोल किया।



# चीन ने कोरोना जैसा नया वायरस खोजा

## कोविड-19 की तरह इंसान को संक्रमित करता है, चमगादड़ समेत कई पशु-पक्षियों से फैल सकता है

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने जानवरों से इंसान में फैलने वाले कोरोना जैसे वायरस का पता लगाया है। इसका नाम **HKU5-CoV-2** है। इस वायरस में भी कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस **ARS-CoV-2** की तरह ह्यूमन रिसेप्टर पाया गया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक शी झेंगली ने इस वायरस पर स्टडी करने वाले टीम की अगुआई की है।

टीम में गुआंगजौ लेबोरेट्री, गुआंगजो साइंस एकेडमी, वुहान यूनिवर्सिटी और वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के वैज्ञानिक शामिल थे। यह स्टडी 18 फरवरी को पीयर-रिव्यूड जर्नल सेल में छपी है। रिसर्च में पाया गया कि नया वायरस कोरोना वायरस की तरह ही मानव कोशिकाओं को संक्रमित करता है। यह न केवल चमगादड़ बल्कि इंसानों समेत कई जानवरों पर भी असर दिखाता है।

**शी झेंगली ने इस वायरस पर स्टडी करने वाली टीम की अगुवाई की**

स्टडी में सामने आया है कि इस नए वायरस के चमगादड़ से इंसानों में फैलने का खतरा काफी ज्यादा है। हालांकि इसके इंसान से जुड़ने की क्षमता कोरोना वायरस से कम है।

संभावित खतरे को देखते हुए वैज्ञानिकों ने आगे निगरानी की जरूरतों पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है। दो महीने पहले चीन में कोरोना जैसा नया वायरस फैला कोविड-19 के 5 साल बाद चीन में फिर एक बार नए वायरस का संक्रमण फैला था। इसके लक्षण भी कोरोना वायरस की तरह ही थे। इस नए वायरस का नाम ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) था। वायरस से संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा गया था। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए थे। इसके लक्षणों में खांसी, बुखार, नाक बंद होना और गले में घरघराहट शामिल था। एचएमपीवी के अलावा इन्फ्लुएंजा ए, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और कोविड-19 के केस भी सामने आए थे। भारत में भी हुआ था असर एचएमपीवी वायरस का असर भारत में भी हुआ था। देश में इसके कई मामले आए थे। इसके बाद राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी थी। बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई थी।

# काश पटेल ने भगवद गीता पर हाथ रखकर ली शपथ



**वॉशिंगटन।** भारतवंशी कश्यप काश पटेल ने शनिवार को भगवद गीता पर हाथ रखकर अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर पद की शपथ ली।

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। ट्रम्प के शपथ ग्रहण के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी उनकी तारीफ की और कहा कि वे एफबीआई एजेंट्स के बीच काफी लोकप्रिय हैं, इसलिए वे उन्हें यह अहम जिम्मेदारी देना चाहते थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें यकीन है कि पटेल अब तक के सबसे काबिल एफबीआई डायरेक्टर के रूप में जाने जाएंगे। पटेल बोले: अमेरिकन ड्रीम को जी रहा हूं काश

**FBI डायरेक्टर पद की संभाली जिम्मेदारी, ट्रम्प बोले: वे सबसे काबिल अफसर बनेंगे**

पटेल एफबीआई का नेतृत्व करने वाले नौंवे अधिकारी हैं। उन्होंने शपथ लेने के बाद कहा कि कई लोग कहते हैं कि 'अमेरिकन ड्रीम' खत्म हो चुका है। लेकिन उन्हें यह देखना चाहिए कि मैं अमेरिकन ड्रीम को जी रहा हूं। आप पहली पीढ़ी के भारतीय से बात कर रहे हैं जो दुनिया के सबसे महान राष्ट्र की एक अहम सरकारी एजेंसी का नेतृत्व करने जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान रुश्दी पर हमला करने वाला दोषी करार

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के लेखक सलमान रुश्दी पर चाकू से हमला करने वाले हादी मतार (27 साल) को न्यूयॉर्क की एक अदालत ने हत्या की कोशिश और हमले का दोषी माना है। मतार ने अगस्त 2022 में न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम के दौरान रुश्दी पर चाकू से 15 वार किए थे। रुश्दी के सिर, गर्दन, धड़ और बाईं हथेली पर गंभीर चोटें आई थीं। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। नस कट जाने से एक हाथ लकवाग्रस्त हो गया था। इसके अलावा उनके लीवर और आंतों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। मतार की सजा की तारीख 23 अप्रैल तय की गई है। माना जा रहा है कि उसे अब 30 साल से ज्यादा जेल हो सकती है। हमले के बाद सलमान रुश्दी को इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से ले जाया गया। रुश्दी ने कोर्ट में खुद गवाही दी, कहा-लगा कि मरने वाला हूं न्यूयॉर्क के चौटाउक्वा काउंटी कोर्ट में इस मामले की 2 सप्ताह तक सुनवाई चली।

### इराकी सेना ने आईएस के 25 ठिकानों को नष्ट किया

**बगदाद।** इराक की सेना ने उत्तरी इराक के पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले 25 ठिकानों को नष्ट कर दिया है। सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इराकी संयुक्त अभियान कमान से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल के एक बयान के अनुसार इराक की आतंकवाद निरोधी सेवा के बलों ने नीनवे की प्रांतीय राजधानी मोसुल से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में मखमौर क्षेत्र में एक अभियान चलाया और आईएस के 18 ठिकानों और सात सुरंगों को नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि बलों को मानव अवशेष, साथ ही विस्फोटक उपकरण, गोला-बारूद, दो ड्रोन, एक मोटरसाइकिल और अन्य रसद सामग्री भी मिली है।

### तुर्की के चौदह प्रांतों में भारी बर्फबारी होने को लेकर चेतावनी जारी

**अंकारा।** तुर्की के कई क्षेत्रों में जारी भारी बर्फबारी को लेकर मौसम विभाग ने यहां के आठ प्रांतों में नारंगी कोड और छह अन्य प्रांतों के लिए पीले कोड की चेता. वनी जारी की है। प्रांतीय मौसम विज्ञान सेवा के अनुसार, यालोवा, कोकेली, सकारिया, दुजसे, ज़ोंग. ुलदक, कस्तमोनू, सिनोप और बार्टिन प्रांतों में नारंगी चेतावनी जारी की गई है जबकि इस्तांबुल और पांच अन्य प्रांतों को पीली चेतावनी मिली है। इसके अलावा शुक्रवार को मध्य और पूर्वी काला सागर, पूर्वी तथा दक्षिणपूर्वी अनातोलिया के तटीय क्षेत्रों, इस्तांबुल और उसके आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी एक आसार हैं। बर्फबारी के शनिवार को भी जारी रहने का अनुमान है।

### अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग विस्फोट, एक की मौत

**लश्कर गाह।** दक्षिणी अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत में शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता एज़ातुल्लाह हक्कानी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार सुबह गेरेशक जिले में एक सड़क पर हुई। एक ट्रैक्टर पुरानी बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट की चपेट में आ गया। चालक की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि अफगानिस्तान कथित तौर पर दुनिया में सबसे अधिक बारूदी सुरंगों से प्रभावित देशों में से एक है, जहां हर महीने इस तरह के विस्फोटों में कई लोग, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं, मारे जाते हैं और अपंग हो जाते हैं।

# हमास ने बच्चों को गला घोंटकर मारा: इजरायल

## एक 9 महीने, दूसरा 4 साल का, क्रूरता छिपाने के लिए बोला: हवाई हमला हुआ, मां-बाप और दोनों बच्चों को किडनैप किया था

गाजा, वार्ता

**इजरायली** फोर्स ने शनिवार को दावा किया कि हमास ने 2 बंधक बच्चों एरियल बिबास और केफिर बिबास की गला दबाकर बेरहमी से हत्या की। इसके बाद अपनी क्रूरता छिपाने के लिए कहा कि ये बच्चे हवाई हमले में मारे गए। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने फोरेंसिक रिपोर्ट के हवाले से यह दावा किया। केफिर बिबास 9 महीने और एरियल बिबास 4 साल का था, जब उन्हें बंधक बनाया गया। आईडीएफ ने आरोप लगाया कि हमास ने इन दोनों भाइयों की हत्या छिपाने की कोशिश की।

हमास ने 7 अक्टूबर को यार्डेन बिबास, पत्नी शिरी और उनके दोनों बेटों को किडनैप कर लिया था। 20 फरवरी को मां शिरी बिबास और उनके दोनों बच्चों के शव इजरायल को सौंपे थे। बच्चों के पिता इसी महीने 1 फरवरी को हमास की कैद से आजाद हुए थे। हमास ने नवम्बर 2023 में दावा किया था कि शिरी और उनके दोनों बच्चों की इजरायली बमबारी में मौत हो चुकी है। हालांकि, इजरायल ने कभी भी हमास के इस दावे को नहीं माना। इजरायल ने यही कहा कि हमास ने ही बिबास का परिवार को बंधक बना रखा है।

### हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक का शव आईसीआरसी के हवाला किया

हमास ने बीते गुरुवार को 4 इजरायली बंधकों के शव इजरायल को लौटाए। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास के शव शामिल थे। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का था। हालांकि, इजरायल का कहना है कि उसे जो शव सौंपा गया है, वो शिरी बिबास का नहीं है। पहले चरण के तहत 33 इजरायली बंधकों को रिहा किया जाना है। इसमें इजरायल के किडनैप 19 बंधक को अब तक 1100 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों के बदले रिहा किया जा चुका है।



इजरायल का कहना है कि बाकी 14 में से आठ की मौत हो चुकी है। वहीं हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है। इससे पहले इजरायली अधिकारियों ने पाया कि गुरुवार को हमास द्वारा लौटाया गया शव शिरी बिबास का नहीं था। अधिकारी ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण हुई अराजकता के कारण शवों की पहचान गलत हो गई। उन्होंने कहा कि 'यह अनजाने में हुई गलती थी क्योंकि शिरी का शव उस क्षेत्र पर इजरायली हमलों के कारण अन्य शवों के साथ मिल गया था, जहां वह था।' अल-क़स्साम ने गुरुवार को चार इजरायली बंधकों के अवशेषों को संभवत: शिरी बिबास, उनके दो बेटे एरियल और केफिर, साथ ही सेवानिवृत्त पत्रकार ओडेड लिफ़्शिट्ज़ को आईसीआरसी के माध्यम से वापस इज़रायल भेज दिया। चारों बंधकों का सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इज़रायल पर हमास के हमले के दौरान गाजा में अपहरण कर लिया गया था। हालांकि बाद में गुरुवार को चार शवों पर फोरेंसिक विश्लेषण करने के बाद इज़रायली अधिकारियों ने घोषणा की कि शुरू में माना जा रहा शव शिरी बिबास का था जो उसके डीएनए से मेल नहीं खाता। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को धमकी दी कि इज़रायल शिरी के शव को सौंपने में विफलता के लिए हमास से बदला लेगा। उन्होंने कहा कि 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और बुरे उल्लंघन की पूरी कीमत चुकाए।

### औन ने सेना के लिए अमेरिकी समर्थन का आग्रह किया

**बेरूत।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने शुक्रवार को अमेरिका से सेना को उपकरण और संसाधनों के साथ समर्थन जारी रखने का आह्वान किया ताकि वह अपने राष्ट्रीय सुरक्षा कर्तव्यों को पूरा करने में मदद कर सके खासकर दक्षिणी लेबनान में। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार औन ने बेरूत में कांग्रेसी डेरेल इस्सा के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान वाशिंगटन से दक्षिणी लेबनान में अपने कब्जे वाले पांच शेष बिंदुओं से इजरायल की वापसी को पूरा करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि इस्सा ने औन को उनके चुनाव पर बधाई दी और विभिन्न क्षेत्रों में लेबनान का समर्थन करने के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि वह लेबनान की इजरायल की पूरी तरह वापसी की मांग को पूरा करने के लिए अमेरिकी प्रशासन और कांग्रेस के साथ काम करेंगे। बैठक के बाद इस्सा ने संवाददाताओं को बताया कि बातचीत में लेबनान के सामने आने वाली दीर्घकालिक और अल्पकालिक चुनौतियों पर चर्चा की गई जिसमें शासन को मजबूत करना, आर्थिक सुधार को बढ़ावा देना और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 को लागू करना शामिल है। इस्सा ने दक्षिणी लेबनान में पांच स्थानों पर इज़रायल की निरंतर उपस्थिति के बारे में स्वीकार किया कि हालांकि महत्वपूर्ण प्रगति हुई है लेकिन आगे और कदम उठाने की आवश्यकता है।

### नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए चंद्र मिशन शुरू करेगी इंट्यूटिव मशीन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी कंपनी इंट्यूटिव मशीन इस महीने के अंत में नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए अपना दूसरा चंद्र मिशन शुरू करेगी। नासा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मिशन का कोडनेम आईएम-2 है। यह बुधवार 26 फरवरी को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार प्रक्षेपण के बाद इंट्यूटिव मशीन का चंद्र लैंडर, एथेना, गुरुवार 06 मार्च से पहले चंद्रमा की सतह पर उतरने से पहले लगभग एक सप्ताह चंद्रमा पर पारगमन में बिताएगा।

### स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में किया प्रक्षेपित

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया। स्पेसएक्स के अनुसार उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से पूर्वी समय सुबह करीब 10:19 बजे पर फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह फाल्कन 9 रॉकेट का 450वां मिशन है। स्पेसएक्स ने बताया कि प्रक्षेपित 23 स्टारलिंक उपग्रहों में से 13 डायरेक्ट टू कॉल क्षमता वाले हैं।



### शांति वार्ता में जेलेंस्की की उपस्थिति महत्वपूर्ण नहीं: ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रम्प ने शांति वार्ता में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमिर ज़ेलेंस्की की उपस्थिति को महत्वपूर्ण नहीं बताया है। उनका यह बयान उस समय आया जब यूक्रेन और रूस के बीच जारी संघर्ष के समाधान को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बातचीत हो रही है। फ़ॉक्स न्यूज़ रेडियो के ब्रायन किलमीड शो में शुक्रवार को दिए गए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने युद्ध से निपटने के ज़ेलेंस्की के तरीके की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं ज़ेलेंस्की को कई सालों से देख रहा हूं, कैसे उनके शहर तबाह हो रहे हैं, कैसे उनके लोग और सैनिक मारे जा रहे हैं। ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की पर बातचीत में कमज़ोर होने का आरोप लगाया और कहा कि उनके पास कोई कार्ड नहीं है। पिछले तीन सालों में ज़ेलेंस्की की बातचीत में भागीदारी से कोई ठोस परिणाम नहीं मिले हैं। ट्रम्प ने कहा कि वह तीन साल से बैठकों में शामिल हैं, और कुछ भी नहीं हुआ। यूक्रेन में तबाही को स्वीकार करते हुए, ट्रम्प ने तर्क दिया कि शांति वार्ता में ज़ेलेंस्की की भागीदारी ने सौदे तक पहुंचना और भी मुश्किल बना दिया है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को हटाया

## अश्वेत आंदोलन को सपोर्ट किया था, जो 2020 में ट्रम्प के चुनाव हारने की बड़ी वजह बना

वॉशिंगटन, वार्ता


**डोनाल्ड** ट्रम्प ने शुक्रवार रात देश के सबसे बड़े मिलिट्री अफसर को अचानक हटा दिया। इस अफसर का नाम चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर है, जो सेना के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के चेयरमैन थे। जेसीएस अमेरिका के रक्षा विभाग के सबसे सीनियर मिलिट्री लीडर्स का ग्रुप है। यह ग्रुप राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, होमलैंड सिक्योरिटी काउंसिल और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल को सैन्य मामलों पर सलाह देता है। सी क्यू ब्राउन ने 2020 में ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन का सार्वजनिक तौर पर समर्थन किया था। यह आंदोलन अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद शुरू हुआ था। तब सी क्यू एयरफोर्स के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उस वक्त ट्रम्प राष्ट्रपति के पद पर थे। ट्रम्प के 2020 चुनाव में हुई हार के पीछे इस आंदोलन की बड़ी भूमिका मानी जाती है। वायु सेना सचिव बारबरा बैरेट ने 6 अगस्त 2023 को जनरल सी क्यू ब्राउन को पद की शपथ दिलाई थी। वे वायु सेना के 22वें चीफ ऑफ स्टाफ बने थे। ट्रम्प ने ब्राउन की जगह रिटायर्ड वायु सेना जनरल डैन केन को जेसीएस चेयरमैन पद की जिम्मेदारी सौंपी। ट्रम्प और डैन केन की मुलाकात 2018 में इराक में हुई थी। तब केन ने कहा था कि वे ट्रम्प के लिए जान भी दे सकते हैं। ट्रम्प ने बाइडन सरकार पर आरोप लगाया-डैन केन का प्रमोशन नहीं किया गया, क्योंकि वे मेरे करीबी थी। वे 4 स्टार अफसर बनने के काबिल थे। चार्ल्स सी क्यू ब्राउन जूनियर के अलावा रक्षा विभाग के 5 और अफसरों को निकाला गया है। इनमें पहली बार नौसेना की जिम्मेदारी संभालने वाली महिला अफसर एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी, एयर फोर्स के डिप्टी चीफ जेम्स स्लाइफ के अलावा आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के 3 टॉप वकील शामिल हैं। फिलहाल इनके नामों का खुलासा नहीं हुआ है। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद जेसीएस के चेयरमैन को बदलने का चलन नहीं है। वह चार का कार्यकाल पूरा करता है और दोनों प्रशासन के बीच पुल का काम करता है, लेकिन सी क्यू ब्राउन सिर्फ 16 महीने ही पद पर रह पाए। उन्हें 1 अक्टूबर 2023 को यह पद सौंपा गया था। सी क्यू ब्राउन अमेरिकी सैन्य इतिहास में दूसरे ब्लैक अफसर थे जो इस पद तक पहुंचे थे। वे 4 स्टार फाइटर पायलट हैं। अमे. रिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पद संभालने से पहले नवम्बर में सी क्यू ब्राउन को हटाने का संकेत दिया था।



### अमेरिका यूक्रेन के साथ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के दौरान अमेरिकी सहायता के बदले समझौते के तहत यूक्रेन को अपने दुर्लभ खनिजों का 50 प्रतिशत सौंपना होगा। वीडियो संबोधन में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेनी और अमेरिकी टीमें हमारी सरकारों के बीच एक मसौदा समझौते पर काम कर रही हैं। यह समझौता हमारे संबंधों में मूल्य जोड़ सकता है-सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि विवरण सही तरीके से प्राप्त किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह वास्तव में काम करता है। यूक्रेनी शीर्ष नेता ने कहा कि मैं उचित परिणामों की उम्मीद करता हूं।

# संकट में पड़ी शरीफ की कुर्सी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सियासत में हलचल तेज हो गई है। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अपने विरोधी गठबंधन को मजबूत करने में जुटी है। इस बीच, जेयूआई-एफ के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान के विपक्षी गठबंधन में शामिल होने की अटकलों ने नवाज शरीफ की सरकार के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। विपक्षी दल अब नए राजनीतिक समीकरण बना रहे हैं, जिससे इमरान खान को बड़ा फायदा मिल सकता है। पीटीआई ने मौलाना फजलुर रहमान को विपक्षी गठबंधन में शामिल करने के लिए बातचीत तेज कर दी है। हाल ही में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने फजलुर रहमान से मुलाकात की थी। इसके बाद से अटकलें तेज हो गई हैं कि जेयूआई-एफ भी गठबंधन में शामिल हो सकती है।

अगर मौलाना फजलुर रहमान विपक्षी गठबंधन में शामिल होते हैं, तो नवाज शरीफ सरकार की स्थिति और कमजोर हो सकती है। सरकार के खिलाफ बढ़ती नाराजगी और विपक्ष की एकजुटता से शरीफ की कुर्सी संकट में आ सकती है। पीटीआई और तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-आइन पाकिस्तान (टीटीएपी) अब सिंध में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बैठकें कर रहे हैं। मीडिया में यह खबरें आई थीं कि फजलुर रहमान ने गठबंधन में शामिल होने के लिए तीन शर्तें रखी हैं, लेकिन टीटीएपी के प्रवक्ता अखुंजादा हुसैन यूसुफजई ने इन खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मौलाना ने कोई शर्त नहीं रखी है, बल्कि सरकार के खिलाफ लड़ाई में विपक्ष का साथ देने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान सेना और सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि विपक्षी गठबंधन बनने से सबसे बड़ा फायदा इमरान खान को होगा। जेल में रहते हुए भी उनकी पार्टी की पकड़ मजबूत होती जा रही है। अगर जेयूआई-एफ विपक्ष में शामिल होती है, तो इमरान खान को और मजबूती मिलेगी। टीटीएपी के नेता महमूद अचकजई और शाहिद खाकान अब्बासी ने ऐलान किया है कि 26-27 फरवरी को एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया जाएगा।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान को पाकिस्तान सेना ने दे दी संजीवनी

# रूबी ढल्ला कनाडा पीएम की रेस से बाहर



**टोरंटो।** भारतीय मूल की रूबी ढल्ला कनाडा में प्रधानमंत्री पद की रेस से बाहर हो गई हैं। लिबरल पार्टी ने शुक्रवार को उन्हें इस पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इसी के साथ उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना खत्म हो गई है। पार्टी की वोटिंग कमेटी की जांच में सामने आया कि रूबी ढल्ला ने चुनाव में खर्च समेत कुल 10 नियमों का उल्लंघन किया है।

यह जानकारी लिबरल पार्टी के नेशनल डायरेक्टर आजम इस्माइल ने दी है। इस्मालइ के मुताबिक ढल्ला ने जरूरी चुनावी वित्तीय जानकारी का खुलासा नहीं किया था। साथ ही आरोप है कि उन्होंने जो वित्तीय जानकारी दी, वो भी गलत थी। रूबी ढल्ला ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा और मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी उनके लिए लगातार बढ़ते सपोर्ट से घबरा गई है। रूबी ने कहा कि मुझे रेस से हटाने के लिए हथकंडों का इस्तेमाल किया गया। ये इस बात की पुष्टि करते हैं कि लोगों तक हमारा मैसेज पहुंच रहा था। हम जीत रहे थे और एस्टेब्लिशमेंट को हमसे खतरा महसूस हो रहा था। ढल्ला ने वकालत की प्रैक्टिस जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि मैं कनाडाई लोगों के लिए खड़ी रहूंगी और कनाडा के लिए लड़ूंगी। मुझे अभी-अभी लिबरल पार्टी ने जानकारी दी है कि मुझे लीडरशिप की दौड़ से अयोग्य घोषित कर दिया गया है।

**चुनावी खर्च में गड़बड़ी पर अयोग्य करार, बोलीं: मेरा सपोर्ट बढ़ता देख पार्टी घबराई**

# आदर जैन-अलेखा शादी के बंधन में बंधे

### आलिया के साथ दिखे रणबीर, सैफ अली खान भी आए नजर, शाहरुख की पत्नी-बेटी ने भी की शिरकत

**मुंबई।** करीना-करिश्मा के कजिन और एक्टर आदर जैन ने अलेखा से शादी की। यह शादी उन्होंने हिंदू रीति-रिवाज से की। शादी में कपूर खानदान के अलावा बॉलीवुड जगत की बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। इससे पहले आदर और अलेखा ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज से गोवा में शादी की थी।

यह एक प्राइवेट सेरेमनी थी, जिसमें परिवार के लोग और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अलेखा से पहले आदर एक्ट्रेस तारा सुतारिया के साथ रिश्ते में थे। तारा से ब्रेकअप के बाद आदर जैन को अलेखा आडवाणी के साथ पहली बार करीना की दिवाली पार्टी में देखा गया था। दोनों ने पैपराजी को पोज भी दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही आदर ने एक पोस्ट के जरिए अलेखा के साथ अपने रिलेशनशिप पर मुहर लगा दी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अलेखा का हाथ थामे हुए एक तस्वीर शेयर की थी। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा था- मेरी जिंदगी की रोशनी। आदर रीमा जैन और मनोज जैन के बेटे हैं। रीमा जैन दिवंगत राज कपूर की बेटी हैं। कपूर खानदान से ताल्लुक रखने के नाते आदर का रुझान भी हमेशा फिल्मों की तरफ रहा और एक्टिंग की ही करियर ऑप्शन के तौर पर चुना। आदर ने 2017 में फिल्म कैदी बैंड के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद वो फिल्म मोगुल और हैलो चार्ली में दिखे। हालांकि आदर की तीनों फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया।

# शाहरुख खान को एलन ग्रुप ने बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर



### रियल एस्टेट की प्रमुख कंपनी है एलन

**कोलकाता।** रियल एस्टेट की प्रमुख एलन ग्रुप ने शनिवार को फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को भारतीय लक्जरी रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

शाहरुख ने कहा कि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि महानता उन्हीं को मिलती है जो सीमाओं को पार करने का साहस करते हैं। एलन ग्रुप उस निडर भावना का प्रतीक है और मुझे इस एसोसिएशन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। कंपनी के निदेशक आकाश कपूर ने कहा कि मैं एलन परिवार में शाहरुख खान का स्वागत करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। एलन ग्रुप में, हम सिर्फ परियोजनाएं नहीं बनाते हैं-हम आइकन बनाते हैं।

शाहरुख खान सिर्फ एक सुपरस्टार से कहीं अधिक हैं। उनकी जीवन से भी बड़ी उपस्थिति, प्रभाव और पूर्णता की निरंतर खोज एलन के दर्शन व एलन ब्रांड से मेल खाती है।

# मेरे हसबैंड की बीवी की बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत

### ओपनिंग डे पर सिर्फ 1.5 करोड़ कमाए साल की सबसे खराब दूसरी ओपनर बनी

**मुंबई।** अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह-स्टारर फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी रिलीज हो चुकी है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में सिर्फ 1.5 करोड़ रुपए की कमाई की।



इसके बाद यह फिल्म साल की अब तक दूसरी सबसे खराब ओपनिंग वाली पिफल्म बन गई। इससे पहले पिफल्म आजाद 17 जनवरी को रिलीज हुई थी, जिसने पहले दिन केवल 1.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। अर्जुन कपूर की पिछली चार फिल्मों का कलेक्शन देखें तो साफ है कि सिंघम अगेन के अलावा बाकी सभी फिल्मों ने कोई खास कलेक्शन नहीं किया। 2021 में आई फिल्म भूत पुलिस में अर्जुन नजर आए थे। लेकिन इस फिल्म ने सिर्फ 21.67 करोड़ की कमाए। जबकि फिल्म सिंघम अगेन ने इंडियन बॉक्स आफिस पर 247.85 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था।

**अर्जुन की 4 फिल्मों के कलेक्शन पर नजर-**

| | |
|---|---|
| भूत पुलिस | 21.67 करोड़ |
| एक विलेन रिटर्न्स | 68.64 करोड़ |
| कुत्ते | 5.91 करोड़ |
| सिंघम अगेन | 247.85 करोड़। |

फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी 21 फरवरी को रिलीज हुई थी। फिल्म के ट्रेलर में अर्जुन, भूमि और रकुल की कामेडी दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अर्जुन और भूमि दूसरी बार स्क्रीन पर साथ दिखेंगे। इससे पहले दोनों ने साल 2023 में फिल्म द लेडी किलर में काम किया।

यह एक क्राइम थ्रिलर मूवी थी। डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी एक रोमांटिक-कामेडी फिल्म है, जिसमें शादी, प्यार और एक्स-पार्टनर के इर्द-गिर्द घूमती एक दिलचस्प कहानी दिखाने की कोशिश की गई है। इस फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर, रकुलप्रीत सिंह और हर्ष गुजराल की अहम भूमिका है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 30 मिनट है। फिल्क को रेटिंग भी कुछ खास नहीं मिल पा रही है। अब देखना है कि क्या फिल्म आगे कुछ कर पाती है!

# नरगिस ने बॉयफ्रेंड को बनाया जीवनसाथी



**मुंबई।** एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने अपने लान्गटाइम बायफ्रेंड टोनी बेग से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने हाल ही में लास एंजिल्स में गुपचुप तरीके से शादी की। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अब यह कपल स्विट्जरलैंड में अपना हनीमून मना रहा है। हालांकि, नरगिस ने अभी तक इस मामले में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। रेडिट पर नरगिस फाखरी और टोनी बेग की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। इसमें उनका वेडिंग केक दिखाई दे रहा है, जिस पर हैप्पी मैरिज लिखा हुआ है। साथ ही दोनों के साइन भी किए गए हैं। टोनी बेग कश्मीर के रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। दोनों की पहली मुलाकात एक पार्टी के दौरान हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नरगिस और टोनी 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। नरगिस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्विट्जरलैंड की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस टोनी की स्टोरीज भी री-शेयर कर रही हैं। इस वजह से सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि दोनों ने वास्तव में शादी कर ली है और अब वे हनीमून मना रहे हैं। उदय चोपड़ा ने साल 2013 में नरगिस फाखरी को डेट करना शुरू किया था। एक-दूसरे को पांच साल तक डेट करने के बाद, दोनों ने 2017 में ब्रेकअप कर लिया था। हालांकि, एक इंटरव्यू में उदय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए नरगिस ने कहा था, उदय और मैंने 5 साल तक डेट किया और वह भारत में मुझे मिले सबसे खूबसूरत इंसान थे। मैंने मीडिया के सामने यह कभी नहीं कहा क्योंकि लोगों ने मुझे अपने रिश्ते को छिपाकर रखने के लिए कहा था, लेकिन मुझे इसका अफसोस है। मॉडलिंग की दुनिया में अपनी जगह बनाने के बाद नरगिस ने 2011 में फिल्म राकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# कृति-कबीर की शादी निकली अफवाह

### बिजी वर्क शैड्यूल के चलते 2025 में शादी करने का कोई इरादा नहीं

**मुंबई।** कृति सेनन काफी दिनों से अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह है कि एक्ट्रेस बिजनेसमैन कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों के जल्द ही शादी करने की अफवाह भी सामने आई थी। हालांकि शादी की अफवाह झूठी साबित हुई हैं। कृति और कबीर साल 2025 में शादी नहीं करेंगे। इसकी वजह एक्ट्रेस का बिजी वर्क शेड्यूल बताया जा रहा है। एक्ट्रेस 15 फरवरी को बायफ्रेंड के साथ नई दिल्ली एयरपोर्ट पर नजर आई थीं। जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि वो कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थी। कृति के दिल्ली जाने की असल वजह सामने आई है। एक्ट्रेस अपनी अपकमिंग फिल्म तेरे इश्क में की शूटिंग शुरू करने के लिए दिल्ली गई थीं। 15 फरवरी को दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर साथ दिखे, जिसके बाद दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर



काफी वायरल हुआ। एक्ट्रेस के रूमर्ड बायफ्रेंड कबीर दिल्ली के रहने वाले हैं। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगाने लगे थे कि कृति, कबीर के पेरेंट्स से मिलने के लिए दिल्ली पहुंची थीं। कृति व बिजनेसमैन कबीर अक्सर साथ नजर आते हैं। दोनों ने न्यू ईयर और क्रिसमस भी साथ में सेलिब्रेट किया था। दोनों को राहत फतेह अली खान के कान्सर्ट में साथ देखा गया था।

# महाकुंभ से चर्चाओं में आई मोनालिसा ने मां को दिया तोहफा

**नई दिल्ली।** हाथों में रूद्राक्ष, गले में माला और सोशल मीडिया में महाकुंभ से अपनी पहचान बनाने वाली बंजारण मोनालिसा आज सुर्खियां बंटोर रही हैं। मोनालिसा ने मां को उपहार में सोने की चैन दी है। कहा जा रहा है कि जिस समुदाय से मोनालिसा आती हैं उस पर भगवान शिव की अपार कृपा है। महाकुंभ वाली मोनालिसा रातों रात इंटरनेट सेंसेशन बन गईं। एक तस्वीर और वीडियो का उनकी जिंदगी पर ऐसा असर पड़ा कि कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था। एक तरफ तो उन्हें कुंभ में लोग इतना परेशान करने लगे थे कि उन्हें छिप कर वहां से लौटना पड़ा। दूसरी तरफ फिल्म मेकर सनोज मिश्रा उन्हें ढूंढते हुए उनके घर पहुंचे और एक फिल्म ऑफर की। इस फिल्म मेकर की खासियत यह है कि इन्होंने ना केवल मोनालिसा को फिल्म ऑफर की बल्कि साथ ही साथ उनकी ग्रूमिंग पर भी काम कर रहे हैं।

**मोनालिसा और मां का वीडियो हुआ वायरल**

मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर कुछ समय पहले एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में मोनालिसा अपनी मां के साथ बैठी नजर आ रही हैं। मोनालिसा के हाथ में एक चेन नजर आती है। वो कहती हैं देखिए आज मुझसे मेरी मां मिलने आई है। मैं उनके लिए एक तोहफा लाई हूं। इसके



बाद मोनालिसा मां को चेन पहनाती हैं और कहती हैं मेरी मां ही मेरे लिए सबकुछ हैं। दोनों की सिम्पलिसिटी की बात करें तो मोनालिसा भी सिंपल टीशर्ट पजामें में दिखीं और उनकी मां ने भी


### एक फिल्म निर्माता ने स्वयं उनके घर जाकर उनको फिल्म की ऑफर

एक सादी सी साड़ी पहनी थी।

**सोशल मीडिया यूजर्स के आए ऐसे रिएक्शन**

एक फैन ने मोनालिसा की तारीफ करते हुए क्लैप आइकन पोस्ट किए। एक ने लिखा, वाह मोना क्या बात कही मेरा हर कुछ गिफ्ट यही है। एक ने लिखा, सही कहा मोना, हमेशा खुश रहो। एक ने लिखा, आपकी जिंदगी बदली है लेकिन इसे ऐसे संभाले रखना। एक बोला, वाह बेटा क्या

# तमन्ना की फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज



**प्रयागराज।** जानी-मानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की आने वाली फिल्म ओडेला 2 का टीजर रिलीज हो गया है। तमन्ना भाटिया ने 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और अब वह एक बार फिर बड़े पर्दे पर प्रशंसकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। वह अपनी अगली बड़ी फिल्म ओडेला 2 की रिलीज के लिए तैयार हैं। तमन्ना द्वारा इस प्रोजेक्ट की घोषणा किए जाने के बाद से ही प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अपनी उत्सुकता साझा कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में फिल्म का पोस्टर जारी किया, जिसमें उनका आकर्षक नागा साधु अवतार दिखाया गया और खुला. सा किया गया कि टीजर 22 फरवरी को महाकुंभ में लॉन्च किया जाएगा।

तमन्ना ओडेला 2 का भव्य टीजर जारी करने के लिए महाकुंभ मेले में पहुंचीं। ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा ने किया है और इसका निर्माण संपत नंदी टीमवर्क्स ने किया है। तमन्ना ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से फिल्म का टीजर रिलीज किया है। टीजर में तमन्ना रौद्र रूप दिखाती नजर आई हैं। तमन्ना भाटिया ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर ओडेला 2 के टीजर जारी होने की सूचना दी है। उन्होंने लिखा है, जब शैतान वापस आता है, तो दैवीय शक्ति अपनी भूमि और अपनी विरासत की रक्षा के लिए आगे आती है। फिल्म जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, रिलीज डेट का जिक्र नहीं किया गया है। फिल्म ओडेला 2, वर्ष 2021 की हिट ओडेला रेलवे स्टेशन की बहुप्रतीक्षित अगली कड़ी है। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया ने नागा साधु की भूमिका निभाई है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा० सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426